e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 120

सुविचार
आपके द्वारा प्राप्त किया गया ज्ञान, कभी व्यर्थ नहीं जाता है।

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
03.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### 2जी स्पेक्ट्रम मामले में केंद्र की याचिका स्वीकार करने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

**नई दिल्ली** : 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की केंद्र सरकार की मांग को झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण की आड़ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा कराने की कोशिश करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में दिए अपने एक आदेश में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधन नीलामी के जरिए ही आवंटित किए जा सकते हैं। इसी फैसले में केंद्र ने संशोधन की मांग की थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में न्यूनतम एक तिहाई महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है. सुप्रीम कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में एक तिहाई महिला आरक्षण लागू करने का आदेश दिया है. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बीडी कौशिक के मामले में कोर्ट के पुराने फैसले को स्पष्ट करते हुए ये निर्देश दिए हैं. बेंच के निर्देश के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के ट्रेजरी यानी कोषाध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित रहेगा. इसके अलावा एसोसिएशन की कार्यसमिति के 9 में से 3 सदस्यों के पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे. इस आदेश का परिपालन पहली बार 16 मई को होने वाले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में होगा. इन चुनाव के नतीजे 18 मई (रविवार) को आएंगे.

### इसीएल अभिकर्ता को रिश्वत लेते सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**धनबाद** : सीबीआई की धनबाद टीम ने बुधवार की शाम इसीएल कुमारधुबी कोलियरी की भाग्य लखी खदान के समीप से सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद टीम उन्हें धनबाद लेकर चली गई। इधर, उनके घर पर भी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। आसपास किसी को भी वहां फटकने नहीं दिया जा रहा है। टीम आरपी पांडेय को लेकर धनबाद गई है, वे हाफ पैंट एवं टी शर्ट में ही थे।सीबीआई की टीम तीन वाहनों से यहां पहुंची थी।

### पिपरवार में भीषण सड़क दुर्घटना, एक ही परिवार के 4 लोगो की मौत

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के पीछे भेलवाटांड़ चौक के समीप भीषण सड़क दुर्घटना मे एक ही परिवार के चार लोगो की दर्दनाक मौत हो गई।मृतको मे एक महिला, एक पुरुष और दो बच्चे शामिल है,जबकि एक बच्चा बुरी तरह से घायल है।मृतको की पहचान 31 वर्षीय पंकज कुमार उसकी पत्नी 30 वर्षीय गुड़िया देवी,पुत्र 9 वर्षीय राजदीप और पुत्री 7 वर्षीय शालिनी के रूप मे की गई है।जबकि इस हादसे मे मृतक का एक पुत्र 11 वर्षीय दीपराज बुरी तरह से घायल है।मृतक पंकज कुमार पिता नरेन्द्र साव मूलरूप से चतरा जिला के प्रतापपूर थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव का निवासी था और वर्तमान मे पिपरवार मे होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत था।

### ओडिशा के मयूरभंज से शिबू सोरेन की बेटी अंजनी लड़ेंगी चुनाव

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने ओडिशा के मयूरभंज से पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन की बेटी और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बहन अंजनी सोरेन को टिकट दिया है.ओडिशा का मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति रिजर्व सीट है. मयूरभंज की सीमा, झारखंड राज्य के सिंहभूम जिले से मिलती है. मयूरभंज लोकसभा सीट की सात विधानसभा सीटों में से छह विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व है. इस बार ओडिशा में जेएमएम के साथ गठबंधन के चलते कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार मयूरभंज से नहीं उतारा है.

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्युनतम | 26° |

**धनबाद** : लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसाया गया : चंपाई सोरेन

## भ्रष्टाचार करने वाले लोग भाजपा में शामिल होते ही वाशिंग मशीन से धुल जाते हैं : सीएम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन बुधवार को धनबाद से कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित किया। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग भाजपा में शामिल होते ही वाशिंग मशीन से धुल जाते हैं। जो उनके साथ नहीं जाता है उन पर झूठा मुकदमा दर्ज करने का काम करते हैं। ईडी, सीबीआई के मामले में फंसा कर जेल भेजने का काम करते है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1 मई मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन सभी मजदूरों को श्रध्दांजलि, जिन्होंने अपना बलिदान दिया। चंपई सोरेन ने आगे कहा कि दस साल से भाजपा की सरकार जनता से केवल झूठ बोलने का काम कर रही है। कमर तोड़ मंहगाई हो या पीएम आवास, केंद्र ने झारखंड के साथ भेदभाव किया। इसके कारण आठ लाख पीएम आवास का पैसा नहीं मिला।

### मजदूर व किसानों का आवाज बनेगी अनुपमा सिंह

उन्होंने कहा कि कोयलांचल आंदोलन की भूमि है। यहां स्व राजेंद्र सिंह ने मजदूरों के लिए कई आंदोलन किया। जिसका नतीजा है कि मजदूरों को उनका हक और सम्मान मिला। उसी हक और सम्मान के लिए कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार अनुपमा सिंह मजदूर, किसान, असंगठित मजदूरों के साथ साथ आम लोगों की आवाज बनेगी।

### 14 लोकसभा जीतने का काम इंडीया गठबंधन करेगी

### अनूप सिंह ने कहा की भाजपा ने वैसे प्रत्याशी देने का काम किया है जिससे धनबाद की जनता भयभीत है। उन पर 50 से अधिक संगीन मामले है।

### विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा की साफ छवि और मजदूरों के लिए हमेशा लड़ने वाले परिवार से अनुपमा सिंह को टिकट मिला है।

### झारखंड में 14 लोकसभा सीट जीतने का काम इंडीया गठबंधन करेगी : आलमगीर

झारखंड सरकार के मंत्री आलमगिर आलम ने कहा की लोकसभा के दो चरण के हुए मतदान के रूझान में यह साबित हो गया कि भाजपा काफी पीछे चली गई है। झारखंड में 14 लोकसभा जीतने का काम इंडीया गठबंधन करेगी। वहीं बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा की भाजपा ने वैसे प्रत्याशी देने का काम किया है जिससे धनबाद की जनता भयभीत है। उन पर 50 से अधिक संगीन मामले है। अनुपमा सिंह धनबाद में सेवा के लिए आई है और सेवा करेगी। जबकि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा की साफ छवि और मजदूरों के लिए हमेशा लड़ने वाले परिवार से अनुपमा सिंह को टिकट मिला है। धनबाद की जनता को इन पर विश्वास करना चाहिए। स्व राजेंद्र सिंह भी मजदूरों के बड़े नेता थे।अनुपमा धनबाद लोकसभा से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी।



### भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन में शामिल हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कहा

## देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को पीएम चुन लिया है

**रांची** : रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ ने नामांकन कर दिया। उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और जदयू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो मौजूद रहे। इसके आलावा आदित्य साहू, दीपक प्रकाश, निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय सहित भाजपा और आजसू कार्यकर्तागण ढोल मांदर के साथ मोरहाबादी मैदान से समाहरणालय पहुंचे।नामांकन दाखिल करने से पहले मोरहाबादी मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया। जन सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इंडिया गठबंधन जो बनाई गई है, दरअसल यह गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए नहीं बल्कि ये सभी अपने अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए बनाया है। जबकि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुन लिया है। सिर्फ औपचारिकता पूरी करने के लिए मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आप सबको जोहार करता हूं। निर्वतमान और भावी सांसद संजय सेठ के लिए आप यहां मौजूद हैं। मुझे नहीं लग रहा कि यह चुनावी सभा है। ऐसा लग रहा है जैसे महामेला लगा है। आप भावी सांसद के समर्थन के लिए पहुंचे हुए हैं। हजारों लोगों का आना जारी है। आपका जो उत्साह है वो 25 मई तक बरकरार रहना चाहिए। मैं आपकी इस उपस्थिति को अभिनंदन करता हूं। मैं धरती आबा की इस पावन भूमि को नमन करता हूं। आपसे इस लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ के लिए समर्थन मांगने आया हूं। आपकी इस ऊर्जा को देखकर पिछले दो घंटे की उपस्थिति में मैंने भरोसा कर लिया कि भावी सांसद को पिछले चुनाव में जो वोट मिला उससे अधिक वोट मिलेंगे।उन्होंने कहा कि झारखंड वन संपदा, खनीज संपदा, आदिवासी स्वाभिमान के लिए इसकी प्रसिद्धी रही है। यहां से अंग्रेजों के खिलाफ जिसने आवाज उठाई वह आदिवासी भाई ही थे। आजादी के बाद जिसने 70 साल शासन चलाया उसने आदिवासी पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन भाजपा और मोदी हैं जो हर वर्ग के लिए सोचते हैं।उत्तराखंड और झारखंड दोनों एक साथ बने। लेकिन इन दोनों राज्यों के दुर्गम क्षेत्रों में विकास नहीं पहुंचा था। लेकिन भाजपा ने हर उस जगह विकास पहुंचाया जहां संभव नहीं था। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा इस बार 13 फूल एक फल खिलेगा। सभी 14 सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगी।



### पूर्व पीएम के पोते की गिरफ्तारी के लिए जारी हुआ लुकआउट सर्कुलर

**नई दिल्ली** : कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब उनकी गिरफ्तारी के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। इसकी जानकारी खुद गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को दी। प्रज्वल ने मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश होने के लिए सात दिन का समय मांगा है। इस पर परमेश्वर ने कहा कि 24 घंटे से ज्यादा समय देने का कोई प्रावधान नहीं है। गृह मंत्री ने कहा, जैसे ही यह पता चला कि प्रज्वल रेवन्ना विदेश गए हैं, लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। हमने सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को लुकआउट नोटिस के बारे में सूचित कर दिया है।बता दें कि 33 वर्ष के प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। उनके खिलाफ कई महिलाओं के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं और कई इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हो गए हैं। राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया है। प्रज्वल कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जैसे ही सांसद से जुड़े वीडियो सामने आने लगे, वह वोटिंग खत्म होने के बाद वह देश छोड़कर भाग गए।

## राज्य में 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त : के. रवि कुमार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो।

उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सुगम पठन-पाठन के लिए भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूल बैग, कंप्यूटर लैब की स्थापना, टैब की खरीदारी और उसके वितरण के लिए टेंडर कर खरीदारी करने में कोई बाधा नहीं है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे.मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। वहीं लोकसभा चुनाव फेज 5 के लिए अब तक कुल 42 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनमें चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 20, कोडरमा से 11 और हजारीबाग से 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। लोकसभा चुनाव फेज 6 के लिए अब तक कुल 26 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उनमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 5, धनबाद से 8, रांची से 6 और जमशेदपुर से 7 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

# रायबरेली : कांग्रेस के गढ़ में दिनेश प्रताप सिंह भरेंगे हुंकार



एजेंसी

**लखनऊ** : रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन की तारीख खत्म होने के एक दिन पूर्व भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। 2019 के चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के खिलाफ इसी सीट से ताल ठोंक चुके हैं। इस बार ऐसा माना जा रहा था कि प्रियंका गांधी के लड़ने की दशा में भाजपा कोई बड़ा चेहरा उतार सकती है। भाजपा ने यूपी की दो सीटों कैसरगंज और रायबरेली को छोड़कर सभी सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए थे। टिकट में हो रही देरी के पीछे यह बात मानी जा रही थी कि पार्टी कांग्रेस के टिकट का इंतजार कर रही है।

### 2019 में सोनिया गांधी को दी थी कड़ी टक्कर

प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को दूसरी बार भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा है। इससे पूर्व 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दिनेश प्रताप सिंह को ही भाजपा ने टिकट दिया था। 2019 लोकसभा का चुनाव भले ही दिनेश जीत न पाएं हों, लेकिन उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। इससे सोनिया गांधी की जीत का अंतर कम हो गया था।रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव जीतने के लिए भाजपा इस बार शुरुआती दौर से ही जोर आजमाइश कर रही है। काफी समय से टिकट घोषणा को लेकर असमंजस की स्थिति चल रही थी। कभी वरुण गांधी तो कभी पूर्व मंत्री मनोज कुमार पांडेय समेत अन्य दावेदारों के चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थी। इन अटकलों पर बृहस्पतिवार को पूर्ण विराम लग गया।

### कैसरगंज सीट से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कटा, भाजपा ने उनके बेटे करण पर जताया भरोसा



यूपी की चर्चित लोकसभा सीट कैसरगंज पर भाजपा के उम्मीदवार को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। इस सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह चुनाव नहीं लड़ेंगे। भाजपा ने उनके छोटे बेटे करण भूषण को टिकट दिया है। ऐसे में करण भूषण सिंह पहली बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर किस्मत अजमाएंगे। करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवानों के यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों में घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के मामले की दिल्ली के एक कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ऐसे में पिछले कई दिनों से कैसरगंज सीट पर भाजपा की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी थी।

## बच्चों की मृत्यु दर का आंकड़ा शून्य पर लाने का प्रयास झारखंड सरकार को करना होगा : हाई कोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को राज्य में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने पर सुनवाई हुई। कोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि शपथ पत्र तैयार है लेकिन दायर नहीं किया जा सका है। सरकार ने मौखिक रूप से झारखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का आंकड़ा प्रस्तुत किया। साथ ही कोर्ट को अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य




केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा उपलब्धता शून्य बताई। सुनवाई के दौरान कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया कि देश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की तुलना में झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर करीब दो प्रतिशत कम है। इस पर कोर्ट ने कहा कि झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर में देश की तुलना में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। झारखंड सरकार को बच्चों की मृत्यु दर का यह आंकड़ा शून्य पर लाने का प्रयास करना होगा। सरकार के आंकड़ों पर असंतुष्टि जताते हुए कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में राज्य सरकार का अगर सटीक शपथ पत्र नहीं आता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में हाजिर होना होगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 6 मई को राज्य सरकार को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में कितने विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, इसकी भी जानकारी दें।

# मई में आसमान से बरसेगी आग

एजेंसी

**नई दिल्ली** : देश के कई इलाकों में तापमान तेजी बढ़ रहा है और ज्यादातर हिस्सा भयानक गर्मी के दौर गुजर रहा है. ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, दिल्ली में तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है. वहीं, देश में 16 राज्य ऐसे हैं, जहां मई महीने के दौरान औसत से दो से चार दिन या 5 से 8 दिन से ज्यादा लू चलने की आशंका जताई गई है. इन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं.भारतीय मौसम विभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेनरॉय ने कहा कि हीट वेव का असर लोकसभा चुनाव पर जरुर पड़ेगा, जहां हीट वेव की आशंका है, वहां जब चुनाव होगा तो वहां पॉलीटिकल रैली और नुक्कड़ जनसभाएं होगी. ऐसी जगह पर जहां लोग ज्यादा जमा होते हैं. सुरक्षा बल पोलिंग बूथ पर तैनाती के लिए जाते हैं. ऐसे में हीट वेव का असर बहुत तीव्र हो सकता है. भारतीय मौसम विभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेनरॉय ने कहा,अभी उत्तर पूर्वी भारत में तेज हवाएं भी चल रही है.

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## 12 वीं कॉमर्स के छात्र सौरव कुमार बना जिला टॉपर

कॉमर्स के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उतीर्ण

इंटर साइंस में 95 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें 12 विद्यार्थी आईआईटी जेईई मेंस में हुए उतीर्ण

आर्ट्स में भी अधिकांश बच्चे प्रथम श्रेणी से हुए उतीर्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में स्थित मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज के तीनों संकाय साइंस,आर्ट्स व कॉमर्स के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें कॉमर्स के सौरव कुमार ने 454 (90.8त्न) अंक प्राप्त कर पलामू जिला टॉप किया। साथ ही कॉमर्स के सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए। वही साइंस में गुणवत्तापूर्ण परिणाम मिला। जिसमें 95प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए, जिसमें अंजली कुमारी 446 (89.2प्रतिशत), मनश्विनी सिंह भारद्वाज 443 (88.6 प्रतिशत), सूरजमनी कुमार 429 (85.6प्रतिशत), कृत्यानंद 425 (85प्रतिशत), अविनाश कुमार 422 (84.4प्रतिशत), अभिनव पांडे 418 (83.6त्न), सौम्या पांडे 415 (83प्रतिशत), सिद्धांत रंजन 414 (82.8प्रतिशत), कुमकुम पाल 413 (82.6प्रतिशत), मिलन नारायण 411 (82.2प्रतिशत) एवं अन्य शामिल हैं। सभी छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। साथ ही आर्ट्स में पूर्णिमा कुमारी 365 (73प्रतिशत), विकास कुमार तिवारी 362 (72.4प्रतिशत) अजीत कुमार भुइयाँ 357 (71.4त्न) अंक लाकर कॉलेज टॉपर रहे। इस शानदार सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर श्वेता कुमारी ने सभी छात्रों को बधाई दिया एवं प्रसन्नता जाहिर की, एवं सफल भविष्य की कामना की। सभी विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह में मेडल एवं सर्टिफिकेट पाकर बहुत खुश एवं उत्साहित थे।

**विद्यार्थियों के सपनों को हकीकत में बदलने का संकल्प जारी रहेगा : ई. विनय मेहता**

कॉलेज के सचिव आईआईटी गुरु इंजीनियर विनय कुमार मेहता ने विद्यार्थियों के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए अपने संकल्प को दोहराया साथ ही सभी को हार्दिक बधाई दिया एवं उज्जवल भविष्य का कामना किया। डेडिकेटेड के 20वीं सालगिरह के शुभ अवसर पर पलामू के दसवीं पास सभी विद्यार्थियों को सत्र 2024-26 इंटर साइंस, कॉमर्स,आर्ट्स में नामांकन शुल्क में 50त्न की छुट एवं प्रत्येक स्कूल के टॉपर को फ्री नामांकन की घोषणा की।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन के उप-प्राचार्य कुमारी पूनम चतुर्वेदी कॉलेज प्रशासनिक प्रबंधक रविशंकर दुबे, नंदकिशोर कुमार, जीवनंदन कुमार, वंदना कुमारी, मुकेश कुमार गुप्ता, पूजा अग्रवाल, उदय कुमार, एवं चंद्रमणि पांडे उपस्थित थे।

# दुकानदार को गोली मारने वाले दो युवक हथियार सहित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** पुलिस ने खौनी व्यवसाय की गोली मारकर घायल करने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया वही एक युवक को गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 अप्रैल को मध्य विद्यालय, खाटीन छतरपुर के मेन गेट के सामने संतोष प्रसाद ग्राम ख़ाटीन को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। जिसके संदर्भ संतोष साव का पुत्र विकास कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर छतरपुर थाना काण्ड संख्या-72 /2024, दिनांक-30/04/2024, धारा-324/326/307/34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट, 1959 दर्ज किया गया। काण्ड के त्वरित उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, छतरपुर नौशाद आलम के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। जिसके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर काण्ड में संलिप्त दो अपराधकर्मी आशुतोष कुमार सिंह उर्फ बूटा पिता परमदेव सिंह ग्राम कवल कुरकुटा वर्तमान पता भव फैक्ट्री छतरपुर एवं रौशन सिंह पिता बलराम सिंह न्यू एरिया माइक्रो थाना मॉडल सासाराम रोहतास को गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो देशी कट्टा, 03 जिंदा कारतूस, सैमसंग, ओप्पो, वीवो कंपनी का एक-एक स्मार्टफोन एवं नोकिया कंपनी का एक कीपैड फोन भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भी दिया गया।



# रघुवर राज में 12 बजे रात्रि में चलती थी बस आज दिनदहाड़े क्राइम : आनंद शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने गुरुवार को एक बैठक कर जिले में बढ़ते अपराधिक घटना, व्यवसाईयों की हत्या एवं बढ़ रहे गोली चालन कर व्यवसाईयों को भयभीत करते हुए पैसा भयदोहन करने की घटना की निंदा की है। श्री शंकर ने संतोष गुप्ता, छतरपुर पर गोली चालन के घटना की विशेष निंदा करते हुए कहा कि इन दिनों हरिहरगंज एवं छतरपुर में व्यवसाईयों पर हत्या और गोली चालन की घटना आम होते जा रही है। फिर भी प्रशासन मौन है। इस घटना का ना उद्भेदन कर पा रही है और न ही क्राइम को कंट्रोल। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही और क्रिमिनल पकड़े नहीं जाएंगे और अपराध नहीं रुका तो मैं 15 तारीख के बाद स्वयं एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर की टीम को लेकर हरिहरगंज एवं छतरपुर जाऊंगा और सभी व्यवसाईयों से मिलकर वहां के व्यवसाईयों से कहूंगा कि अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद करते हुए प्रतिष्ठानों की चाबी उपयुक्त पलामू को सौंप दें। जब लॉ एंड ऑर्डर सुधर जाएगा तब हम व्यवसाइ अपनी प्रतिष्ठानों को खोलेंगे। श्री शंकर ने आरक्षी अधीक्षक पलामू से मांग की है कि क्रिमिनल्स को 15 तारीख तक अवश्य पड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। व्यवसाईयों पर अपराध चेंबर बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर हम व्यवसाइ टैक्स देते हैं तो सरकार एवं प्रशासन को व्यवसाईयों को सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। श्री शंकर ने कहा कि रघुवर राज में यही प्रशासनिक पदाधिकारी थे। जहां व्यावसाई अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे थे। यहां तक की मेदनीनगर से रात 12 बजे रात को भी रांची के लिए बस चलने लगी थी। लेकिन सरकार बदलते के साथ दिनदहाड़े घटनाएं घट रही है। थाना से सेट व्यवसाई भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।



# केशव प्रसाद मौर्य ने लेस्लीगंज में भाजपा प्रत्याशी काली चरण के पक्ष में किया जनसभा को संबोधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने चतरा सांसद भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में बृहस्पतिवार को मध्य विद्यालय लेस्लीगंज मैदान में जनसभा को सम्बोधित किया। इससे पहले पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को गुलदस्ता अंग वस्त्र और फूल माला देकर सम्मानित किया। संबोधन के दौरान पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा में खासकर कुशवाहा समाज बढ़ चढ़ कर मतदान कर भाजपा को जिताने का काम करेंगे साथ ही केशव प्रसाद मौर्य को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बनाने और कुशवाहा समाज को कई सांसद और विधायक बनाने के लिए जो मान समान देने का काम किया है इसके लिए भाजपा को बधाई दिया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव मौर्य ने कहा कि हिंदी गठबंधन के नेताओं ने लोगों के बरगलाने का काम किया है। कांग्रेस के काले कारनामे थे और देश को बदहाल बनाने का काम किया और जब मोदी जी देश को आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं तो उसमें बाधा पड़ रहा है। मोदीजी प्रधानमंत्री नहीं बनते तो राम मंदिर बनता क्या कश्मीर से धारा 370 हटता क्या। लेकिन मोदी जी ने अपना वादा पूरा किया।



## प्रभारी प्रधानाध्यापक का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के बरवाबांध स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता देवनारायण पांडेय उर्फ मोहन पांडेय का मंगलवार की रात आकस्मिक निधन हो गया.जिसके बाद क्षेत्र के शोक की लहर ब्याप्त हो गई। परिजनों के मुताबिक रेहला स्थित आवास पर मंगलवार के दोपहर उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हे तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां देर शाम उनका निधन हो गया. स्व.पांडेय अपने पीछे पत्नी और दो बेटी छोड़ गए हैं। बुधवार को रेहला कोयल नदी तट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके चचेरे भाई बबलू पांडेय ने दी। अंतिम यात्रा में झारखंड सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश नेता प्रदुम्न कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, दीपक तिवारी, कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, बीपीओ मणि कुमार पांडेय, हर्षवर्धन चौबे उर्फ ट्विंकल चौबे, बिनोद पासवान, नीरज सिंह, अनिल विश्वकर्मा, इकबाल खान, विजय पांडेय, नवीन चौबे, मनीष पाठक, आलोक शुक्ल, रामनिवास तिवारी, मनोज सिंह, नरेंद्र गुप्ता, विकास चौबे सहित कई लोग शामिल हुए.इधर मोहन पांडेय के आकस्मिक निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।



## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है भंडार पीसीसी कोचिंग सेंटर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** जिला स्थित बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार पंचायत अंतर्गत एनएच 39 किनारे संचालित होने वाली पीसीसी कोचिंग सेंटर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए शिक्षा की क्षेत्र में वरदान साबित होते नजर आ रही है। इस बार जैक बोर्ड 12वीं साइंस की फाइनल परीक्षा में पी, सी,सी कोचिंग सेंटर के काफी संख्या में विद्यार्थियों ने अच्छे मार्क्स लाकर कोचिंग सेंटर का नाम एवं गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। सोनम कुमारी 88.8 अंक, रानी कुमारी 87.4, सलोनी कुमारी 83.7, अभिषेक कुमार 84.7 अंक लाने पर कोचिंग निदेशक विजय कुमार ने सारे छात्र-छात्राओं को ढेर सारी बधाई दी है, उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कोचिंग सेंटर चलाने का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार के बच्चे को उचित शिक्षा देना है, पैसा के अभाव में गरीब बच्चे शहर तक पहुंचने में काफी कठिनाइ होती है ऐसे में अपना ही क्षेत्र में शिक्षा का संस्थान खुलने से विद्यार्थी को पढ़ाई के लिए कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।मौके पर उपस्थित शिक्षक विवेक कुमार, नवीन कुमार, वीरेंद्र कुमार, विकास कुमार, अक्षय कुमार, अमोल कुमार, प्रियंका कुमारी सुमित काफी संख्या में कोचिंग के छात्र उपस्थित थे।

## कुरान वा हदीस के अनुसार जिंदगी गुजारने से संवरती है दुनिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बुधवार की रात जपला चौबे निवासी मरहूम शेख फासुद्दीन के सालाना बरसी पर उनके आवास पर महफिल ए मिलाद शरीफ का अयोजन किया गया। इसकी शुरुआत तिलावत ए कुरान पाक से हुआ, इस दौरान बाहर से आए कई कारी, हाफिज, के अलावा मदरसा खैरुल इस्लाम हुसैनाबाद में पढ़ने वालों बच्चो ने एक से बढ़ कर एक नात ऐ पाक पढ़ कर महफिल में प्रस्तुत किया, महफिल ए मिलाद शरीफ में मौलाना ने कहा की खुदा की इबादत इस तरह करो की अल्लाह तुम्हे देख रहा है, हर मां बाप को चाहिए की वह अपने औलाद के दिल में अल्लाह की मोहब्बत का जज्बा पैदा करे, अल्लाह पाक से सच्चे दिलों से मोहब्बत करने वालों की जिंदगी कामयाब हो जाती है और आखिरत भी संवर जाती है। मौके पर शेख औरंगजेब, शेख वसीम, शेख शमसुद्दीन, मेराज सिद्धिकी, डॉक्टर एजाज आलम, नईम खान, वाहिद खान, हसमत, रहमत, अजमत, आफान मीर, अमन, पप्पू खान, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शमिल थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढवा जिला परिषद की बैठक जंगीपुर ग्राम में भाकपा राज्य परिषद सदस्य गणेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में लोकसभा चुनाव पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया.बैठक में सर्वसम्मति से लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां का समर्थन करने का निर्णय लिया गया.बैठक में उपस्थित जिला परिषद के सदस्यों ने सभी शाखा सचिवों को अविलंब शाखाओं की बैठक आयोजित कर महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में मतदान के लिये प्रचार प्रसार करने, गांव गांव में कार्यकर्ताओं से सम्पर्क करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिषद के सचिव राजकुमार राम, कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, देवीदयाल मेहता, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, मजबुल्लाह खान, विद्या पासवान, यूनुस खां, गोपाल यादव, मानमती देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंटरमीडिएट के परीक्षा में राज्य में चौथा स्थान प्राप्त करने वाला अमित को समाजसेवी दीपक ने किया समान्नित



**नीलांबर पीतांबरपूर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पंचायत दारूडीह के ग्राम बनुआ निवासी सत्येंद्र मेहता के सुपुत्र अमित मेहता नेआईएससी में झारखंड में चौथे स्थान और पलामू में प्रथम स्थान लाकर अपने क्षेत्र अपने पंचायत अपने गांव का मान सम्मान बढ़ाया है इस मौके पर समाजसेवी दीपक गिरी ने उसके घर बनुआ जाकर सम्मानित किया और आगे ऐसे बच्चों को हर संभव मदद करने को भी कहा। साथ ही कहा कि विद्या वो शेरनी का दुध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा इसका साक्षात प्रमाण अमित कुमार मेहता ने साबित करके दिखा दिया की एक किसान का बेटा अपने मेहनत लगन और परिश्रम से जो करके दिखाया है बहुत ही सराहनीय है और आगे हम सभी बच्चे बच्चियों से भी आग्रह करना चाहता हूं कि आप सब मन लगाकर पढ़ें और अपने मां-बाप अपने गांव अपने जिले राज्य का मान सम्मान को बढ़ाएं और आपकी जो लक्ष्य है लक्ष्य पूरा हो।

## संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती माह के शुभ अवसर पर निकाला गया प्रभातफेरी



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अम्बेडकर युवा मोर्चा के तत्वावधान में मंगर दह ग्राम में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती माह के शुभ अवसर पर प्रातः 8 बजे प्रभातफेरी निकाला गया। प्रभातफेरी मंगर दह ग्राम से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुये महदेईया ग्राम स्थित बाबा साहब के प्रतिमा स्थल पर पहुंचा तथा प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। पुनः शाम में मंगर दह ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य रानी बाला ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने का आग्रह किया। इसके बाद प्रोजेक्टर द्वारा बाबा साहब पर हुये जुल्म, अत्याचार, छुआछूत, शिक्षा, एकता और संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य रानी बाला, शिक्षक राजनाथ राम, झामुमो नेता सुदेश्वर राम, दिनेश राम,पूर्व बीपीओ जय राम, बसपा के प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश राम, रामाधार राम, अनिल राम, श्रीकेश राम, अरुण कुमार, नंदलाल राम, जीतन कुमार, रामप्रीत राम, श्रीकांत राम, ललिता देवी, सुनीता देवी, शैल देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

गांव वालों की मदद से कराई गई गरीब बेटी की शादी

# तीन-तीन अनाथ बच्चियों की शादी कर गांव वालो ने मानवता की बड़ी मिशाल पेश किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिशुनपुरा प्रखंड निवासी स्वर्गीय दामोदर प्रजापति तथा स्व.उर्मिला देवी की छोटी पुत्री शोभा कुमारी की शादी पोखरा चौक स्थित विष्णु मंदिर में गांव वालों ने डंडई प्रखंड रारो गांव के भोला प्रजापति के पुत्र मनोज प्रजापति के साथ धूमधाम से कराई गयी। बताते चले स्वर्गीय दामोदर प्रजापति और की तीन स्व. उर्मिला देवी की तीन बच्चिया हैं। शोभा से दो बड़ी बहन लालती देवी वह बसंती देवी। स्व.उर्मिला देवी की मौत 12 वर्ष पहले तथा स्व.दामोदर प्रजापति की मौत 5वर्ष पूर्व ही हो गई थी। उसके बाद बच्चियां अनाथ हो गई थी। उनके कोई भी रिश्तेदार उनके सहयोग के लिए आगे नही आये।ऐसे में सभी गावँ वालो ने उनके भोजन व जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराते हुए मानवता की मिसाल पेश किया। दोनो बड़ी बच्चियों की शादी भी धूमधाम से कराई। तीसरी और छोटी बेटी की शादी में नवल किशोर गुप्ता ने अगुआई कर उसका शादी तय किया और पूरे गावँ के सहयोग से विष्णु मंदिर में शादी सम्पन्न किया गया।शादी में भोजन की व्यवस्था व्यवस्था गौरी शंकर गुप्ता के द्वारा कराया गया था। शादी समारोह में गांव की सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई। सभी महिलाएं बेटी की तरह शादी में होने वाली सभी रस्मों को पूरा किया। मौके पर विष्णु मंदिर के अध्यक्ष नारायण शर्मा सचिव नवल किशोर गुप्ता प्रसाद अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद अनिल कुमार संजय चंद्रवंशी जितेंद्र गुप्ता असगंध सोनी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# महुआ के फूलों ने किसानों को किया मायूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** महुआ का फूल ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आर्थिक रीढ़ माना जाता है। परंतु इस वर्ष किसानों का महुआ फूल ने भी धोखा दे दिया। मौसम के फेरबदल से अपेक्षाकृत महुआ फूल भी कम गिर रहे हैं। जिससे अधिकतर किसान मायूस है। किसानों ने बताया की एक- एक किसान महुआ बेचकर दस हजार से दो लाख का आमदनी कर लेता था। इस रूपये से घर का जरूरी कार्य पूरा होता था।परंतु इस वर्ष ऐसा नही हो पा रहा है,क्योंकि महुआ फूल लगने समय बेमौसम बारिश ने सपनो पर पानी फेर दिया।जबकि महुआ फूल के लिए गर्मी का मौसम होना जरूरी होता है। वही इस वर्ष महुआ का दाम 40 से 45 रुपए प्रति किलो के दर से खरीदा जा रहा है। मालूम हो की महुआ का सीजन आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बहार आ जाती है। प्रकृति भी पीले फूल से सरोबर हो जाती है, इस मौसम का इंतजार गांव में रहने वाले लोगों को बेसब्री से रहता है। ग्रामीणों को अपने गांव में ही अच्छी आमदनी का बेहतर विकल्प मिल जाता है। ऐसे में गांव के मजदूर पलायन करने के बदले एक से दो महीने के लिए गांव में ही रहकर महुआ का ही व्यवसाय में जुड़ जाते है। महुआ के पेड़ से किसानों और मजदूरों के साथ साथ व्यवसाय तथा समाज के अन्य वर्ग भी सीधे तौर पर लाभन्वित होते है।

**ग्रामीणों के लिए वरदान :** मार्च महीने से लेकर अप्रैल के अंतिम महीने तक महुआ का सीजन माना जाता है, धुरकी प्रखंड में महुआ का पेड़ अत्यधिक मात्रा में पाए जाने के कारण यह सीजन यहां के ग्रामीणों को गांव और आसपास के जंगली क्षेत्रों व रैयती भूमि पर आर्थिक कमाई का एक बेहतर विकल्प मिल जाता है, ग्रामीण अहले सुबह और दोपहर मे महुआ चुनते है, इसके बाद धूप में सुखाने के बाद बाजार में बेच देते है, इससे ग्रामीणों को अच्छी कमाई हो जाने के संभावना बनी रहती है। इधर किसानों ने बताया की महुआ का फूल के आस में महाजन से शादी, पढ़ाई, दवाई सहित अन्य जरूरत कार्यो के लेकर कर्ज ले लेते है,और महाजन इस शर्त पर कर्ज देते है की सीजन में हम उनसे महुआ का फूल खरीद सके। वही किसानो ने बताया की अगर इस वर्ष कर्ज चुकता नही किए तो अगले साल डेढ़गुना हो जाता है।इसलिए वह दिन भर महुआ चुनने निकल जाते है। लेकिन इस वर्ष महुआ कम गिरने से सारे उम्मीद पर पानी फिर गया, और कर्ज भरने के लिए सोचना पड़ रहा है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### चार उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन अब तक कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। 02 मई 2024 को 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

**आज नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों ने नाम निम्न हैं :** अरशद अयूब, निर्दलीय, पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी, हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा)।इससे पहले 29 अप्रैल 2024 को एसयूसीआई के अभ्यर्थी मिंटू पासवान और 30 अप्रैल 2024 को अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी रामहरि गोप ने अपना नामांकन दाखिल किया था। छह तक है अंतिम दिन।

### ट्रैफिक पुलिस की अवैध वसूली का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल

**रांची।** वरीय पुलिस पदाधिकारी का लाख प्रयास के बाद और चुनाव आयोग के सख्त शक्ति के बाद भी भ्रष्टाचार का खेल जारी है। आए दिन एसीबी द्वारा गिरफ्तारी की सूचना मिलते रहती है। लेकिन इसी दौरान रांची शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शहीद चौक पास बने ट्रैफिक टेंट में ट्रैफिक पुलिस एचबी सिंह पर भी 4 से 5000 घूस मांगने का एक वीडियो वायरल हुआ है। जो विभिन्न सोशल साइट्स पर जारी किया गया है। इसलिए 4 से 5000 दे दो वहीं एक युवक 500 देने की बात कर रहा है। हालांकि इस वीडियो पर ट्रैफिक एसपी ने स्पष्ट कहा कि उन्हें कोई वीडियो नहीं मिला है, वहीं मामले को भी दबाने की प्रयास की जा रही है।

# स्वहित के लिए नहीं बल्कि समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : राज्यपाल

### आईएएस के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा ( आईएएस ) के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि वे स्वहित के लिए नहीं बल्कि सदा समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निदान करने के लिए सक्रिय रहें। लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पोषण आदि बुनियादी सुविधाओं की सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहें। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में नियमों का पालन करते हुए सही मार्ग को अपनाएं और राज्य के विकास में योगदान दें।

**राज्यपाल से कुलपति और सहायक प्राध्यापक ने की मुलाकात :** राज्यपाल-सह-कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने राज भवन में मुलाकात की।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल को डॉ. शांडिल्य ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शशांक डी. कुलकर्णी ने राज भवन में भेंट की और कृषि शोध पर आधारित स्वलिखित पुस्तक राज्यपाल को भेंट की।

## आईपीएस पंकज कंबोज का साइबर अपराधी ने बनाया फर्जी फेसबुक एकाउंट

**रांची :** साइबर अपराधी ने आईपीएस पंकज कंबोज का फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाया है। इसको लेकर पंकज कंबोज ने लोगों से अपील की है कि किसी ने मेरे नाम और फोटोग्राफ का उपयोग करके एक फर्जी प्रोफ़ाइल बनाई है। कृपया फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और कृपया किसी भी प्रकार के रुपये का लेनदेन में शामिल न हों। मैं आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मामले की रिपोर्ट उचित अधिकारियों को कर रहा हूं। उल्लेखनीय है कि फेसबुक और व्हाट्सऐप एकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक प्रोफाइल बनाते हैं। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिये वो यूजर के परिचितों से पैसों की मांग करते हैं।

**उल्लेखनीय है कि फेसबुक और व्हाट्सऐप एकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक प्रोफाइल बनाते हैं।**

## झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ यशस्विनी सहाय ने चलाई जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की उमीदवार यशस्विनी सहाय, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ झामुमो रांची महानगर के सदस्यों नें जन संपर्क अभियान चलाया और लोंगो के समस्याओ को जाना। इस दौरान यशस्विनी सहाय ने कहा कि जहां भी जा रही लोगों से मिल रही हूं सभी महिलाएं, पुरुष, युवाओं और बुजुर्गो की अलग अलग शिकायतें हैं नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार से। लोंगो नें खाशा आक्रोश है मोदी सरकार के नीतिओं को लेकर। महिलाएं कहती हैं सिलेंडर गैस महंगी है गयी,दस साल में अब तक पंद्रह लाख खाता में नहीं आया जबकि कोविद महामारी भी हमलोगों ने झेला है। पुरुषों का कहना हैं कि जो वायदे 2014 में किया था वह तो हुआ नहीं नफरत और द्वेष की राजनीति शुरू हो गई। भ्रष्टाचार बढ़ा है, युवकों कि कहना है कि बेरोजगारी बढ़ी है। वृद्धा लोगों की हालत दयनीय है, पेंशन के लिए बैंक जाकर लाइन लगना पड़ता है। इतना ही नहीं इन सबसे मिलने के बाद लोगो को जो रुझान इंडिया गठबंधन की ओर है वो चाहते है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बने और रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की उमीदवार यशस्विनी सहाय भारी मतों से विजय बनें। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन जेडिया, पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, अवधेश यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## आरसेटी में सखी मंडल की महिलाओं को दिया गया शॉप कीपर का प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जामा दुमका--इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा में उधमिता विकास कार्यक्रम के तहत छः दिवसीय शॉप कीपर प्रशिक्षण का समापन आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया। इस मौके पर आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीब महिलाएं समूह के माध्यम से लघु स्वरोजगार स्थापित कर सकती हैं। इसके लिए विभिन्न बैंकों से ऋण व सरकारी अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इस दौरान समूहों से जुड़ी एक एक शॉप कीपर महिलाओं को नियम एवं प्रतिवेदन लेखन, तराजू, सामग्री,रजिस्टर बचत से संबंधित नियम एवं समूह के लिए जरूरी सामान खरीदने और उसे रखने का नियम बनाना, दुकानों की साफ सफाई एवं बैंक से लेन-देन के नियम आदि के बारे में बताया गया। आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने बताया कि इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा दुमका में आने वाले दिनों में मुर्गी पालन, ब्यूटी पार्लर,अगरबत्ती निर्माण,मोबाइल रिपेयरिंग, जूट के उत्पाद आदि का भी प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। इस मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा,अमरदीप कुमार कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह, प्रशिक्षक कदम रसूल अंसारी एवं संजय सोरेन उपस्थित थे।

## सलीमा टेटे को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 का कप्तान नियुक्त किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।**हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी। बेल्जियम चरण 22 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होगा, जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून से शुरू होकर 9 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा, 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत वर्तमान में आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। टीम की कमान कैप्टन सलीमा टेटे संभालेंगी, जिन्हें हाल ही में छठे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर को उनका डिप्टी बनाया गया है। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर रहेगी, जबकि डिफेंसिव लाइन-अप में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सेक्शन में सलीमा टेटे, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेमसियामी जैसी गतिशील खिलाड़ी होंगी। फॉरवर्ड लाइन में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनीलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग शामिल हैं।

## सदर अस्पताल में आयुष्मान से हुआ हर्णिया का सफल आपरेशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सुपर स्पेशलिटी सदर अस्पताल में जटिल हर्निया का ऑपरेशन बिल्कुल निःशुल्क आयुष्मान योजना के तहत लेप्रोस्कॉपी विधि से किया गया। मरीज काफी दिनों से परेशान थीं । मरीज चुटिया की रहने वाली है ,पिछले 4 वर्षों से हर्निया से परेशान थी। ऑपरेशन के कुछ दिनों बाद ही फेल हो गया। फिर वह दोबारा अपने उस सर्जन से जाकर मिली परंतु उन्होंने अपनी अक्षमता जाहिर की दोबारा इस हर्निया की सर्जरी करने से, उसके बाद उन्होंने विभिन्न निजी अस्पतालों में संपर्क किया जहां से उन्हें सदर अस्पताल रांची के लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग में मिलकर इलाज करने की सलाह दी गई। निजी अस्पताल में इस ऑपरेशन के लिए कम से कम डेढ़ लाख रुपए मांगे जा रहे थे। हम लोगों ने जब सीटी स्कैन कराया तो उनके पेट की परत में बहुत सारे छेद का पता चला जिसका साइज 7 सेंटीमीटर, 3 सेंटीमीटर और कुछ छोटे छेद थे, कुल 8 छेद थे।मरीज का ऑपरेशन दूरबीन विधि से हुआ जिसे हम । कहते हैं और वह आज बिल्कुल ठीक-ठाक हालत में छुट्टी चली गई। इस ऑपरेशन में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार,उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधन का विशेष योगदान रहा। लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार ,एनेस्थेटिस्ट ,डॉक्टर दीपक कुमार ,डॉ विकास बल्लभ ओटी असिस्टेंट संदीप, नंदिनी, शशि, मुकेश ,पूनम सिस्टर , सुशील, सरिता, मोहित।

## एटीएस ने अमन साहू गैंग के शूटर चंदन साव को लिया रिमांड पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कुख्यात अपराधी अमन साहू गैंग के शूटर चंदन साव को आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल ) से गुरुवार को दो दिन की रिमांड पर लिया है। एटीएस की टीम उसे गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। एटीएस ने कांड संख्या 09/23 में 48 घंटे के रिमांड पर लिया है। बीते 19 जुलाई 2023 को अमन साव के सबसे खास और शार्प शूटर चंदन साव को एटीएस ने रांची के ओरमांझी से गिरफ्तार किया था। पूर्व में एटीएस की पूछताछ में चंदन ने कई खुलासे किए थे। चंदन अमन को बॉस बोलता है। जब से अमन जेल गया था, तब से जेल के बाहर गैंग की कमान चंदन ही संभाल रहा था। अमन के जरिये चंदन को जेल से संदेश पहुंचाया जाता था, जिसके बाद चंदन उस पर अमल करते हुए आगे का काम करता था।

**बीते 19 जुलाई 2023 को अमन साव के सबसे खास और शार्प शूटर चंदन साव को एटीएस ने रांची के ओरमांझी से गिरफ्तार किया था।**

## प्रधानमंत्री मंत्री के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विस्थापित भवन, धुर्वा, रांची में प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी के आगमन पर विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री तीन मई को रांची आ रहे हैं। इस मौके पर पिछले बार की तरह कोई चूक न हो इसका पूरा ध्यान रखने का निर्देश सभी को दिया गया है। पिछले आगमन में कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी रोड के पास अचानक प्रधानमंत्री के कार के सामने एक महिला आ गई थी। हालांकि कुछ जान माल का नुक़सान नहीं हुआ था, लेकिन लापरवाही के बरतने कारण उस वक्त ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान को निलंबित और महिला की गिरफ्तारी की गई थी। इस लिए सभी वरीय और कनीय पुलिस कर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक, रांची, पुलिस उप-महानिरीक्षक, दछोक्षे, रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची, नगर पुलिस अधीक्षक, रांची, जैप -1, कमांडेंट, रांची, जैप-10, कमांडेंट, रांची, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सभी इंस्पेक्टर, दारोगा, ए0 एस0 आई0 परिचारी प्रवर-1,2,3,4, एवम पुलिसकर्मी उपस्थित थे ।

## पेड न्यूज के अलावे विभिन्न फेक न्यूज़ पर सभी रखें ध्यान : उर्वशी पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कमरा संख्या-119 में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मिडिया कोषांग रांची, उर्वशी पाण्डेय द्वारा मिडिया कोषांग के पदाधिकारी/कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारी/ कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्पूर्ण हैं। सभी चीजों पर सतत् निगरानी बहुत जरुरी है। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मिडिया कोषांग रांची, उर्वशी पाण्डेय द्वारा मीडिया कोषांग में कार्यरत सोशल मीडिया निगरानी कर्मियों को सोशल मीडिया में पेड न्यूज, फेक न्यूज़ से सम्बंधित बिंदुओं से अवगत कराया।

पेड न्यूज के अलावे विभिन्न फेक न्यूज़ यथा ई वी एम, बूथ मैनेजमेंट, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप मतदाता सूची, विधि व्यवस्था, इलेक्शन प्लान आदि से संबंधित फेक खबरों का पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए सत्यापन कर खंडन भी उसी साइट सहित सभी मीडिया में करना है। इसकी जानकारी देते हुए त्वरित संज्ञान में लाने का निर्देश दिया।

### भाजपा के संजय सेठ जीतेंगे : मिश्रा

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के राँची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा , अर्जुन राम , शंकर दुबे , सुनील गुप्ता एवं प्रेम वर्मा के नेतृत्व में हजारो की संख्या में ढोल नगाड़ों के साथ शामिल हुए एवं सांसद संजय सेठ का भव्य स्वागत किया ।मिश्रा ने सांसद संजय सेठ जी को जीत की अग्रिम बधाई दी एवं बताया कि सेठ लाखो की संख्या के वोट से विजयी होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय टोप्पो , अनिल गुप्ता , भूषण , राम मनोज साहू , फिरंगी साव , मुकेश मुक्ता सहित 53 वार्ड से अपने आपने छेत्रो से कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## खरकई बांध परियोजना पर सुनवाई 14 को : सोनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के सम्मुख, सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट पर सरकारी निर्णय के सम्बन्ध में जनता में उत्पन्न असंतोष की जगह पर नए सवाल और संदेहों का दौर आया है।

हाईकोर्ट के आदेश के माध्यम से यह ज्ञात हुआ कि इस प्रोजेक्ट पर 6100 करोड़ रुपये के खर्च के बावजूद भी अभी तक यह पूरा नहीं किया गया है। जनता के माध्यम से सरकार से सवाल उठ रहे हैं कि इस प्रोजेक्ट को बंद क्यों किया गया और क्या कारण है जो इसे पूरा नहीं किया जा रहा है? कार्यवाही में मान्नीय उच्च न्यायालय की दोहरी बेंच में जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद जी ने राज्य के सरकार के वकील अशोक यादव के माध्यम से झारखंड सरकार को चेतावनी दी कि ड्अगर आप 6100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत का जनता के टैक्स के पैसों का दुरुपयोग करके परियोजना को बंद करने का इरादा रखते हैं, तो मैं इस जनहित याचिका में भारत सरकार को इसके एक पक्ष के रूप में शामिल कराऊंगा और राज्य के अधिकारियों पर जनता के पैसे का दुरुपयोग और इस परियोजना में धन की बर्बादी के लिए जांच करने के लिए शिकायत दर्ज कराऊंगा। अगली सुनवाई 14 मई को होगी।

### हेमंत सोरेन सहित अन्य आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

**रांची :** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मीडिया और जिला प्रशासन ने खेला क्रिकेट मैच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** क्रिक जर्नो और स्वीप जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर वन डे-नाइट कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन 1 मई 2024 को खेलगांव फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया। इस क्रिकेट मैच में पत्रकारों की कुल आठ टीमें थी। वहीं क्रिक जर्नो और स्वीप जिला प्रशासन के बीच फ्रेंडली मैच दस ओवर का खेला गया। स्वीप क्रिकेट की तरफ से डीडीसी रांची दिनेश यादव,एसडीएम उत्कर्ष सहित कई जिला प्रशासन व स्वीप के पदाधिकारी गण शामिल थे। वहीं मीडिया की तरफ से सुशील सिंह मंटू, राकेश सिंह, अमित सिंह, राजेश तिवारी, विक्की इत्यादि शामिल थे।

1.जर्नो ब्लास्टर्स बनाम जर्नो जगुआर, 2. जर्नो स्ट्राइकर्स बनाम जर्नो स्टॉर्म्स, 3. जर्नल जाइंट्स बनाम जर्नल टाइटन्स, 4. जर्नो फाइटर्स बनाम जर्नो वॉरियर्स नाम से टीमों का नाम रखा गया था। इस मैच में मुख्य अतिथि के रूप में क्रिकेटर सौरभ तिवारी, अजातशत्रु, मोनू सिंह , वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह थे। इसके अलावा रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह , कार्यकारिणी सदस्य आलोक सिन्हा , विजय मोनू, पूर्व सचिव अखिलेश सिंह, जावेद, पूर्व संयुक्त सचिव अभिषेक, पूर्व कोषाध्यक्ष जय शंकर, सुशील सिंह मंटू , पूर्व कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरैशी सहित आकाश,विकास, चंदन,विक्की, संदीप, भरत-भूषण टुनटुन,शशि पांडेय,मनोज शर्मा, राजकुमार, राहुल सिंह, मोकरम, प्रदीप, सतीश,प्रींट, शक्ति सिंह,प्रमोद, आमोद, सुनील, दिनेश सहित कई पत्रकार, फोटोग्राफर मैच खेल रहे थे।

## मजदूरों के अधिकारों का हनन कर रही केंद्र : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस। कार्यक्रम की शुरुआत शिकागो में शहीद हुए मजदूरों के शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शिकागो के शहीदों को याद किया गया। उक्त अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, खेत मजदूर यूनियन के नेता इम्तियाज़ खान, महिला नेत्री रश्मि तिवारी, राजद के वरिष्ठ नेता राजेश कुमार यादव, मुख्य रूप से उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा मजदूरों की शहादत एवम कुर्बानियों , संघर्षो के बल पर 8 घंटा काम 8 घंटा आराम 8 घंटा मनोरंजन के कानून बनाए गए थे। 44 श्रम कानून संहिता को संशोधित कर मजदूरों के पक्ष सारे हक और अधिकार छीन लिए गए हड़ताल के अधिकार को भी 15 दिन की जगह 3 महीना कर दिया गया मजदूरों के सारे अधिकार छीन लिए गए । उन्होंने कहा कि देश में महंगाई, बेकरी, बेरोजगारी ,चरम पर है देश के संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में है ।जिला सचिव अजय सिंह ने कहा की किसान मजदूर छात्र नौजवानों की एकता को बनाकर केंद्र की मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करना एवम मजदूर पक्षीय सरकार बनाए तभी देश का चौमुखी विकास होगा । कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ,जिला सचिव अजय कुमार सिंह, भारतीय खेत मधुर इंडियन के सचिव इम्तियाज़ खान, राष्ट्रीय जनता दल के राजेश यादव ,गौतम चौधरी ,कलाम रसीदी ,रश्मि तिवारी ,राधिका तिवारी ,सुशांतो वर्धन, सुरेंद्र दीक्षित, कृष्ण कुमार वर्मा, धनंजय शुक्ला, विजय सिंह, धर्मेंद्र कुमार दुबे, किरण कुमारी, सीमा कुमारी, सिमरन मिंज जिलोंन ,सज्जाद अंसारी ,अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## आईआईसीसी व आईएनआईएफडी में कैंपस सेलेक्शन का सफल आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैसा की मालूम हो यह संस्थान समय समय पर बड़ी बड़ी कम्पनियो को आमंत्रित कर अपने विद्यार्थियों के रोजगार के लिए बुलाती रही है हमें ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है की आईआईसीसी एवं आईएनआईएफडी संस्थान में 2nd मई 2024 को RELIANCE RETAIL कंपनी जो की भारत की बड़ी कंपनियों में से एक है के द्वारा कैंपस सेलेक्शन किया गया . इस में इंस्टिट्यूट के फैशन डिजाइनिंग विंग के बैचलर एवं मास्टर डिग्री के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया कंपनी के द्वारा इनिशियल पैकेज 4 लाख रखा गया है जो की फ्रेशर के लिए एक अच्छी रकम है . कुल मिला कर 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, कुछ दिनों में रिजल्ट घोषित कर दिया जायगा ।



## सिल्ली कांग्रेस कार्यालय में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त समन्वय स्थापित बैठक में इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इंडिया गठबंधन के रांची लोकसभा क्षेत्र के शिक्षित, युवा महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को भारी से भारी मतों से विजय बनाने एवं संकल्प लिया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, झामुमो रांची जिला महिला उपाध्यक्ष मंजू देवी,कांग्रेस रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी,झामुमो सिल्ली प्रखंड पदाधिकारी अजीत कुमार महतो, अनिल बेदिया, संतोष साहू, लखीचरण मुंडा, दिलीप कुमार महतो, द्वारिका महतो, मास्टर गोकुल चंद्र महतो, भगीरथ महतो,उपेंद्र महतो, मोहर्रम मोमिन ,विमलेश कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, सुभाष चंद्र महतो, दुलाल मोदक आदि मौजूद रहा।



## होमगार्ड संघ ने की मृतक के आश्रित को नौकरी व मुआवजा देने की मांग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के भेलवाटांड़ चौक मे बीती रात हुई भीषण सड़क दुर्धटना की सूचना पाकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के लोग गुरूवार की सुबह बचरा पहुंचे।इस दौरान झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के लोग भेलवाटांड़ स्थित घटना स्थल व बचरा अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के चतरा जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना काफी शर्मनाक व आहत करने वाला है।मृतक पंकज कुमार पिपरवार मे होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत था।जांच के क्रम मे पता चला है कि घटना के वक्त बोलेरो चालक पुरी तरह से नशे मे धुत था।उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।साथ ही एसोसिएशन के द्वारा झारखण्ड सरकार से मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा,नौकरी और सरकार के तरफ से मिलने वाली सुविधा को जल्द देने की मांग की है।एसोसिएशन के लोगो ने खलारी इंस्पेक्टर बिजय सिंह,पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सहित सीसीएल अधिकारियो से मुलाकात कर घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार को सहयोग करने की अपील की है।

## खलारी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ किया छापामारी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में खलारी थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के विरोध में छापामारी कर मोहननगर के एक राशन दुकान में जयप्रकाश नोनिया पिता हीरा नोनिया को अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. वहीं इस कार्य में संलिप्त अभियुक्त सुरेश स्वायी के घर से 240 पीस अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया. इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि खलारी पुलिस को खलारी क्षेत्र के राशन दुकानों में भारी मात्रा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचे जाने की सुचना मिल रही थी. उन्होने बताया कि इस जानकारी पर खलारी पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर औचक छापामारी अभियान चलाया गया.छापामारी के क्रम में पुलिस को कांच के बोतल में किंग फिसर बीयर60 पीस,गौड फादर का केन बीयर का 96 पीस,विभिन्न कम्पनियों के 84 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया. थाना प्रभारी ने बताया कि इसमें संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफतारी के लिये छापामारी जारी है. बताया कि खलारी थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिये लगातार छापामारी किया जायेगा. छापामारी दल में खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी के अलावे पुलिस निरीक्षक सह खलारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह,पुअनि सोनी प्रताप,सअनि राजकिशोर कुमार सिंह सहित खलारी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

## 30 अप्रैल को चोरी हुई हीरो होण्डा सीडी 100 मोटरसाईकिल बरामद

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र के राय कॉलोनी से जंग बहादूर राम की चोरी हुयी हीरो एसएफ डिल्कस मोटरसाईकिल न जेएच01बीएस9344 को खलारी थाना पुलिस ने त्वरित कारवायी करते हुए केरेडारी थाना क्षेत्र के बुण्डू गांव से बरामद कर लिया.साथ ही इस काण्ड में संलिप्त बुण्डू गांव के ही एक अभियुक्त 19 वर्षीय सुरज कुमार साव को भी गिरफतार कर लिया. कांड में शामिल उसके दो दोस्त भागने में सफल रहे. इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि सुरज के स्वीकारोक्ति ब्यान के अनुसार उक्त मोटरसाईकिल को सुरज अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर 30 अप्रैल को चोरी कर के ले भागा था. इस घटना में चोरो द्वारा प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाईकिल हीरो होण्डा सीडी 100 को भी पुलिस जब्त कर लिया. थानेदार ने बताया कि कांड में संलप्ति अन्य भागने में सफल रहे दो लोगो के गिरफतारी के लिये लगातार छापामारी जारी है जिसको शीघ्र गिरफतार किया जायेगा.

### सड़क दुर्धटना मे सीसीएल कर्मचारी दामोदर महतो घायल

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना मे कार्यरत सीसीएल कर्मचारी दामोदर महतो बीती रात सड़क दुर्धटना मे घायल हो गया।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल कर्मचारी दामोदर महतो बुधवार की रात सीएचपी परियोजना से ड्युटी कर अपने बाईक से बचरा स्थित वनबीआर कालोनी अपने आवास आ रहे थे,इसी बीच खलारी थाना क्षेत्र के भेलवाटांड़ चौक के समीप बाईक अनियंत्रित हो गया,जिसके बाद भेलवाटांड़ चौक के पास खड़ी एक ट्रक से उनकी बाईक टकरा गई।घटना मे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से उन्हे बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### शपथ पत्र

मैं प्रिया वर्मा पिता जितेंद्र कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष ग्राम फकीरापहरी, पोस्ट सबलपुर, थाना सरिया, जिला गिरिडीह झारखंड का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम प्रिया वर्मा पिता जितेंद्र कुमार एवं केनरा बैंक शाखा सबलपुर में मेरा नाम यशोधा कुमारी पिता जितेंद्र कुमार दर्ज है। मैं अपने गांव में प्रिया वर्मा पिता जितेंद्र कुमार एवं यशोधा कुमारी पिता जितेंद्र कुमार दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं। अर्थात प्रिया वर्मा पिता जितेंद्र कुमार एवं यशोधा कुमारी पिता जितेंद्र कुमार दोनों एक हीं युवती का नाम है जो मैं हीं हूं। मैं अपने इन दोनों नामों के लिए यह शपथ पत्र दे रही हूं। साथ हीं आज के बाद से मैं प्रिया वर्मा पिता जितेंद्र कुमार के नाम से हीं जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

# खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खूंटी विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की पिछले 10साल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 साल बाद लोगों के घरों में हमारी सरकार की योजना के माध्यम से पानी पहुंच रहा है।ये पहली बार हुआ है कि लोगों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंच रहा है।किसानों को सम्मान निधि राशि दिया जा रहा है। मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं और महिलाओं को मजबूत बनाने का काम किया है



। आज स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं । बीते 10 वर्षो में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। अब नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है अगले पांच वर्षों में 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर गरीब की चिंता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को है। कोरोना काल में प्रारंभ हुई गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आज भी लोगों को मिल रहा है। विपक्ष ये नहीं बता पा रहे हैं कि वो लोग देश के लोगों का भला कैसे करेंगे ।लेकिन उन्हें हमारे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी को सिर्फ सत्ता से हटाना है। वे 60 वर्षों तक शासन में रहे लेकिन देश का भला नहीं हो पाया और अब वे देश की भलाई की बात करते हैं। हमारी सरकार ने स्वास्थ्य को लेकर, रोजगार को लेकर, महिला सशक्तिकरण को लेकर काम किया है। लेकिन ये लोग बोलते फिरते हैं कि भाजपा वाले संविधान बदल देंगे। मुंडा ने कहा कि मैं विपक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूँ कि उन्होंने 60 साल में क्या किया? उन्हें यह बताना चाहिए कि देश के लिए उन्हें क्या करना है ? देश के भविष्य के क्या करना है ?

**मुरहू में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन :** अर्जुन मुंडा ने खूंटी के विधायक नीलकंठ मुंडा और पद्म भूषण व पूर्व सांसद कड़िया मुंडा के साथ आज मुरहू में भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

## वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के दिए गए संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** स्वीप के तहत जिला अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप लगाकर जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।



**जिले के अस्पतालों में ली गई मतदाता प्रतिज्ञा :** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## पिपरवार कोयलांचल में मनाया गया अर्न्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे अर्न्तराष्ट्रीय मजदुर दिवस धुमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर कई जगहो पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन के द्वारा पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।क्षेत्रिय अध्यक्ष मुद्रीका प्रसाद ने झण्डोतोलन कर इसकी शुरूआत की,जिसके बाद शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीद मजदूरो को श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम मे वक्ताओ ने मजदूर दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिकागो मे मजदुरो की शहादत के कारण ही आज देश के मजदूरो को आठ घंटा काम,आठ घंटा आराम और आठ घंटा मनोरंजन करने का अवसर मिल रहा है।शहीद मजदूरो की शहादत को कभी भुलाया नही जा



सकता है। वक्ताओ ने कहा कि वर्तमान मे मजदुरो को एक बार फिर से गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही है।श्रम कानून मे परिवर्तन,कर्मशियल माईनिग और कोयला खदानो का निजीकरण कर मजदूरो के सुख सुविधा पर हमला किया जा रहा है,जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान सभी मजदूरों को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया गया।इस मौके पर कामेश्वर राम, अरविन्द शर्मा,बाबूलाल राम, रामजीत राम,मोहम्मद अब्दुल्लाह,बसंत कुमार, मोहम्मद रहमतुल्लाह,विमल महतो,गणेश राम,कुंवर महतो,जनार्दन गिरी,हिमांशु चटर,कयूम अंसारी,धनेश्वर गंझू,ललिंद्र कुमार,ललकु भुइयां,बिजली महतो, मोहम्मद मुमताज,सीटु भुइयां,फुलेश्वर महतो,शिबु लोहार,मनोज राम,देव नारायण,निरंजन प्रजापति, साहेब राम सतनामी,राज कुमार,दिलेश्वर महतो, मोहम्मद असदुल्ला,मंटू सिंह, बबन महतो,सोनिया देवी, पुष्णी देवी,सेवक गंझु, विशाल मुंडा,निर्मल महतो, जयशंकर चौधरी,मनकु महतो,कैलाश महतो,रविंद्र महतो,जितेंद्र महतो,अमृत महतो,शिव नारायण महतो, दिलीप चौधरी,जगदीश महतो,मनु महतो,सालो देवी, लेंगिया देवी सहित काफी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर हुई बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में नव निर्मित शिव व हनुमान मंदिर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत कथा समारोह को लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में गांव के श्रद्धालुओं की बैठक की गई है। बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से प्राण- प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से आयोजन को लेकर सहमति जताई। बैठक में उपस्थित लोगों को कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी और धार्मिक कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा कर कई निर्णय लिए गए। बैठक में गंदुर गोप,राकेश गोप,सुभाष गोप,मनोज साहू,मनु बड़ाइक,ब्रजेश महतो,लक्ष्मण महतो,प्रेम महतो, गांव के बुद्धिजीवी सहित ग्रामवासी लगे हुए है।



## मेंस यूनियन रेलवे मुरी में मना मजदूर दिवस

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुनिया के मजदूर एक हो,एक हो। लाल झंडा करें पुकार,इंकलाब जिंदाबाद, शिकागो के मजदूर के बीर शहीदों को लाल सलाम, लाल सलाम, मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे के साथ मुरी मेन्स युनियन शाखा मुरी रेलवे के प्रांगण में मजदूर दिवस पर मजदूर के शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद लाल झंडे को प्रांगण में फहराया गया और लाल झंडे को सलामी दी गई। सलामी एवं नारे लगाने वालों में गुरु पद महतो, राजेश,रसराज महतो, विनोद कुमार महतो, हेमंत मुंडा, सुभाष महतो,अरूण कुमार महतो, नवीन कुमार,कंता राव,अजय साव,आर पी श्री वास्तव,खूरशीद आलम, विश्वनाथ सिंह,नाथ आदि रेलवे विभाग के मजदूर उपस्थित थे।



## पिपरवार में विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कामगारों को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम रंजय सिन्हा और संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया।इस कार्यक्रम में पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए कोयला मजदूरों को विदाई दी गई।सेवानिवृत होने वाले सीसीएल कर्मियों में फोरमैन एक्सावेशन रामसूरत राम, शॉवेल ऑपरेटर नारायण प्रसाद साव और ओएस कुंवर कांत सिंह का नाम शामिल है।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सभी कोयला मजदूरों को अधिकारियों के द्वारा श्रीफल अंग



वस्त्र सहित देकर सम्मानित किया गया,साथ ही सेवा प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान कर विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए पिपरवार एजीएम रंजय सिन्हा ने कहा कि सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया से प्रत्येक कामगारों को गुजरना पड़ता है।सेवानिवृत्त के पश्चात सभी कर्मी अपने परिवार के संग एक नए जीवन की शुरुआत करते हैं।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत कामगारों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस समारोह में मुख्य रूप से पिपरवार एजीएम रंजय सिन्हा,कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जयशंकर प्रसाद शर्मा,पिपरवार कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,अशोक परियोजना कार्मिक प्रबंधक हेमचंद महतो,क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो,ज्योति कुशवाहा,टीडी सिंह सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### सामान्य प्रेक्षक द्वारा मीडिया कोषांग का हुआ निरीक्षण

**खूंटी :** सामान्य प्रेक्षक, दोरजे चेरिंग नेगी, (भा.प्र.से.) द्वारा सूचना भवन, जिला जनसंपर्क कार्यालय, खूंटी में संचालित मीडिया कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कोषांग के कर्मचारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों का जाँच कर उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने पेड न्यूज के संबंध में बताया कि निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित प्रकाशित विज्ञापन की छानबीन तथा वल्क एस0एम0एस0 / आवाज संदेशों/ टी0वी0 चैनलों/केबल नेटवर्क/रेडियो/निजी एफ0एम0 चैनल / सिनेमा हॉल / सार्वजनिक स्थानों पर एवी में प्रदर्शित या सोशल मीडिया/समाचार पत्र एवं किसी अन्य प्रकार के प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचारित करना पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।

## बेयासी पतरा से वृद्ध का शव बरामद

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारकोपी थाना क्षेत्र के बेयासी गांव के पिपर पतरा से बुधवार को एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति शव पुलिस ने बरामद की। शव जंगल में आम पेड़ के नीचे पड़ा था। शव के चेहरा, कमर,पिठ व शरीर के कई जगहों पर जख्म के निशान थे। गुरुवार को मृतक की पहचान सोमरा उरांव 66 वर्ष गांव चाचो, थाना मांडर की रूप में की गई। मृतक की एकलौती बेटी सुनिता उरांव उरांव पत्ति बिरसा उरांव गांव मखमांदरो थाना रातू ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में हत्या की मामला दर्ज करायी है। घर में सोमरा अकेले रहता था। 26 अप्रैल को बेटी के घर गया था निकला था तब से लपता था। नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि हत्या कर संभवत अन्यत्र शव छिपाने के लिये हत्यारे जंगल में शव को फेक दिये थे। पुलिस घटना की हर पहलू की छान बिन कर रही है।


### समाहरणालय, सिमडेगा
प्रशिक्षण कोषांग

(लोकसभा आम चुनाव 2024)

-: आदेश :-

लोक सभा आम चुनाव 2024 हेतु 70 सिमडेगा (ST) एवं 71 कोलेबिरा (ST) के लिए गठित मतदान दल के पदाधिकारियों एवं सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित है। इस कार्यालय के ज्ञापांक 43 दिनांक 10.04.2024 के द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नवत् आंशिक संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Date | Training Programme | Participants | Time | Venue | Trainer |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03-05-2024 | 70 Simdega ST Party No. 70-AF-01-64 | Party No. 70-AF-01-64 (70 Simdega ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | 70 Simdega ST Party No. 70-2F-01-96 | Party No. 70-2F-01-96 (70 Simdega ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | 70 Simdega ST Party No. 70-01-96 | Party No. 70-01-96 (70 Simdega ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| 2 | 04-05-2024 | 70 Simdega ST Party No. 70-2F- 97-110 | Party No. 70-2F- 97-110 (70 Simdega ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | 70 Simdega ST Party No. 70-97-110 | Party No. 70-97-110 (70 Simdega ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | 70 Simdega ST Party No. 70- 111-265 | Party No. 70-111-265 (70 Simdega ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| 3 | 06-05-2024 | 71 Kolebira ST Party No. 71- AF-01-39 | Party No. 71-AF-01-39 (71 Kolebira ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | 71 Kolebira ST Party No. 71-2F-01-115 | Party No. 71-2F-01-115 (71 Kolebira ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | 71 Kolebira ST Party No. 71-01-115 | Party No. 71-01-115 (71 Kolebira ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| 4 | 07-05-2024 | 71 Kolebira ST Party No. 71-116-256 | Party No. 71-116-256 (71 Kolebira ST) | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |
| | | All Sector Officer | All Sector Officer 70 Simdega ST 71 Kolebira ST 59 Torpa ST | 09.00 AM to 04.00 PM | महिला महाविद्यालय, सलडेगा, सिमडेगा | ALMT |

संबंधित सभी मतदान पदाधिकारियो को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त तालिका में निर्धारित तिथि एवं पार्टी के अनुरूप ससमय प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले मतदान पदाधिकारियों के विरूद्ध आर. पी.एक्ट, 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नोडल पदाधिकारी,
प्रशिक्षण कोषांग–सह–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सिमडेगा

PR 324265 Election (24-25)_D



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,राँची
(समाहरणालय भवन, ब्लॉक-बी, कमरा संख्या-413,
ईमेल-itda-ranchi@jharkhandmail.gov.in):0651-2209737
(PB & ETBPs Cell)

प्रेस – विज्ञप्ति

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28A में निहित प्रावधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो आब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब कास्टिंग कर्मी सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी आवश्यक सेवा मे लगे अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार सुविधा केन्द्र (FC) एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापन किया गया है :–

| क्र0 | लोकसभा/विधानसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (सुविधा केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
|---|---|---|---|
| 4th Phase Voter's on election duty (For Postal ballots) Facilitation Centre | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 58–तमाड (ST) विधानसभा (11–खूंटी (ST) लोकसभा); 66–माण्डर (ST) विधानसभा 12–(लोहरदगा (ST) लोकसभा); अन्य (10–सिंहभूम (ST),11–खूंटी (ST), 12–लोहरदगा (ST), 13–पलामू (SC) | राजकीय + 2 उच्च विद्यालय, कांके, राँची। | 06.05.2024 से 11.05.2024 तक |
| 4th Phase Voter's on election duty (Police Personal) (For Postal ballots) | | | |
| क्र0 | लोकसभा/विधानसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (सुविधा केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 58–तमाड (ST) विधानसभा (11–खूंटी (ST) लोकसभा); 66–माण्डर (ST) विधानसभा 12–(लोहरदगा (ST) लोकसभा); अन्य (10–सिंहभूम (ST),11–खूंटी (ST), 12–लोहरदगा (ST), 13–पलामू (SC) | पुलिस लाईन, राँची। | 06.05.2024 से 11.05.2024 तक |
| 4th Phase Voter's on election duty (Driver, Conductor & Cleaner's etc.) (For Postal ballots) | | | |
| क्र0 | लोकसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (सुविधा केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 3 | 10–सिंहभूम (ST) 11–खूंटी (ST) 12–लोहरदगा (ST) 13–पलामू (SC) एवं अन्य | हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची। (वाहन कोषांग के समीप) | 06.05.2024 से 11.05.2024 तक |
| 4th Phase Voter's on Essentials Service (For Postal ballots) | | | |
| क्र0 | लोकसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (डाक मतदान केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 10–सिंहभूम (ST) 11–खूंटी (ST) 12–लोहरदगा (ST) 13–पलामू (SC) एवं अन्य | समाहरणालय भवन ब्लाक–A, कमरा संख्या – 204 | 07.05.2024 से 09.05.2024 तक |

निर्वाचन कार्य से जुड़े मतदाता उपरोक्त निर्धारित तिथि को सम्बन्धित सुविधा केन्द्र में एवं आवश्यक सेवा के मतदाता डाक मतदान केन्द्र में जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, राँची

PR 324315 Ranchi(24-25).D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## न्युवोको ने अपने वित्तीय परिणाम में किया अब तक का सबसे अधिक लाभ दर्ज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 24 में बिक्री और लाभ में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनी ने समाप्त वित्त वर्ष 24 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में प्रमुख सीमेंट निर्माता कंपनियों में से एक है। सालाना आधार पर कंपनी ने कंसॉलिडेटेड एबिटिडा 1,657 करोड़ रुपए और कर उपरांत लाभ (पीटीए) 147 करोड़ रुपए के साथ, अब तक का सबसे अधिक लाभ दर्ज किया है। शुद्ध कर्ज 384 करोड़ रुपये कम हुआ और सालाना आधार पर कम होकर 4,030 करोड़ रुपये रह गया है। हरियाणा में 1.2 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट को सफलता पूर्वक चालू किया गया, जिससे कंपनी के कुल उत्पादन क्षमता में उत्तर भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई। कंपनी के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए, जय कुमार कृष्णस्वामी, प्रबंध निदेशक, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि कंपनी ने अपनी ऑपरेशन क्षमता में वृद्धि की और वित्त वर्ष 2024 के दौरान अस्थिर मांग के माहौल के बावजूद एबिटिडा और पीएटी में मजबूत वृद्धि हासिल कर अपने लाभ को अब तक उच्चतम स्तर पर पहुंचाया है। हमारे सराहनीय संचालन परिणाम प्रीमियमाइजेशन और लागत को कम करने पर केंद्रित हमारी प्रभावशाली और कुशल रणनीति को दर्शाते हैं।

## स्वच्छ चांडिल-स्वस्थ चांडिल संस्था ने मजदूर दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल मेन रोड स्थित होटल राहुल पैलेस में मजदूर दिवस के अवसर पर स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल द्वारा एक दिवसीय स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आज प्रचंड धूप और भीषण गर्मी के बावजूद रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। शाम तीन बजे तक 46 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। होटल राहुल पैलेस में एमजीएम ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ झामुमो के वरिष्ठ नेता सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को सुखराम हेम्ब्रम के हाथों प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि समाज का निर्माण और राष्ट्र के उन्नति के पीछे मजदूरों का सबसे बड़ा योगदान रहता है, इसलिए, मजदूर दिवस के दिन रक्तदान शिविर आयोजित कर संदेश देने का प्रयास किया गया। इस मौके पर मुखिया मनोहर सिंह, मुखिया मंगल मांझी, अधिवक्ता महेंद्र महतो, विश्वनाथ मंडल, बुद्धेश्वर गोप, राजेन टुडू, शंकर हांसदा, वाहिद हुसैन, अंगद गोप आदि मौजूद थे।

## जिले में टॉप टेन में शामिल बच्चों को विद्यालय ने किया सम्मानित



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय गम्हरिया में एक समारोह आयोजित कर इस वर्ष बारहवीं की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर तीनों संकायों में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मिठाई लाल यादव ने बताया कि स्कूल में संसाधनों की कमी के बावजूद इन छात्र-छात्राओं ने अपने लगन और परिश्रम के बल पर बेहतर अंको से उत्तीर्ण ही नहीं हुए बल्कि जिले के टॉप टेन में शामिल होकर विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। गौरतलब है कि बारहवीं साइंस में इस विद्यालय की चार छात्राएं जिला टॉप टेन में शामिल रही जिसमे दो छात्राएं प्रथम व द्वितीय स्थान पर थी। उसी प्रकार आर्ट्स में भी इस विद्यालय की दो छात्राएं जिला टॉप टेन में रही। इस मौके पर शिक्षक संजय कुमार सिंह,अश्वनी कुमार,अनिल कुमार सिंह,धीरेंद्र कुमार तिवारी, पुष्कर सुमन, अनिमा कुमारी, छविरानी महतो, भूदेव महतो, पूर्णिमा हेंब्रम, सतीश चंद्र हलधर, ज्ञान सिंह, आशीष कुमार रवि, छाया रानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में सरायकेला चेंबर ऑफ कॉमर्स की पहल



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक सभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा विविध माध्यमों से प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में स्वेच्छा से सरायकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा भी पहल जारी है। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने चैंबर के सभी व्यापारियों से मतदान करने की अपील की। चैंबर के महासचिव मनोज चौधरी ने कहा व्यापारी वर्ग समाज का मजबूत स्तंभ है। मतदान करने के साथ ही दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना हमलोग का दायित्व है। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, सुमित चौधरी, आकाश अग्रवाल, अनमोल सेकसरिया, चुनू कमीला सहित अन्य व्यापारी शामिल थे।

# सिंहभूम को तानाशाही नहीं जनप्रिय सांसद की जरुरत : जोबा माझी

*- राजनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में झामुमो का चला प्रचार अभियान*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की साझा झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी गुरुवार को अपने मायका राजनगर प्रखंड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कुजू, तेलाई, लोदा, बंदोडीह, केलुगोट, गोलिया, श्यामसुंदरपुर, किता, बाबा तिलका माझी चौक, विश्रामपुर, बीटा, केसरगड़िया, मुरुमडीह, कटंगा आदि गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा सिंहभूम की धरती ने कभी तानाशाही को स्वीकार नहीं किया, यही कारण रहा की अंग्रेज भी यहां शासन नहीं कर सके। उन्होंने कहा सिंहभूम की जनता को तानाशाही नहीं जनप्रिय सांसद की जरूरत है। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए महागठबंधन को समर्थन देने की अपील की। जोबा माझी ने कहा महागठबंधन सरकार ही झारखंड और देश को विकास, सरल और आम जनता को मान सम्मान देने वाली सरकार दे सकती है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा सिंहभूम में हमारी लड़ाई एक भ्रष्टाचारी परिवार से है। उन्होंने जोबा माझी को शहीद परिवार की सरल, सुलभ और निर्विवाद महिला नेत्री बताते हुए कहा कि जोबा माझी जीती तो आदिवासियों का आरक्षण, संस्कृति और मान सम्मान की रक्षा होगी। कहा कि जोबा माझी मंत्री रहते बुजुर्गों की चिंता की थी, यही कारण रहा की पूरे राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू कर बूढ़े-बुजुर्गों को सहारा दिया। उन्होंने ग्रामीणों से जोबा माझी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इससे पूर्व गांवों में पहुंचने पर प्रत्याशी समेत झामुमो और कांग्रेस नेताओं का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। मौके पर जिप सदस्य पर जिप सदस्य मालती देवगम, सुलेखा हांसदा, प्रभारी प्रखंड प्रमुख सुमना देवी, कुजू की मुखिया पिंकी बारदा, राजो टुडू, कांग्रेस नेता कालीपद सोरेन समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ की ओर से धूमधाम से मनाया गया मजदूर दिवस

*- सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ने की जरूरत : अभय*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** रामकृष्णा फोर्जिंग्स कामगार संघ की ओर से एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित कंपनी गेट के समक्ष यूनियन की ओर से झंडोत्तोलन कर वर्ष 1886 के श्रमिक आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात कंपनी गेट पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के अध्यक्ष अभय लाभ ने मजदूरों को अपने हक और अधिकार के लिए संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह हक व अधिकार हमें हजारों मजदूरों के बलिदान स्वरूप मिली है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों के इशारे पर सरकार द्वारा बनाए गए कई मजदूर विरोधी नीतियों के कारण हमें कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। किंतु, हमें इसके कारण झुकना नहीं है, बल्कि और डटकर मुकाबला करना है। तभी हम अपने हक को पा सकेंगे। कार्यक्रम को कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। अंत मे यूनियन के कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर संगठन मंत्री जीपी दास, सदस्य शैलेन्द्र सिंह, नवल झा, मुकुंद महतो, राजकुमार साफी, भूपेंद्र गोराई, कुशध्वज प्रामाणिक, प्रणब गोस्वामी, प्रदीप राम, विक्रम प्रधान, नागेंद्र लाल दास, बाबूलाल यादव, प्रदीप सिंह, अशोक शर्मा समेत काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने श्रम के सम्मान में मजदूर दिवस पर भोजन का वितरण किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बुधवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एमजीएम अस्पताल में भोजन का वितरण कर मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाज सेवी जमील अख्तर उपस्थित थे। उन्होंने एमजीएम अस्पताल में कार्य कर रहे सभी कार्य करती महिला पुरुष कर्मचारी को दोपहर का भोजन में फल, ब्रेड, केला, फ्रूट केक का वितरण किया और साथ ही भीषण गर्मी से बचाव के लिए ठंडा रसना शरबत अपने हाथों से पिलाया। कार्यक्रम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,सचिव मुख्तार आलम खान, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, रिजवानुल जमा, मोहम्मद शेरू और मोहम्मद नूर ने कार्यक्रम को कामयाब बनाया।

## अखिल भारतीय किसान सभा ने मनाया मजदूर दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बोड़ाम प्रखंड के कांकीडीह गांव में अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से लाल झंडा फहरा कर किसान मजदूर एकता का प्रदर्शन किया गया। किसान सभा के बोड़ाम लोकल काउंसिल के अध्यक्ष कॉमरेड डोमन महतो ने झंडा फहराया।मौके पर सीपीएम के अंचल सचिव कॉमरेड गुरुपद महतो ने उपस्थित लोगों के समक्ष मई दिवस के ऐतिहासिक तथ्यों को विस्तार से बताया।गुरुपद ने कहा कि 8 घंटे काम का अधिकार 1889 में अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों का विशाल आंदोलन को कुचलने के लिए पुलिस ने 1 मई को मजदूरों पर जुलूस में गोली चलाई थी जिसमें कई मजदूरों की जानें चली गई थीं। इस तरह से मजदूरों ने अपनी जान देकर 8 घंटा काम का अधिकार मालिकों से लिया। परंतु आज फिर से मालिक पक्ष मजदूरों का दमन कर रहे हैं और 12- 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है। जिसके खिलाफ एक नया आंदोलन छेड़ने की जरूरत है।

## टिप ट्रेलर ने बाइक को रौंदा, बाइक सवार की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरायकेला :** सरायकेला खरसावां मुख्य सड़क पर मुक्ति पोखर के निकट एक टिप ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार सरायकेला हेंसाहुडी निवासी 40 वर्षीय झूला कवि की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी अनुसार बुधवार दोपहर लगभग दो बजे झूला कवि किसी काम से बगल के गांव बड़बिल गया हुआ था। वापसी के समय यह दुर्घटना हुआ। बताया जाता है कि टिप ट्रेलर उसे ओवरटेक कर रहा था उसके बंपर से टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। टिप ट्रेलर के सभी चक्के उसे रौंदते हुए निकल गए। जिसके कारण मृतक के सिर सहित हाथ एवं पैरों सहित शरीर के अन्य हिस्से भी चूर चूर हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा क्षत विक्षत हो गुर शव को प्लास्टिक के सहारे उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इस दुर्घटना से मात्र मृतक के परिजन ही नहीं बल्कि क्षेत्र में शोक की लहर है। कारण मृतक झूला कवि काफी मिलनसार एवं हंसमुख प्रवृति के होने के कारण सभी के साथ अच्छे संबंध थे।

## शरबत एवं शीतल जल का नि:शुल्क वितरण कर रहा हैं श्याम सेवा रथ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा इस भीषण गर्मी में अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए श्याम सेवा रथ (नि:शुल्क चलत शीतल अमृतधारा) का शुभारंभ किया गया। साकची बाजार शिव मंदिर प्रांगण से इस सेवा रथ शुभारम्भ हुआ, जो एक माह तक रोजाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घुम-घुमकर आम लोगों के बीच शरबत एवं शीतल जल का वितरण करेगा। सेवा रथ शुभारम्भ का कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। मारवाड़ी समाज के विभिन्न संस्थाओं एवं समाज के गणमान्य लोगों के सहयोग से इसका आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्मी को देखते हुए अलग-अलग दिन आम पानी, सत्तू पानी, छाज, नींबू पानी सहित अन्य शरबतों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया, जमशेदपुर में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक मतदान हो इस हेतु इस श्याम सेवा रथ के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। मौके पर समाजसेवी ओमप्रकाश रिंगसिया, कमल चौधरी, उमेश शाह, नरेश अग्रवाल, सावारमल अग्रवाल, भोला चौधरी, मिनी बबलू अग्रवाल, मोहित शाह, गिरधारी खेमका, मोहित मुनका, पिंकी अग्रवाल, संजना अग्रवाल, मनीष संघी, अनीता अग्रवाल, सिद्धि कांवटीया, शालिनी खेड़िया आदि उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती आज करेंगे नामांकन, रैली में भारी भीड़ की उम्मीद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती 3 मई को जमशेदपुर में नामांकन करेंगे। नामांकन रैली में ताकत का प्रर्दशन करने के लिए झामुमो नेता व कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं। बुधवार को बोड़ाम के कुईयानी में आयोजित बैठक के दौरान झामुमो के प्रखंड कमेटी की ओर से रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने कहा सभी पंचायत एवं ग्राम कमेटी को सक्रिय करने की जरूरत है ताकि क्षेत्र के हर गांवों से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जिले में 2019 का चुनाव सर्वाधिक मतों से जीतने वाले आंदोलनकारी एवं जुझारू नेता समीर मोहंती को प्रत्याशी घोषित किया गया है जो हमेशा जनता के लिए सक्रिय रहते हैं। इसलिए जमशेदपुर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है।बैठक के बाद प्रखंड सचिव छुटुलाल हांसदा ने कहा कि पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड से हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता हिमांशु महतो, पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, काजल सिंह, विनय मंडल व नंदलाल कुंभकार आदि मौजूद थे।

## सूफी कलाम के साथ संपन्न हुआ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स मुबारक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुनाशाह बाबा का 55वां सालाना उर्स मुबारक समापन के मौके पर जाने माने कव्वालों ने अपने कलाम पेश किया। बिष्टुपुर दरगाह में आयोजित उर्स समापन कार्यक्रम मे आए देश के जाने-माने कव्वालों ने अपना कलाम पेश किया। जिसमें प्रसिद्ध कव्वाल असलम निजामी कव्वाल एण्ड पार्टी कानपुर, यूपी और मोईन निजामी कव्वाल एण्ड पार्टी कानपुर, यूपी ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश कर मौजूद जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया।मौके पर दरगाह के गद्दी नशीन ताज अहमद, चुनाशाह बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल लतीफ़, उपाध्यक्ष मो नेयाज खान, महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन, संयुक्त सचिव डॉ जिया अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल वहाब अंसारी- उप कोषाध्यक्ष हाजी मो वसी, अजीबूल अंसारी, साजिद, मोहम्मद हनीफ आदि के अलावा दूर दराज से पहुंचे जायरीन मौजूद थे। इस अवसर पर दोनों कव्वालों ने सूफी कलाम से अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व अंतिम दिन सुबह से ही अकीदतमंदों ने चुनाशाह बाबा के दरगाह में अपनी हाजिरी देकर चादर पेश किया। यह शिलशिला देर रात तक चलता रहा। दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक लंगर का आयोजन किया गया। दरगाह कमेटी के महासचिव हाजी एस.एम. कुतबुद्दीन ने बताया, आज चार दिवसीय उर्स मुबारक का सफलतापूर्वक समापन देश के जाने माने कव्वालो के कलाम के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि काफी गर्मी की वजह से इस साल हमेशा की तुलना में कम अकीदतमंद उर्स में शरीक हुए।

## बोड़ाम के आंधारझोर में सभी चापाकल बेकार, पेयजल के लिए मचा हाहाकार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** बोड़ाम पंचायत के आंधारझोर गांव में भीषण गर्मी के कारण जलस्तर काफी नीचे चले जाने से तीनों सरकारी चापाकल बेकार पड़ा हुआ है। इसके बाद गांव की महिलाएं तालाब या अन्य स्रोतों से पानी भरने को मजबूर हैं। महिलाओं ने बुधवार को बाल्टी व डेगची लेकर चापाकलों के समक्ष प्रर्दशन किया।महिलाओं का कहना है कि गांव के वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और मुखिया को जानकारी देने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। आदिवासी-हरिजन बहुल गांव आंधारझोर में पानी की किल्लत होने की वजह से लोगों की दिनचर्या बदल चुकी है। खासकर महिलाओं का अन्य कामों के बजाय पानी भरने में ही अधिक समय बीत रहा है। ग्रामीणों ने एक आवेदन पत्र तैयार कर बीडीओ को सौंपने का निर्णय लिया है जिसमें गांव में नया चापाकल लगवाने की मांग शामिल हैं।आवेदन पत्र में पूर्णिमा सिंह, बाबूलाल सिंह, छलना सिंह, छुटुलाल सिंह, जगबंधु सिंह, सूरूपद सिंह व भारती सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल हैं।इस संबंध में बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज से पूछने पर बताया कि आज तक किसी ने उन्हें चापाकलों के खराब होने की जानकारी नहीं दी है इसलिए ऐसी स्थिति है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का आवेदन पत्र मिलने पर जल्द ही मरम्मत करवा दी जाएगी।

# इन्वेस्टिंग ओलंपियाड में एक्सएलआरआई जमशेदपुर बनी तीसरी विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर की टीम ने एनजे फैक्टर इन्वेस्टिंग में दूसरे रनर अप का खिताब अपने नाम किया है. एनजे म्यूचुअल फंड एंड असेट की ओर से आयोजित एनजे फैक्टर इन्वेस्टिंग ओलंपियाड का आयोजन किया गया था. जिसमें देश के आइआइएम के साथ ही कुल 30 बिजनेस स्कूलों की 69 टीमों ने हिस्सा लिया. इसमें एक्सएलआरआइ जमशेदपुर की ओर से जेवियर ऑनलाइन लर्निंग (एक्सओएल- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनांस प्रोग्राम ) के छात्र अंकित सिंघल, दिव्यांशु राज, रोहन बनर्जी, निकेत कुलकर्णी और ऋषभ आनंद शामिल हुए. सभी ने आज के दौर में इन्वेस्टमेंट से जुड़े अपने केस स्टडी को प्रस्तुत किया. कुल आठ टीमों को फाइनल राउंड में शामिल होने का मौका मिला. जबकि अंतिम रूप से एक्सएलआरआइ की टीम को तीसरा स्थान हासिल हुआ. तीसरा स्थान हासिल होने के बाद एक्सएलआरआइ की टीम को सर्टिफिकेट के साथ ही 2.5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

**इन आठ टीमों का फाइनल के लिए किया गया चयन**

1. आइआइएम अहमदाबाद ( टीम 1) 2. आइआइएम अहमदाबाद ( टीम 2) 3. आइआइएम नागपुर 4. बिट्स पिलानी 5. केजे एसएमआइआर 6. पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी 7. सेंट कबीर इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज 8. एक्सएलआरआइ जमशेदपुर

**ये रहे विजेता**

**क्रम- संस्थान- प्राइज मनी**

1. आइआइएम अहमदाबाद- 5 लाख 2. पंडित दीनदयाल एनर्जी यूनिवर्सिटी - 3.75 लाख 3. एक्सएलआरआइ जमशेदपुर- 2.5 लाख

## जमशेदपुर लोकसभा सीट से तीन लोगों समेत कुल 7 ने किया नामांकन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है. इसके तहत गुरुवार को कुल तीन लोगों ने नामांकन दाखिल किया. जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के स्तर पर नामांकन दाखिल कराया गया. सारे प्रत्याशिया ने अपनी कागजी कार्रवाई पूरी कर नामांकन दाखिल किया. नामांकन दाखिल करने वालों में भारतीय आजाद सेना के अरुण कुमार शर्मा, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के धार्मू टुडू और निर्दलीय प्रत्याशी जुझार सोरेन ने अपना नामांकन दाखिल किया. इससे पहले भाजपा के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, निर्दलीय सौरभ विष्णु, राइट टू रिकॉल पार्टी से मनीष कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक्स के अशोक कुमार नामांकन कर चुके है. 25 मई को जमशेदपुर में मतदान होना है. इस बार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक लोग मतदान कर सकेंगे।

## कांग्रेस ने चांडिल में खोला चुनाव कार्यालय, पहुंचे यशस्विनी, सुप्रियो भटाचार्य, सुबोध कांत व सविता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** लोक सभा चुनाव को देखते हुए चांडिल डैम रोड़ स्थित सन सिटी कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। वही कार्यलय की उद्घाटन कांग्रेस के रांची लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय व ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान झामुमो के केंद्रीय महासचिव समेत सभी ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा, मोदी सरकार के द्वारा बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा के प्रति अनदेखी किया गया। भाजपा का कोल्हान से तो सफाया कर ही दिया है। इस बार रांची से भी बीजेपी का सफाया हो जायेगा ।ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में जनता जाग चुके हे। इस बार कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है।

संपादकीय

## क्यों बदल गए प्रधानमंत्री

**यह** लोकसभा का चुनाव है, न कि किसी धार्मिक संस्थान के लिए चुनाव कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को सांप्रदायिक बयान देने को बाध्य होना पड़ा, उसकी उलट प्रतिक्रिया में करीब 2000 शिकायतें चुनाव आयोग को भेजी गई हैं। कांग्रेस ने जो 17 शिकायतें की हैं, वे इनसे भिन्न हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर आयोग क्या निर्णय लेता है, उससे उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता जुड़ी है। 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 6 शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन हमारी व्यवस्था 'दंतहीन' है। आज एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषन की याद आ रही है, जिन्होंने साबित कर दिया था कि चुनाव आयोग के पास हथियार, अधिकार और पैने दांत भी हैं। वह सत्ता-पक्ष का 'पायदान' नहीं है। बहरहाल इन शिकायतों के निपटारे से अहम देश के प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व है। वह समूचे राष्ट्र के हैं, तो सभी धर्मों, संप्रदायों, नस्लों, मतों, लिंगों और भाषाओं के भी हैं। बेशक उनका निजी धर्म और आस्था हिंदुत्व से जुड़ा है, लेकिन जब वह देश को संबोधित कर रहे होंगे या आह्वान कर रहे होंगे, तो वह पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष होंगे। प्रधानमंत्री किसी एक धर्म के प्रचारक या समर्थक नहीं हो सकते। दरअसल प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री मोदी की जुबां, भाषा, आह्वान और तेवर बदल गए हैं। आजकल प्रधानमंत्री राम मंदिर, काशी और ब्रज, रामनवमी, हनुमान चालीसा, मंगलसूत्र और हिंदू बनाम मुसलमान के मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। अलबत्ता प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10-साला कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही है। दुनिया में भारत की हैसियत की व्याख्याएं की हैं। इस बार 2024 का जनादेश वह 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांग रहे हैं। अचानक यह बदलाव क्यों आया कि देश के प्रधानमंत्री राम नाम, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और हनुमान चालीसा की चिंता करने लगे हैं और देश की करीब 15 फीसदी मुस्लिम आबादी को 'घुसपैठिया' करार देने लगे हैं। क्या प्रधानमंत्री भाजपा के कट्टर और सनातन मतदाता के समर्थन के लिए बदल रहे हैं? प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था, विकास दर, विश्व की आर्थिक महाशक्ति, विश्व का सबसे विशाल मैन्यूफैक्चरिंग हब, सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माता, विमान और हेलीकॉप्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता, जी-20, जी-7, सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता आदि महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों को या तो भूल गए हैं अथवा नेपथ्य में डाल दिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस, नल में जल, शौचालय, जन-धन खाते, बिजली, चमकदार राजमार्गों, विश्वकर्मा योजना, कौशल विकास, 220 करोड़ मुफ्त कोरोना टीकों आदि का जिक्र भी बहुत कम करते हैं। ऐसा लगता है मानो किसी ने 'दहशत का बटन' दबा दिया है और प्रधानमंत्री को हिंदुत्व पर ज्यादा आक्रामक होना पड़ा है। शायद प्रधानमंत्री को एहसास हो गया है कि विकास और बढ़ोतरी के मुद्दे पर वोट कम मिलेंगे तथा आक्रामक धार्मिकता से ध्रुवीकरण होगा और बहुसंख्यकों के बहुमत के वोट भाजपा-एनडीए के पक्ष में आएंगे! प्रथम चरण के मतदान के ठोस संकेत, अपने-अपने माध्यमों से, मिल चुके हैं। भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले बेहद कांटेदार हैं। अलबत्ता भाजपा के चेहरे से 400 पार की खुशी कुछ गायब लग रही है। मोदी-विरोधी लहर की खुशी विपक्ष के चेहरों पर भी मद्धिम पड़ गई है। मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर गरम लू का मौसम होगा। क्या अब प्रधानमंत्री अपनी बदली जुबां और विषय के साथ ही मतदाताओं से वोट की अपील करते रहेंगे?

> प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर आयोग क्या निर्णय लेता है, उससे उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता जुड़ी है। 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 6 शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन हमारी व्यवस्था 'दंतहीन' है। आज एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषन की याद आ रही है, जिन्होंने साबित कर दिया था कि चुनाव आयोग के पास हथियार, अधिकार और पैने दांत भी हैं। वह सत्ता-पक्ष का 'पायदान' नहीं है। बहरहाल इन शिकायतों के निपटारे से अहम देश के प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व है। वह समूचे राष्ट्र के हैं, तो सभी धर्मों, संप्रदायों, नस्लों, मतों, लिंगों और भाषाओं के भी हैं।

राजधानी काठमांडू में सरकारी भवनों के सामने कान फोड़ देने वाला षंखनाद की अपनी मांगों का स्वर नेपाल के आकाष में गुंजा दिया

## नेपाल में हिंदू राष्ट्र के लिए शंखनाद

प्रमोद भार्गव

> नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोशित किए जाने की मांग के लिए षंखनाद षुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजषाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुशों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में षामिल हैं। इस प्रदर्षन की अगुआई मुख्य रूप से राश्ट्रवादी राश्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेश्ठ की मांग है कि नेपाल में राजषाही की पुनर्बहाली हो, देष में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राश्ट्र घोशित किया जाए।

**भारत** के पड़ोसी और धार्मिक व सांस्कृतिक एकरूपता से जुड़े देष नेपाल में हिंदू राश्ट्र घोशित किए जाने की मांग के लिए षंखनाद षुरू हो गया है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजषाही के पक्ष में आंदोलन कर रहे हैं। इस मांग में पुरुशों के साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में षामिल हैं। इस प्रदर्षन की अगुआई मुख्य रूप से राश्ट्रवादी राश्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेश्ठ की मांग है कि नेपाल में राजषाही की पुनर्बहाली हो, देष में संघीय व्यवस्था लागू हो और इसे हिंदू राश्ट्र घोशित किया जाए। इन प्रदर्षनकारियों के हाथों में षंख थे, जिनसे लोगों ने राजधानी काठमांडू में सरकारी भवनों के सामने कान फोड़ देने वाला षंखनाद की अपनी मांगों का स्वर नेपाल के आकाष में गुंजा दिया। इस समय नेपाल में भारत में जिस तरह से धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान हो रहा है, उसका अनुकरण भी देखने में आ रहा है। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राश्ट्र घोशित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजषाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। इस आंदोलन को 'राश्ट्र, राश्ट्रवाद, धर्म, संस्कृति और नागरिकों की रक्षा के लिए अभियान' का दर्जा दिया जा रहा है। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिश्ठ संबंध थे, लेकिन अब वह नियमित रूप से आलोचना कर रहे हैं। इसी समय राजषाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राश्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बनाया है। पूर्व नरेष ज्ञानेंद्र षाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में भी होने वाली पूजा में षामिल हो रहे हैं। राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिश्ठा के बाद इस मांग में तेजी आई है। हालांकि यह मांग कोई नई नहीं है। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बाहदुर देउबा अप्रैल-2022 में भारत आए थे। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद से ही जनता में नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने मांग जोर पकड़ रही है। इस मांग में नेपाल के मुस्लिम भी शामिल हैं। इस दोस्ताना शिखर-वार्ता से तय हुआ था कि नेपाल चीन के विस्तारवादी शिकंजे से मुक्त होने की राह पर चल पड़ा है। नेपाल ने अब भरोसा दिया है कि सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं होगा और जल्द इस विवाद को द्विपक्षीय बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के चलते भारत ने नेपाल में 75 विकास परियोजनाएं जमीन पर उतारी हैं। भारत के आर्थिक सहयोग से तैयार बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था तक रेल सेवा का उद्घाटन भी किया था। याद रहे दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध रामायण काल से चले आ रहे हैं। राम की धर्मपत्नी सीता नेपाल के जनकपुर से थीं। भारत के धार्मिक श्रद्धालुओं को यह रेल जनकपुरधाम तक पहुंचाना आसान कर देगी। हालांकि इस मुलाकात के कुछ समय बाद ही नेपाल में सत्ता परिवर्तन हुआ और मओवादी चीन से प्रभावित पुश्प कमल दहल 'प्रचंड' फिर से प्रधानमंत्री बन गए थे। दरअसल नेपाल की कम्युनिष्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदू राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़त प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है। गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। पिछले महीने राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल छह साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनस्थापना की मांग उठ रही है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आज तक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा है कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे ? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है। नेपाल के उत्तर में चीन का स्वायत्तशासी प्रदेश तिब्बत है। जिसे चीन निगलता जा रहा है। दक्षिण पूर्व व पश्चिम में भारत की सीमा लगती है।



दृष्टि कोण

## आखिर कहां चली गई बच्चों की मस्ती और मौज

**एक** समय था जब गर्मियों की छुट्टियों का नाम सुनते ही गांव की खुली हवा, दादी-नानी का आंगन नीम की छांव में चहलकदमी करते बच्चें, पेड़ों में डले झूलें, परंपरागत खेल याद आने लगते थे। गर्मियां आने से पहले ही दादी-नानी, बुआ-मौसी के घरों में गर्मियों की छुट्टियों की तैयारियां शुरू हो जाया करती थी, जिनका आनंद सुहाना लगता था। दरअसल, यह एक ऐसा अवसर होता था जब परिवार के सभी भाई-बहनों का जमावड़ा एक साथ एक जगह एक ही समय पर होता था। घर का माहौल शादी-ब्याह के समारोह जैसा लगने लगता था। बच्चे भी स्कूल और पढ़ाई के तनाव से कुछ पल के लिए छूट जाते थे और प्रकृति की गोद में हस्ते खिलखिलाते थे । हालांकि स्कूल के द्वारा गृहकार्य या होमवर्क बराबर मिलता था लेकिन वह भी विशेषकर इमला-राइटिंग या निबंध-पहाड़े लेखन आदि से आगे कम ही होता था। यह एक ऐसा समय होता था जब छुट्टियों का अलग ही आनन्द होता था। जब माता-पिता बड़े-बूढ़ों के दबाव में स्कूल की छुट्टियों का काम करने का दबाव न बना पाते थे और बच्चे प्रतिदिन के जकड़न भरे नियमों से दूर हो लेते थे, जो उन्हें तनाव मुक्त रखने में काम आते थे साथ ही उनकी यादों के कैलेण्डर में एक खूबसूरत सा अध्याय जुड़ जाता था जिसे वो अपनी स्मृति में संजो लेते थे। आज भी ऐसे अनगिनत किस्से हमारी यादों के पिटारे में मौजूद हैं जिनमें हमने बंधन मुक्त मौज-मस्ती से भरी छुट्टियों का आनन्द लिया था। लेकिन अब ज्यादातर मामलों में ऐसा देखने को नहीं मिलता। आज की गर्मियों की छुट्टियां पहले से विकसित हो गई हैं। आज भी गर्मियां आते ही बच्चों को जिस बात का सबसे ज्यादा इंतजार रहता है, वो है स्कूलों की छुट्टियां। बच्चों के लिए यह किसी जश्न से कम नहीं होता। लेकिन अब हम पहले जैसी छुट्टियों की स्वतंत्रता को खोते जा रहे हैं। अब हम ज्यादा विकसित और समझदार छुट्टियां गुजारने लगे हैं, जिससे बच्चों पर दबाव कम होने की बजाय उन पर अनचाहा दबाव बनाते जा रहे हैं। जिससे बच्चा एक स्कूल से निकल दूसरे स्कूल के चक्कर में फंसता जा रहा है।



शहरी संस्कृति के समर कैंप, एक्स्ट्रा क्लासेस, दुनियाभर की एक्विटीज के जाल से बच्चे अपनी छुट्टियों की आजादी को एन्जॉय ही नहीं कर पा रहे हैं। वे अब परंपरागत खेलों से अनजान होते दिखाई दे रहे हैं गिल्ली-डंडा, खो-खो, कोड़ा मार, लुका-छुप्पी, गुटटे, गिप्पा आदि अनेक खेलों का जन्म इन्हीं गर्मियों की छुट्टियों की देन है, जिन्हें आज की पीढ़ी नहीं जानती। आज की पीढ़ी इन्हें मोबाइल गेमों में तलाश रही है। जिन खेलों का जन्म ही शारीरिक विकास के लिए किया गया होगा उन्हें ऑन स्क्रीन गेम की तरह एंजॉय करना विकसित छुटिटयों की देन है। बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां ऐसी होनी चाहिए जहां सालभर की भागम-भाग से इतर, स्कूल की आपा-धापी न हो, न ही सुबह की गहरी नींद से उठने का कोई नियम बनाया जाए और उन्हें ऑनस्क्रीन खेलों में माहिर नहीं बल्कि नए-नए खेलों के स्वतंत्र रचनाकार बनाया जा सके। कोई दबाव और पाबंदी न हो। आज के दौर में जहां ज्यादातर घरों में माता-पिता दोनों ही कामकाजी हैं, वहां कुछ समय निकालकर बच्चों की छुट्टियों को यादगार बनाने का प्रयास किया जा सकता है। यह परिवार के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक कदम हो सकता है। हालांकि गर्मियों की छुट्टियां घर में थोड़ा काम बढ़ाने वाली हो सकती हैं लेकिन यह सही समय होता है जब हम अपने बच्चों को कई रचनात्मक कार्यों को करना सिखा सकते हैं, साथ ही उनकी कल्पना शक्ति को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। अनावश्यक रूप से उन पर एक्स्ट्रा क्लासेज का दबाव उन्हें काम के दबाव से निपटने का रास्ता निकालने नहीं देता। हम बच्चों को इस समय आउटडोर गेम की महत्ता समझा सकते हैं, जरूरतमंदों की मदद करना सिखा सकते हैं, नए स्थानों की खोज की जिज्ञासा उत्पन्न कर सकते हैं। परिवार के साथ अलग-अलग तरह के खेलों को मिलकर खेलना सिखा सकते हैं, घर पर विज्ञान और मनोरंजन के महत्व को समझा सकते हैं, उन्हें अच्छे प्लानर बनने में मदद कर सकते हैं। उनकी गर्मियों की छुट्टियों की रूपरेखा उन्हीं के अनुसार बनाकर पढ़ाई और खेल-कूद में बराबर का ताल-मेल बैठा सकते हैं। गर्मियों की छुट्टियां आज के दौर के बच्चों के लिए पहले से भी ज्यादा खास हो जाती हैं। यदि हम कुछ विशेष बातों का ख्याल रखें तो हम अपने बच्चों की छुट्टियों को न केवल खास बना सकते हैं बल्कि उन्हें अनेक नई बातों को सीखने-समझाने का माध्यम भी बन सकते हैं। उन्हें तनाव मुक्त भी रख सकते हैं ताकि वे अपनी गर्मियों की छुट्टियों को पूरा इंजॉय कर सके, जिससे वे अपने आपको पूरी ऊर्जा के साथ आने वाले नए सत्र के लिए तैयार कर सकें। साथ ही खुद को सिलेबस के बोझ तले दबा हुआ न महसूस करें बल्कि खुद को विपरीत परिस्थिति से उभारने वाले योद्धा के तौर पर तैयार करें ।

कुछ अलग

## गुरु, गोविंद दोऊ खड़े...

**संत** कबीर का प्रसिद्ध दोहा : 'गुरू, गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरू आपने, जिन गोविंद दियो बताय', हम सबने सुन रखा है। पंद्रहवीं शताब्दी के महान कवि और संत कबीर जी के सधुक्कड़ी एवं पंचमेल की खिचड़ी में रचे दोहे जनमानस में लोकप्रिय तो हैं ही, प्रेरणा का बड़ा स्रोत भी हैं। संत कबीर ने हर धर्म और वर्ग को सीख दी है। वे एक ऐसे संत थे जिन्होंने दिखावे के फालतू कर्मकांड को नकारा और सहज जीवन की व्याख्या की। गुरू की महत्ता पर उन्होंने कई दोहे रचे। अपने सर्वाधिक लोकप्रिय और प्रचलित दोहे में उन्होंने गुरू को नमन करते हुए कहा कि अगर गुरू और भगवान दोनों साथ-साथ खड़े हों तो मैं पहले गुरू को नमन करूंगा क्योंकि भगवान तक पहुंचने का रास्ता गुरू ने ही दिखाया है। गुरू की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संत कबीर ने कहा कि 'गुरू बिन ज्ञान न ऊपजै, गुरू बिन मिलै न मोष, गुरू बिन लखै न सत्य को, गुरू बिन मिटै न दोष', यानी बिना गुरू के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों में जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखलाने वाले गुरू हैं। बिना गुरू के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता, उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता, फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अतः गुरू की शरण में जाओ, गुरू ही सच्ची राह दिखाएंगे। इतना ही नहीं, संत कबीर ने यह भी कहा कि गुरू और पारस के अंतर को सभी ज्ञानी पुरुष जानते हैं, पारस मणि के विषय में जग विख्यात है कि उसके स्पर्श से लोहा भी सोना बन जाता है, किन्तु गुरू तो इतने महान हैं कि अपने गुण-ज्ञान में ढालकर शिष्य को अपने जैसा ही महान बना लेते हैं। 'गुरू पारस को अन्तरो, जानत हैं सब संत, वह लोहा कंचन करे, ये करि लेय महंत', में संत कबीर ने यही कहा है। स्पष्ट है कि किसी समर्थ गुरू के मार्गदर्शन के बिना आध्यात्मिक जगत में जाने का इच्छुक व्यक्ति यूं ही गोल-गोल घूमता रह सकता है। गुरू ही सीधा और सरल मार्ग दिखा सकते हैं। संतों की महिमा इसीलिए है, जिसे हर धर्म ने स्वीकार किया है। परेशानी इसके बाद हुई जब गुरू को ही भगवान मान लिया गया। गुरू के नाम की माला पहन ली गई, गुरू की आरती शुरू हो गई और भगवान बिसर गए। कबीर दास जी ने जब 'काके लागूं पांय' कहा तो सिर्फ ये समझाना चाहा कि गुरू के बिना ज्ञान नहीं मिलता, लेकिन ज्ञान तो परमात्मा का मिलता है न? फिर परमात्मा की महत्ता कम कैसे हो गई? गुरू, सिर्फ गुरू है, गोविंद नहीं, राह तो गोविंद तक जाने की है, परमात्मा तक जाने की है। गुरू भगवान नहीं है। गुरू नानक देव जी ने हर जगह राम-राम जपा है। दसों गुरुओं ने राम के गुण गाए हैं, अपने नहीं। संत रविदास ने राम के गुण गाए हैं, अपने नहीं। बाकी संतों ने भी परमात्मा के ध्यान की बात कही है, किसी भी सच्चे गुरू ने कभी नहीं कहा कि मुझे पूजो। किसी भी सच्चे गुरू ने कभी नहीं कहा कि भगवान को छोडक़र मेरी माला जपो। 'सहज संन्यास मिशन' में भी हम यही कहते हैं कि कोई गुरू आपको अध्यात्म की सीढियां चढना तो सिखा सकता है, पर वह आपका कोच है, आपका ट्रेनर है, आपका मैंटॉर है, और हम सब भगवान का प्रतिरूप हैं, इस रूप में गुरू भी भगवान है, पर भगवान का विकल्प नहीं है, परमात्मा का सब्स्टीट्यूट नहीं है। हम फिर सिर्फ गुरू को ही भगवान मानकर नहीं पूजते, बल्कि इस ब्रह्मांड की हर जड़-चेतन वस्तु में भगवान के दर्शन करते हैं। हर धर्म की तरह 'सहज संन्यास मिशन' की भी यही मान्यता है कि परमात्मा को हम किसी भी नाम से पुकारें, या किसी भी रूप में पहचानें, परमात्मा एक ही है और इसी एक कारण से घट-घट में है।

देश दुनीया से

## संस्कृतिविहीन और पथभ्रष्ट होता हिमाचली युवा

> आज हमारे हजारों युवक युवतियां जहां शिक्षा से प्राप्त ताकत के बलबूते भारत और विदेशों में अपनी प्रतिभा का डंका बजवा रहे हैं, तो वहीं कुछ युवाओं का रुझान शिक्षा में कम और आवारागर्दी में ज्यादा व्यतीत हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमाचलियों की जीवनशैली और मानसिकता में काफी बदलाव आ चुके हैं। अब हिमाचली पहले वाले शांत, धीर गंभीर और धैर्यवान नहीं रहे हैं। भौतिकतावाद, अमीरी-गरीबी की बढ़ती खाई, नशे के बढ़ते प्रचलन और दिखावटी संस्कृति का प्रभाव हमारी युवा पीढ़ी पर भी पड़ा है। कई बिगड़ैल युवा अच्छी तरह से पढ़-लिखकर कुछ बनने की बजाय गलत संगत के चलते पहले पढ़ाई लिखाई से विमुख होकर फिर नशे के आदी बनकर और आवारागर्दी करते हुए अपनी युवावस्था के चुनिंदा बेहतरीन वर्षों को बर्बाद कर मानसिक अवसादग्रस्त होकर परिवारों और समाज के लिए एक नासूर बन चुके हैं।

**हिमाचल** प्रदेश ने विकास पथ पर 1948 से लेकर आज तक एक लंबा सफर तय किया है और उसका लाभ अनेकों क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा साक्षरता के क्षेत्र में भी दर्ज हुआ है। आज हमारे हजारों युवक युवतियां जहां शिक्षा से प्राप्त ताकत के बलबूते भारत और विदेशों में अपनी प्रतिभा का डंका बजवा रहे हैं, तो वहीं कुछ युवाओं का रुझान शिक्षा में कम और आवारागर्दी में ज्यादा व्यतीत हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमाचलियों की जीवनशैली और मानसिकता में काफी बदलाव आ चुके हैं। अब हिमाचली पहले वाले शांत, धीर गंभीर और धैर्यवान नहीं रहे हैं। भौतिकतावाद, अमीरी-गरीबी की बढ़ती खाई, नशे के बढ़ते प्रचलन और दिखावटी संस्कृति का प्रभाव हमारी युवा पीढ़ी पर भी पड़ा है। कई बिगड़ैल युवा अच्छी तरह से पढ़-लिखकर कुछ बनने की बजाय गलत संगत के चलते पहले पढ़ाई लिखाई से विमुख होकर फिर नशे के आदी बनकर और आवारागर्दी करते हुए अपनी युवावस्था के चुनिंदा बेहतरीन वर्षों को बर्बाद कर मानसिक अवसादग्रस्त होकर परिवारों और समाज के लिए एक नासूर बन चुके हैं। हिमाचल में अब रोजाना नशीले पदार्थों और मार-काट की खबरें आम हो गई हैं। ताजा घटनाक्रम में एक सिरफिरे युवक द्वारा पालमपुर के स्थानीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा पर दराट से किया गया जानलेवा हमला सुर्खियों में है। घटना इतनी वीभत्स थी कि लडक़ा सीसीटीवी फुटेज में युवती पर लगभग एक दर्जन वार करता दिख रहा है। शुक्र है कि युवती की जान बच गई। इससे पहले शिमला के माल रोड इलाके में एक युवक की तेज धारदार हथियार से हत्या किए जाने का मामला सामने आया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं पालमपुर बस अड्डे के पास घटी घटना से लोगों में पुलिस के प्रति भारी रोष है। एक नागरिक सोशल मीडिया में लताड़ लगाते हुए लिखते हैं कि थोड़ी सी शर्म कर लो, पालमपुर पुलिस चालान काटने को हर मोड़ पर तैनात रहते है, लेकिन आम पब्लिक को सुरक्षा कौन मुहैया करवाएगा? घटना को लेकर अब युवतियों के अभिभावक भी चिंता में हैं। यह नितांत सत्य है कि आप हिमाचल के किसी भी महत्वपूर्ण स्थल या शहर में चले जाईये आपको पुलिस नाम की कोई व्यवस्था देखने को नहीं मिलेगी। सिर्फ बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए चंद कर्मी दिख जाएंगे, लेकिन हथियारबंद पुलिस सुरक्षाकर्मी कहीं नहीं दिखेंगे जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगे। थानों में पुलिस कर्मचारियों का नितांत अभाव है और अफसरशाही की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है कि वह क्या देख रही है? कार्रवाई करने और तफ्तीश करने वाले पुलिस कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ गया है और पुलिस गश्त न के बराबर ही है। यह चिंता का विषय है कि कहीं कहीं लडक़ों के साथ लड़कियां भी नशे में धुत देखने को मिल रही हैं। कई लड़कियां घरों से निकलकर लडक़ों से दोस्ती के नाम पर सुनसान इलाकों में विचरण करती दिख जाएंगी। लड़कियों से भी मर्यादित आचरण की अपेक्षा है। आज छोटी मोटी बात पर आपा खोकर लोगों द्वारा अपराध की घटनाओं को अंजाम देने के मामलों में दोषपूर्ण परवरिश, सामाजिक माहौल को दोषी करार दें या गलत संगत को, यह समस्या



मनोवैज्ञानिकों के विवेचन व विश्लेषण का विषय है। पुलिस के लिए भी इस प्रकार के मसले और अपराधियों की विकृत मानसिकता चिंता का कारण बनी हुई है। बच्चों और युवा मन तथा दिमाग पर अपराध से जुड़ी फिल्मों, वेब सीरीज और फेसबुक में परोसी जा रही गंदी रील्स का बुरा असर पड़ रहा है जो उन्हें आपराधिक कार्यों के लिए प्रेरित करती हैं। यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों में आईटी क्रांति के चलते लोगों के सामाजिक संपर्कों और मेलमिलाप में कमी आई है और रिश्तों में दूरियां बढ़ी हैं और स्नेह, अपनत्व और आपसी सद्भाव घट गया है। वर्तमान समय में युवा अपने दिन का अधिकांश समय इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्मों पर बिताता है और साइबर अपराध, साइबर बुलिंग और हिंसक वीडियो गेम सहित गंदी वीडियो देखने के लिए अभिशप्त है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि बच्चे देश के भावी नागरिक होते हैं। लिहाजा उनके पालन पोषण, शिक्षा और विकास के मद्देनजर घर परिवार, स्कूल एवं समाज में बेहतरीन शैक्षिक और सुसंस्कृत वातावरण तैयार करना माता-पिता तथा समाज का दायित्व बनता है। यदि हम बच्चों को नैतिकता से परिपूर्ण आदर्श नागरिक बनाने में चूक गए तो समझो वे आगे चलकर उद्दंड एवं आपराधिक गतिविधियों के सरगना ही बनेंगे।

आप का नजरीया

## ढर्रे में मशगूल कब तक

**हिमाचली** नजरिए के सूत्रधार हर चुनाव को पुकारते हैं, लेकिन बहुत कम ऐसे चेहरे हैं जिन्हें मुकम्मल जहां मिलता है। विधायक प्राथमिकताओं के अक्स में हमारे प्रतिनिधि उन्हीं घिसे-पिटे मंतव्यों के पीछे भागते हुए नजर आते हैं। वर्षों बाद भी हम पर्यटन की वकालत में सिर ढूंढते हैं, लेकिन यह नहीं सोच पाए कि इस क्षेत्र में अति अव्वल होने की प्राथमिकता क्या है। इसी तरह उद्योगों की धूल में बीबीएन को ढांप दिया, लेकिन हिमाचली युवा की क्षमता में धंधे शुरू नहीं कर पाए। स्वरोजगार या उद्यमशीलता के न पाठ्यक्रम और न ही प्रतिस्पर्धा पैदा हुई। नवाचार की काबिलीयत में हमारी उच्च शिक्षा या तकनीकी ज्ञान पहुंचा ही नहीं। ताज्जुब यह कि हमारे उच्च शिक्षित बच्चे चंडीगढ़, गुडग़ांव, मोहाली, नोएडा, दिल्ली, पुणे, हैदराबाद, मुंबई व बेंगलूर जैसे शहरों के आईटी क्षेत्र में सम्मानित स्थान और पगार पा रहे हैं, लेकिन हिमाचल की सियासत ने आज तक कोई आईटी पार्क स्थापित नहीं होने दिया। वैसे वर्तमान सरकार में कैबिनेट रैंक प्राप्त आईटी सलाहकार हैं, लेकिन उनके ही जिला का चैतड़ू आईटी पार्क उपेक्षा की सूलियों पर टंगा है। हमारे भीतर राजनीतिक इच्छा शक्ति होती तो प्रदेश में कम से कम आधा दर्जन आईटी पार्क अब तक सॉफ्टवेयर ज्ञान को आसरा दे चुके होते। हमारे नेता कब से पारंपरिक मेलों को सियासी मेलों में परिवर्तित कर चुके हैं, लेकिन लोक कलाकार बेरोजगार बनकर खड़ा है। अगर कायदे से मेलों, सांस्कृतिक समारोहों, पारंपरिक व धार्मिक त्योहारों का सही प्रबंधन करें, तो इससे पैदा होती आर्थिकी से लोक कलाओं और लोक कलाकार को प्रश्रय मिलता। हमारे विकास का राज्य स्तरीय नक्शा नहीं और न ही युवा क्षमता को रास्ता मिलता है। ऐसे में जो सफल हुए, उन्होंने देश-विदेश के ज्ञान से ही बहुत कुछ पाया, लेकिन सियासत निजी क्षेत्र को अपनाने से कतराती है। यह दीगर है कि बीबीएन के आसरे भी एक सियासत पनपती है और खड्डों की रेत को छानकर राजनीति की आलंबरदारी परवान चढ़ती है। काश ! मतदाता नेताओं को उनके नजरिए पर तौलते। नजरिया किसी विधानसभा क्षेत्र में खुलने वाला बस डिपो, कालेज और कोई कार्यालय नहीं, बल्कि रोजगार की अधोसंरचना में किया गया प्रयास है। कभी हिमाचल का सेब आधारित उद्योग पूरे देश को जूस पिलाने लगा था, लेकिन अब सब उजड़ गया। ब्रांड हिमाचल के नाम पर आज भी भुट्टिको के मार्फत हमें एक हिमाचली टोपी, शाल व स्कार्फ मिल रहा है या स्वयं सहायता समूहों ने सिड्डू की खुशबू विदेशों तक फैला दी, वरना राजनीतिक लफ्फाजी ने हर संभावना को ताक पर रख दिया। ऐसे में सिने टूरिज्म को अगर राज्य अपना लेता तो प्रदेश की ब्रांडिंग में आर्थिक तरक्की के साथ लोक कलाकारों का भी प्रोफेशन आगे बढ़ जाता। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने फिल्म सिटी की वकालत करते हुए जो संभावनाएं देखी हैं, उनको वर्षों से महसूस करके भी यह राज्य अपने ढर्रे में मशगूल है। ऐसा नहीं कि नीति नियंता फिल्म पॉलिसी तक नहीं पहुंचे, लेकिन इसकी फर्ज अदायगी खेल नीति की तरह हो गई।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जबड़ा बेरियर के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के जबड़ा नाका के पास आवश्यक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान आरक्षी अधीक्षक चतरा के आदेशानुसार जिले के सभी प्रमुख मार्गो पर चलाया गया। जबकि सिमरिया थाना के जबड़ा बेरियर की जांच इंस्पेक्टर उमेश राम ने करते हुए एसपी चतरा के आदेशानुसार सभी छोटी एवं बड़ी वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। हालांकिं चेकिंग अभियान में किसी तरह का आपत्तिनजक सामग्री नहीं मिली है। मौके पर कई सशस्त्र बल शामिल थे।

# आयोजित नवदिवसीय श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का विधिवत हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सोपारम में 24 अप्रैल से प्रारंभ हुए श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का दो मई को हवन पूर्णाहुति के साथ विधिवत समापन किया गया। आयोजित इस महायज्ञ के प्रत्येक दिन संध्या में अयोध्या धाम से चलकर आए जगतगुरु श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज के द्वारा मधुर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं बनारस से आए हुए यज्ञ आचार्य महाराज जय नारायण मिश्र एवं उनके सहयोगियों के द्वारा श्री रुद्र चंडी महायज्ञ को पूरे विधि विधान से संपन्न करवाया गया। आयोजित इस महायज्ञ में पूरे नव दिनों तक अखंड हरी कीर्तन एवं प्रत्येक दिन यज्ञ समिति के द्वारा अखंड भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशांत कुमार, अवध सिंह, बीरेन्द्र सिंह एवं मनीष सिंह के द्वारा भंडारे में सहयोग किया गया। शांति व भक्ति पूर्ण माहौल में समापन किए गए इस, महायज्ञ का क्षेत्र में चहूँ ओर चर्चा है। वहीँ महायज्ञ की समाप्ति के उपरांत ग्राम वासियों को भाव विभोर देखा गया, सभी ग्राम वासियों ने यज्ञ आचार्य एवं कथावाचक को श्रद्धा पूर्ण विदा किया। इस महायज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष नंद कुमार पाठक, सचिव ब्रजकिशोर पांडे, उपसचिव नरेश दास, राम पदारथ दास, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, संयोजक रवीन्द्र नाथ दास, मुख्य यजमान प्रमोद दास,एवं ग्रामीण गौतम दास, मुरली दास, रामनारायण दास, मुख्तार दास, विजय दास, जीवन दास, रोहित कुमार सिंह, श्री राम कुमार, अमित कुमार, विवेक कुमार आनंद, सुशील कुमार, रवि शंकर कुमार, विपुल पाठक, अभय दास, शैलेश दास, दिनेश दास, अंकित कुमार, मुखिया किशुन राम मुनेश्वर राम, सहित सम्पूर्ण ग्राम वासी का सहयोग सराहनीय रहा।

# कोयला लदा ट्रक पलटा, कोयला हुआ छितर वितर, सड़क अवरुद्ध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के कसारी मोड़ गोनिया के समीप कोयला लदा ट्रक जेएच 028 बी2971 दोपहर पलट गई। जिससे ट्रक में लदा कोयला मुख्य सड़क पर छितर वितर हो गया। जबकि यह मुख्य सड़क चतरा और सिमरिया से रांची और लातेहार को जोड़ती है। वैसे में अन्य वाहनों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उक्त चालक से बात करने पर चालक ने बताया कि खलारी से कोयला लौड़ कर चंदवा कोयला साइडिंग में कोयला खाली करने के लिए चला था। किंतु कसारीमोड के समीप तीखा मोड़ होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे लौड़ कोयला सड़क पर विखर गया। वैसे चालक को हल्की चौटे आई हैं । किंतु हैरत की बात है कि खलारी से कोयला लौड़ ट्रक या हाईवा टंडवा से हीं मुरपा बालूमाथ होते टोरी जाती है। तो आखिर सिमरिया जबड़ा होकर क्यों जा रही थी ट्रक। इस तरह पलटी हुए ट्रक पर संदेह की सुई घूमती नजर आ रही है।

## रोजगार से सबंधित किसी भी प्रकार के लेन-देन से रहें सावधानः एनटीपीसी, नॉर्थ करणपुरा



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत सरकार का एक उपक्रम होने के नाते ढांचागत रिक्रुटमेंट पॉलिसी का पालन करता है। जिसपर एनटीपीसी उत्तरी कर्णपूरा प्रबंधन ने सभी जनमानस से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आग्रह किया है कि, किसी भी व्यक्ति/एजेंसी को एनटीपीसी में रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर किसी प्रकार का लेन-देन ना करें। अगर किसी सहायक एजेंसी अथवा अन्य व्यक्ति के द्वारा एनटीपीसी में रोजगार दिलाने के नाम पर पैसे की माँग की जाती है तो अतिशीघ्र उसकी जानकारी एनटीपीसी कार्यालय अथवा नीचे दिये गये ई-मेल पर सूचित करें। ई-मेल संख्याः hrntpctandwa@gmail.com

## गर्मी का प्रभाव बढ़ते हीं खुलने लगी जलनल योजना का पोल ठीकेदारों द्वारा जैसे तैसे कार्य कर रुपये लेकर हो गए चंपत

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बभने पंचायत के महुगाई गांव में इन दिनों पानी पीने की भीषण समस्या उत्पन्न हो गयी है। जिसे लेकर ग्रामीण गोलबंद होकर जलनल योजना का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ठीकेदार द्वारा बाजबरन पुराने चापानल में मोटर डाल कर चला गया ।जबकि उक्त चापानल से केवल बरसात के मौसम में हीं पानी निकलता है। किंतु लाख मना करने पर भी ठीकेदार ने यह कह कर मोटर डाल दिया कि हम लोग को पुराने चापानल में हीं मोटर डालने का स्टीमीट है, आपलोगों को जहां जाना है जाओ। फिलहाल गर्मी का तापमान अधिक बढ़ते हीं जलनल योजना का पोल जिला और प्रखण्ड क्षेत्र में खुलने लगी है। चुकी कहीं पानी है तो नलका घर तक पहुंचाया नहीं गया है। कहीं महज जलनल का स्ट्रेक्चर हाथी का दांत के तरह खड़ा दिखाई दे रहा है। दिखाने में कोई कमी नहीं करते है किंतु चुनाव खत्म तो क्षेत्र की समस्या भी खत्म।

# मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लोकसभा आम निर्वाचन में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु झारखंड निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सात मई को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर सोशल मीडिया अभियान संचालित करने के आलोक में कार्यक्रम के उक्त आभियान के सफल संचालन हेतु गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश गोलप की अध्यक्षता में बैठक की गई।उन्होंने अभियान के सफल संचालन हेतु अधिकारियों के साथ कार्य योजना बनाते हुए स्वीप के तहत् विभिन्न स्टेक होल्डर्स यथा- विद्यालय के विद्यार्थियों, जिला आइकॉन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, मीडिया पर्सन, चैंबर ऑफ कॉमर्स, मजदूर संघ, कॉर्पोरेट्स, जेएसएलपीएस, बूथ जागरूकता टीम आदि के माध्यम से स्वीप के तहत् गतिविधियों को संचालित करा कर उक्त गतिविधियों से संबंधित वीडियो, फोटो आदि को सात मई को के साथ संध्या 06 से 08 बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड कराने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकरी को दिया।सात मई को संध्या 05ः00 बजे सभी मतदान केन्द्रों पर गठित बूथ जागरूकता ग्रुप की बैठक आयोजित करते हुए उक्त बैठक के दौरान मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन एवं मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियाँ संचालित करने का निर्देश दिए।उक्त गतिविधियों से संबंधित वीडियो एवं फोटो उसी दिन संध्या 06 से 08 बजे के बीच मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड कराने की बात कही। इसके अलावे जिले में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, स्वीप नोडल पदाधिकारी वैभव सिंह,जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. अभिषेक कुमार का पत्थलगड़ा में तूफानी दौरा रहा असरदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड में निर्दलीय उम्मीदवार डा.अभिषेक कुमार का एकदिवसीय तूफानी दौरा रहा। मिले पत्थलगड़ा के ग्रामीण जनता से अपनी सेवा दे चुके डा.अभिषेक चतरा जिला के कई विभिन्न क्षेत्रों में गरीब गुरुवा लोगों के हित के लिए कई शिविर आयोजित कर चुके हैं। जिसमे कई नेत्र रोगी संबंधित गरीबों के लिए मुफ्त इलाज व दवाई समेत सेवा प्रदान कर चुके हैं डॉक्टर अभिषेक कुमार ने पत्थलगड़ा प्रखंड में भी अपना सेवा दो बार दे चुके हैं। जिससे कई गरीब असहाय लाभवांवित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल नेत्र स्पेशलिस्ट ही नहीं जेनरल फिजिशियन विशेषज्ञ भी हूं। जो अपना योगदान चतरा क्षेत्र में दे चुका हूं। डा.अभिषेक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चतरा जिला को एक शुभ संदेश देते हुवे कहा की आप अगर चतरा संसदिय क्षेत्र में मुझे चुन कर लाते है तो आप साथ में एक डॉक्टर को भी साथ ले कर या रहें है। जो आपके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखेगा उन्होंने कहा की चतरा लोकसभा क्षेत्र से जितने भी जीत कर आते हैं उनकी नजर हमारे चतरा जिला के संसाधनों पर होती है। कोयला, पत्थर, बालू, के कमिस्नो तक का अपना उद्देश्य बना के अपना जीवन का पांच साल निकाल देते है। डा.अभिषेक ने कहा की मैं वादा करता हूं।मैं अगर जीतकर आता हूं तो आपके पैकेट से 50 पैसे की भी फिरोती होती है तो मैं आप सभी के बीच कह कर जाता हूं की मैं चतरा की जनता के पास मुंह दिखाने लायक नहीं रहूंगा।और मैं वादा करता हूं की आपके स्वास्थ्य के साथ-साथ आमदनी का भी ख्याल रखूंगा। उन्होंने अपनी शिक्षा से जुड़ी जानकारी देते हुवे बताया की उनकी पढ़ाई दिल्ली एम्स से सुपर एजुकेशन प्राप्त किया है तो शिक्षा के मामले में और स्वास्थ्य के मामले में हमसे बेहतर कोई नहीं जान सकता इस तरह अपने एजेंडे में कई बात रखा जिसमे डॉक्टर अभिषेक का एजेंडा शामिल है।चतरा संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स का निर्माण। लावालींग कल्याणपुर में स्पोर्ट्स ग्राउंड का निर्माण। इटखोरी के विश्वप्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर में लेजर लाइट एवं भव्य आरती की शुरुआत, बेतला और नेतरहाट के पर्यटन को बढ़ावा देने में प्रथमिकता देना।चतरा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण।लातेहार में इंजीनियलरग कॉलेज का निर्माण।चंदवा में डिग्री कॉलेज का निर्माण।नेतरहाट स्कूल की गौरवशाली इतिहास को पुनर्स्थापित किया जाएगा।विश्व स्तरीय आधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत, डाल्टनगंज से चतरा संसदीय क्षेत्र से होते हुए गया तक का सड़क निर्माण। मनिका से पहलेया सड़क का निर्माण।कुंदा से पांकी सड़क का निर्माण।पांकी से फगार काशमार सड़क का निर्माण। पांकी के आस-पास के सभी गांवों का सड़क निर्माण कर पांकी से जोड़ा जाएगा।चंदवा स्थित टोरी रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण। यादि अपने घोषणा पत्रों में बात रखा, डॉक्टर अभिषेक कुमार के इस तूफानी दौरा में सभी मीडिया बंधु व पत्थलगड़ा के ग्रामीण जनता शामिल रहे।

## एकलव्य आश्रम विधालय की आयोजित परीक्षा में हुंडरू रा. प्राथमिक विद्यालय के पांच बच्चें हुए सफल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आश्रम विद्यालय में नामांकन हेतु आयोजित परीक्षा में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू के पाँच छात्र-छात्राओं लक्ष्मी कुमारी, चांदनी कुमारी, कुलदीप उरांव, सुशील उरांव, आर्यन उरांव ने सफल होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष है विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव ने बच्चों के सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है शिक्षक संजीव कुमार चंद्र एवं प्रमोद पांडे ने भी खुशी जताते हुए कहा कि अगर मन से पढ़ाई की जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। बधाई देने वालों में अध्यक्ष शांति देवी सुमंती देवी प्रमिला देवी संजय उरांव मीना देवी हरि उरांव सुमंती देवी संतोष मेहता रामप्रसाद साव सोनम देवी प्रदीप उरांव सीता देवी सहित कई लोग शामिल हैं।

# सौ से भी अधिक गुलगुलिया परिवार पेयजल के लिए परेशान, पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय से महज सौ मीटर दूर गुलगुलिया मुहल्ला वासी पेयजल के लिए काफ़ी परेशान हैं. विभाग से पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है. ग्रामीण सोनी देवी, दरगाही गुलगुलिया, मुन्नी देवी, माहिर पांसी, सूरज गुलगुलिया, गुड़ी देवी, मुनिया देवी, फूलो पांसी, कबूतरी देवी, सुमन देवी सहित अन्य गुलगुलिया परिवार ने जानकारी देते हुए बताया की हमलोग सौ से भी अधिक गुलगुलिया दलित परिवार निवास करते हैं. सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर जलनल योजना के लिए मुहल्ले मे जनवरी माह से सोलर जलमिनार लगाने का काम कर रही है. संवेदक पिछले चार माह मे भी कार्य को पूर्ण नहीं किया है जिसके कारण पानी पीने की सुविधा नहीं मिल रहा है जिससे मुहल्लावासियों को काफ़ी परेशानी हो रही है. संवेदक के लापरवाही के कारण कई घरों मे पानी का भी कनेक्शन नहीं दिया गया है। इधर कड़ाके की असहनीय गर्मी से परेशान हैं. सोलर जलमिनार का कार्य पूर्ण नहीं होने से पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसके कारण यहां के गुलगुलिया परिवार को काफ़ी दूर से पानी लाकर दैनिक कार्य करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से सोलर जलमिनार का कार्य पूर्ण करवा पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है। इधर प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत टुन्डाहुटु ग्राम के वार्ड संख्या 12 मे पुराने चापानल मे मोटर लगाकर जल जीवन मिशन योजना के तहत जलमिनार लगाकर लगभग 28 घरो को पानी दिया गया था. जल जीवन मिशन योजना के लिए अलग से बोरिंग नही किया गया जिसके कारण कुछ ही दिनों मे पानी सुख गया व इस वार्ड सभी लोगों के घरो मे पानी पहुचना बन्द हो गया, इसके बाद से सभी लोग पेयजल व अन्य दैनिक कार्यो के लिए कुएं पर आश्रित हो गए. बढती गरमी व सभी लोगों के द्वारा लगातार उपयोग कुआँ का पानी से कर रहे हैं जो सुखने के कगार पर है इस वार्ड के निवासी लुरक गंझु. लखन गंझु सुरेन्द्र लोहरा सुदेश लोहरा, मदन लोहरा दशरथ लोहरा चिन्ता देवी आरती देवी, राजो मसोमात सहित कई लोगो ने इस टोले मे व्याप्त जल संकट को दुर करने के लिए जिला व प्रखण्ड प्रशासन से मांग की है।

## शिक्षक की पुत्री इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला के 10 टॉप में हुई शामिल, घर में खुशियों का माहौल



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्लस टू कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय लातेहार इंटरमीडिएट की छात्रा आराधना कुमारी ने 410 अंक 82 प्रतिशत प्राप्तांक से उत्तीर्ण हुई है। सदर प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय तरवाडीह के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार पाण्डेय की पुत्री आराधना कुमारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। वहीं जिला के 10 टॉप में 9वें स्थान तथा अपने विधालय में द्वितीय श्रेणी से सफल होकर विधालय सहित अपने माता-पिता का नाम रौशन की है। घर में खुशियों का माहौल बनी हुई है।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराई

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के साल्वे ग्राम में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार मो0शमशुल 53 वर्ष पिता स्व जहूर आलम ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी अपने मोटरसाइकिल से बरियातू जा रहा था इसी दौरान साल्वे ग्राम के समीप एक मोड में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जाकर टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## धनगड्डा भंडार में लगी आग, एक दर्जन परिवार हुए बेघर



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के धनगड्डा भंडार में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। जिससे पूरा धनगड्डा भंडार के खपड़ैल मकान जलकर खाक हो गया। इस घटना के बाद लगभग डेढ़ दर्जन परिवार बेघर हो गए। बताया गया कि घटनास्थल के पश्चिम दिशा में पूर्व से ही झाड़ी में आग लगा दी गई थी, वही आग खपड़ैल घर को अपने चपेट में ले लिया। उस वक्त घर के लोग सो रहे थे। जब घर से धुआं निकलने लगा तो ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया और घरवालों को जानकारी दी, तबतक देर हो चुकी थी। आग हवा के तेज बहाव के कारण पूरे घर में पकड़ लिया। जिसके बाद लोगो ने स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी, हालांकि फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक आग आसपास के सभी घरों तक पहुंच गई थी। बाद में दमकल की तीन गाड़िया आई पर पानी के आभाव में घरों को बचाने में असफल रही। जिससे घर मे रखे सभी सामान जलकर खाक हो गया, और करोड़ रूपए की संपति जलकर खाक हो गया। इस दौरान विभिन्न घरों मे रखे पांच सिलिंडर भी ब्लास्ट कर गए, जिससे आग और भड़क गई। घटना में तपेश्वर नारायण दास, जयकृत नारायण दास, जयप्रकाश सिंह, ललित नारायण दास, उपेन्द्र दास, प्रमोद दास, प्रकाश नारायण दास, आंनद सिंह, रंजन नारायण दास, अखलेस्वर नारायण दास, संजय नारायण दास, अजय नारायण दास, सतीश नारायण दास, चिंटू सिंह, विकास सिंह, पवन नारायण दास समेत अन्य लोग पूरी तरह बेघर हो गए। घटना की सूचना के बाद सीओ विजय दास के नेतृत्व में बचाव राहत का कार्य चलाया गया। सीओ ने बताया कि पीड़ित परिवार के क्षतिपूर्ती का आकलन किया जा रहा है। जिसके बाद मुआवजा दी जाएगी।

# अज्ञात चोर ने किया ट्रांसफार्मर की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सांसग पंचायत के समीप तुरी टोला ग्राम में बीते शाम अज्ञात चोरों के द्वारा ट्रांसफार्मर में लगे सारे कीमती कल पुर्जे की चोरी कर ली गई। वहीं उपभोक्ता रुस्तम अंसारी ने कहा की तकरीबन 12ः बजे रात तक लाइट थी। उसके बाद अचानक लाइट चली गई लेकिन हम लोग समझ नहीं पाए। सुबह 8ः00 बजे तक जब लाइट नहीं आया तो हम लोग ट्रांसफार्मर की तरफ गये तो देखा की ट्रांसफार्मर नीचे गिरा हुआ है और सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। ट्रांसफार्मर के अंदर लगे सारे कीमती कल पुर्जे कि चोरी कर ली गई है। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 50 से 60 घर जुड़े हुए हैं। इसके बाद हम लोगों ने पंचायत के मुखिया उप मुखिया को इसकी सूचना दिये। सूचना मिलते ही मुखिया, और उप मुखिया मौके पर पहुंचे । इसकी कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने अश्वासन दिया है कि आगे बात कर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया जायेगा आगे ग्रामीणों ने बताया कि एक तो प्रचंड गर्मी से हम लोग परेशान हो गए हैं तो वहीं दूसरी और चोरों के द्वारा ट्रांसफार्मर की भी चोरी कर ली गई है इससे हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि लाइट नहीं रहने का कारण पंखा कुलर का उपयोग नहीं कर पाएंगे आगे उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई है।

# पोचरा निवासी पप्पू प्रसाद की पत्नी की मौत, हत्या या आत्मा हत्या जांच में जुटी पुलिस

## मायके वालों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोचरा में एक महिला ने बुधवार को फांसी लगाकर जान दे दी है।यह हत्या है या आत्मा हत्या संशय का विषय बनी हुई। मृतका फुलो देवी पोचरा निवासी पप्पू प्रसाद पिता डोमन साव कि पत्नी थी। मृतका फुलो की माता पिता सहित मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या की आरोप लगाई है। बता दें कि मृतका पलामू जिले के चैनपुर थाना निवासी धुरुप प्रसाद, माता मिना देवी, की पुत्री थी। मृतका के पिता धुरुप ने बताया कि फुलो कि शादी लातेहार थाना के पोचरा में डोमन साव पुत्र पप्पू प्रसाद के साथ 12 मार्च 2020 में हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुई थी।शादी के बाद से ही फुलो का ससुराल पक्ष दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करता था और दहेज में गाड़ी अंगूठी एवं सोने का चैन की मांग करता था। और सास, ससुर, पति एवं देवर सभी लोगों ने मिलकर मारपीट भी करते थे। जिसको लेकर अक्सर पति-पत्नी में झगड़े होते रहती थी और पंचायती तौर पर भी दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वो लोग समझने को तैयार नहीं थे।बीती रात्रि भी फूलों के साथ काफी मारपीट की गई। आगे मृतका के पिता धुरुप ने कहा कि मेरी बेटी आत्म हत्या नहीं की है उसे मारकर फांसी की फंदे से लटका दिया गया है।वहीं घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फुलो देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल में भेजा दिया। मृतका के परीजनों ने पति, सास, ससुर, देवर सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर मृतका के पति पप्पू साव को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है।

## सीपीआई के अनिरुद्ध कुमार ने हजारीबाग लोकसभा के लिए भरा नामांकन पर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र गुरुवार को दाखिल किया। उससे पूर्व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग से गाजे बाजे के साथ नामांकन जुलूस इंद्रपुरी, झंडा चौक, सरदार चौक जिला परिषद चौक होते हुए समाहरणालय के समक्ष नामांकन रैली पहुंची जिसका नेतृत्व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह,अनिरुद्ध कुमार, मिथिलेश दागी, अनवर हुसैन निजाम अंसारी कर रहे थे। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश महंगाई, बेकारी बेरोजगारी की आग में जल रहा है।

## श्रमिकों के सम्मान में एनटीपीसी पकरी बरवडीह द्वारा अंतरराष्ट्रीय मज़दूर दिवस का हुआ आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा अपनी परियोजना के श्रमिकों के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। सीकरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख फैज तैयब के अलावा विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष, कर्मचारी गण एवं संविदा पर कार्यरत सैकड़ो कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सबसे पहले विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष के द्वारा श्रमिक दिवस की बधाई दी गई, तत्पश्चात सभी ने एक-एक कर अपनी बातें रखी। सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्य रूप से इसी बात पर जोर दिया कि आप अपनी सुरक्षा और सेहत का बखूबी ख्याल रखें और अपने दायित्वों का निर्वहन यथासंभव करें। इस मौके पर परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने भी इसी बात को दोहराते हुए कहा कि आपका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है आप स्वस्थ रहेंगे और खुश होकर किसी काम को करेंगे तो यह हमारे लिए कारगर सिद्ध होगा। हम आप सब के सहयोग से सफलता की नई बुलंदियों को छुएंगे। उन्होंने सभी संविदा पर कार्यरत श्रमिकों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद देते और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जितने भी कीर्तिमान हमारी परियोजना रच रही है उसमें आप सबका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। परियोजना प्रमुख ने उम्मीद जताते हुए श्रमिकों को कहा की हम आगे भी साथ मिलकर ऐसे ही सफलता हासिल करते रहेंगे। इस मौके पर श्रमिकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट की गई जिससे उनके चेहरे पर एक मुस्कान और प्रोत्साहन देखने को मिला। मौके पर मानव संसाधन अपर महाप्रबंधक अमित अस्थाना के अलावा कई लोग शामिल थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन




**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बीते 30 अप्रैल से विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गायन प्रतियोगिता और गुरूवार को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक गायन प्रस्तुत किए जाने के साथ साथ मनमोहक नृत्य पेश किए। बता दें एकल व समुह गायन व नृत्य प्रतियोगिता में लोक नृत्य और लोक गायन की भी झलक दिखी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल ऐसे विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन में निखारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के रूचि के अनुरूप निखारने की ओर भी ध्यान दिया जाता है। बताते चलें कि गायन प्रतियोगिता में दयानंद राम, शालिनी, अनुष्का, प्रतिज्ञा, मकसूद आलम, नलीन, आवेश, कृति, अरग्यान एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में संध्या, तन्नू श्री, पल्लवी, स्वप्निल एवं एमआरपी ग्रूप व ओमप्रकाश, शालिनी, प्रिया, स्वप्निल, राज सौरभ, प्रभा, जैनुल अली, कृष, देवंश, सुमित के नाम शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पुलिस ने दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अवैध बालू कारोबार के रोकथाम को लेकर निरंतर छापेमारी की जा रही है। बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा गुरुवार सुबह 10:00 बजे मोतरा घाटी से दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। कार्रवाई के लिए दोनों ट्रैक्टर को थाना ले लाया गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने लोगों से कहा कि कोयला, बालू व अन्य कोई भी चीज हो अवैध रूप से कारोबार नहीं करें। जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा सीधे जेल भेजा जाएगा।

## दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही ।** जैक द्वारा आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस का रिजल्ट आने के बाद हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट के सभी विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। आर्ट्स में एमडी इंतिशार 421 अंक लाकर बने +2 उच्च विद्यालय के टॉपर, वहीं मोनिका कुमारी 408 अंक लाकर बनी सेकंड टॉपर। कॉमर्स में पलक कुमारी 434 अंक लाकर बनी कॉलेज टॉपर एवं कुमकुम कुमारी 422 अंक लाकर बनी सेकंड टोपर। वहीं साइंस में दृष्टि कुमारी 423 अंक लाकर बनी संस्थान टॉपर एवं अंशु ठाकुर 403 अंक ला कर बनी संस्थान की सेकंड टॉपर। वहीं आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अंक क्रमशः सैजल कुमारी 401 पूजा कुमारी 384 नर्गिस परवीन 361 करीना कुमारी 361 जिया कुमारी 352 क्रांति कुमारी 345 प्रिया कुमारी 341 राज केशरी 338 प्रिंस कुमार 328 अंजली कुमारी 322 प्रियांशु 316 सुजीत कुमार 312 सूरज कुमार 305 रानी कुमारी 300 कुसुम कुमारी 300 कमलेश राणा 398 चिंटू कुमार 397 नेहा कुमारी 393 जुली कुमारी 391 राम कुमार 388 शिव कुमार 382 परिणीता कुमारी 374 सोनी कुमारी 371 सृस्टि कुमारी 355 ओम कुमार 348 राहुल कुमार 342 चांदनी 337 रिम्पा कुमारी 336 अमन राज 334 गुनगुन निषाद 329 सुधा कुमारी 370 काजल कुमारी 328 नेहा कुमारी 324 राज कुमार 324 निकिता 322 रौनक केशरी 312 करिश्मा कुमारी 399 छोटू कुमार 393 सपना कुमारी 387 प्रियांशु 367 कुमकुम कुमारी 361 संजीदा नाज़ 358 गुनगुन कुमारी 352 सुजीत 350 रिया कुमारी 347 सोनाली कुमारी 347 पूजा कुमारी 346 प्रिया कुमारी 339 ज्योति कुमारी 339 राखी कुमारी 337 ममता कुमारी 335 प्रियांशु कुमारी 334 निकिता कुमरी 322 रोशन कुमार 314 प्राप्त किए। संस्थान के सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि विगत 2009 से हमारे संस्थान से टॉपर रिजल्ट रहा है। हमेशा डिस्ट्रिक्ट टॉपर,अनुमंडल टॉपर एवं कॉलेज टॉपर देते आए है। इसका श्रेय सभी शिक्षकों के मेहनत एवं विद्यार्थियों की लगन का पहचान है।

## इंडी गठबन्धन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल के नामांकन में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ पहुँचे मुन्ना सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को अपने निवास स्थान चानो से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जयप्रकाश भाई पटेल के नॉमिनेशन कार्यक्रम में पहुंचे। मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल ईमानदार तथा कर्मठ नेता हैं वे हजारीबाग के विकास के साथ साथ हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ रहने वाले नेता हैं।कहा कि निश्चय ही इस बार हम लोग जीत रहे हैं, इस बार धन बल नहीं बल्कि जन बल जीतेगा। जेपीभाई पटेल के नामांकन में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा,झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता , बरही विधायक उमाशंकर अकेला , रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद , हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठकसमेत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन मे आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल



**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा के एनडीए प्रत्यासी मनीष जायसवाल के नामांकन में बड़कागाँव प्रखंड से आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर +2 हाई स्कुल मैदान से हज़ारीबाग के लिए रवाना हुए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, राजा खान, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर तापस, केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, तुलेश्वर राम, उपेन्द्र महतो, गिरेंद्र प्रसाद, सुरेश महतो, कामेश्वर महतो, अजय कुमार, सेवक प्रसाद, मनोज कुमार, गणपति साहू, उमेश दागी, शंकर मिश्रा, सत्येंद्र गुप्ता, रफीक अंसारी, रंजीत महतो, पंकज कुमार, अवध कुमार, घनश्याम कुमार, कमलेश कसेरा, अजीत कुमार, प्रमोद महतो, सुरेश गिरी, दिलेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, दिलीप महतो, रंजीत महतो, बीरेंद्र कुमार, कृष्णा साव, दिनेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिल्ली कांग्रेस कार्यालय में इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित

**सिल्ली :** रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त समन्वय स्थापित बैठक में इंडिया गठबंधन के तमाम घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इंडिया गठबंधन के रांची लोकसभा क्षेत्र के शिक्षित, युवा महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को भारी से भारी मतों से विजय बनाने एवं संकल्प लिया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया, झामुमो रांची जिला महिला उपाध्यक्ष मंजू देवी,कांग्रेस रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी,झामुमो सिल्ली प्रखंड पदाधिकारी अजीत कुमार महतो, अनिल बेदिया, संतोष साहू, लखीचरण मुंडा, दिलीप कुमार महतो, द्वारिका महतो, मास्टर गोकुल चंद्र महतो, भगीरथ महतो,उपेंद्र महतो, मोहर्रम मोमिन ,विमलेश कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, सुभाष चंद्र महतो, दुलाल मोदक आदि मौजूद रहा।

## ठाकुर गांव के कोराबार तुरमुली रोड में बस के पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**बुढ़मू :** बुढ़मू ठाकुर गांव थाना क्षेत्र में एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में बस में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना सुबह - सुबह बुढ़मू प्रखंड के तुरमुली के पास घटी है। बताया गया कि ठाकुर गांव थाना क्षेत्र में सवारी बस नियंत्रित होकर पलट गई ,जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई,और कई घायल हो गए। मिर्तक पच्चीस वर्षीय विनोद महतो बुढ़मू थाना क्षेत्र के बेतांगी गांव का रहने वाला बताया गया। जानकारी के अनुसार यह बस रोजाना बेतांगी से चैनगड़ा, सालहन, कोराबार होते हुए रांची जाती थी। साथ ही बताया गया कि मजदूरी करने वाले लोग अधिकतर इसी बस से रांची जाते थे। दुर्घटना की सूचना मिलने पर ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में घटना स्थल पहुंचकर छानबीन की। और घायलों को अबुलेंश से सरकारी अस्पताल रेफर कर सहयोग किया।

## सिल्ली विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का हूआ उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पतराहातू में आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त विधानसभा क्षेत्र सिल्ली का केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन सांसद एवं रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार जन कल्याण हेतु बहुत सारी योजनाएं चल रही है,और आगे भी इसी तरह का चलता रहेगा। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाल मुकुंद सहाय ने कहा की मोदी ने देश को शक्तिशाली के रूप में विकसित किया है विभिन्न तरह के लाभकारी योजनाओं का सौगात भारतवासियों को दिया है।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखा। इस शुभ अवसर पर लोकसभा संयोजक संजीव विजयवर्गीय, सहसंयोजक रमाकांत महतो, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, विधानसभा प्रभारी डॉ राकेश भास्कर, जितेंद्र सिंह पटेल, रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, सभी मंडल अध्यक्षगण, कोर कमेटी एवं प्रबंध समिति के सदस्यगण, मंडल पदाधिकारीगण, जिला प्रदेश के पदाधिकारीगण, मोर्चा के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण समेत अन्य सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## ड्यूटी पर तैनात जिला बल के जवान ने डीआईजी आवास में खुद को मारी गोली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** डीआईजी आवास पर तैनात एक जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार सुबह की है, जब डीआईजी आवास पर ड्यूटी पर तैनात जवान विकास कुमार ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई, हालांकि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विकास कुमार मूल रूप से हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास कुमार का दो बार शादी कट गया था, जिस वजह से वह काफी परेशान चल रहा था। इसके अलावा वह पिछले कुछ दिनों से घरेलू समस्याओं से भी परेशान चल रहा था।विकास कुमार 2017 बैच के आरक्षी थे। वह झरपों के रहने वाले थे।घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी सुनील भास्कर, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिव आशीष व अन्य कई पदाधिकारी डीआईजी आवास पोस्ट पर पहुंच गए।

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने गठबंधन के दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को नामांकन किया।मौके पर हज़ारों हज़ार की भीड़ उपस्थित थी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने किया।नामांकन कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन,पूर्व वित्त मंत्री यशवन्त सिन्हा,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम,बादल पत्रलेख,बन्ना गुप्ता,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर,राजद से मंत्री सत्यानन्द भोक्ता,जेएमएम से फागु बेसरा,बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव,बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद,पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह,योगेंद्र साव,ममता देवी,बजरंग महतो,भीम कुमार,संजय पासवान,कुमार गौरव सिंह,महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह,मथुरा महतो,जयशंकर पाठक,केदार पासवान,अशोक चौधरी ,अजय सिंह,सुरेंदर सिंह,बिनय सिन्हा दिप्पू ,बिनोद कुशवाहा,संजू बेदिया,कमल नयन सिंह,मुन्ना सिंह,डॉ आर सी मेहता,महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,निसार खान,राजद से हीरामन यादव,राजू खण्डेलवाल,, शैलेंद्र सिंह, गणेश सीटू,शान्तनु मिश्रा,सहित दिग्गज नेताओं के अतिरिक्त महागठबंधन के नेता,प्रदेश,ज़िला और महानगर,प्रखंड कमिटी,बीस सूत्री व मंच मोर्चा के अध्यक्ष और नेता उपस्थित रहे । इस अवसर पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती है और झूठ की राजनीति करती है, जब-जब चुनाव आता है तब तब नया-नया जुमला लेकर आती है भाजपा की गारंटी योजना भी सिर्फ एक जुमला है झूठे वादे कर लोगों को ठगने का काम करती है, श्री सोरेन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा महंगाई का विरोध करती थी लेकिन सत्ता में आते ही देश में महंगाई बढ़ने लगी महंगाई से जनता त्रस्त है ,यह सरकार देश से सविधान खत्म करने पर आमादा है सभी केंद्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है ।

## होम वोटिंग के लिए 22 मतदान दल का हुआ गठन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत होम वोटिंग के लिए कार्मिक कोषांग हजारीबाग द्वारा मतदान दल का गठन किया जा चुका है। होम वोटिंग द्वारा मतदान की तिथि दिनांक 9 मई से 14 मई तक निर्धारित की गई है। आपको बता दें कि होम वोटिंग की सुविधा वैसे मतदाताओं को दी जा रही है जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 हो एवं 85 या उससे अधिक उम्र वाले इच्छुक वरिष्ठ मतदाता जो बूथ में जाकर मतदान करने में असमर्थ हो उन्हें घर से मतदान करने का मौका दिया जा रहा है। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत घर से मतदान करने वालों की एक सूची तैयार की जा चुकी है। मतदान के दौरान पारदर्शिता बरतने के लिए इन वोटर्स की सूची को 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के पार्टी उम्मीदवारों के साथ साझा किया जाएगा। घर से मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के पास बैलेट पेपर को सुरक्षित रखवा दी जाएगी। इन मतदान पत्रों के गिनने की प्रक्रिया सामान्य मतों की गिनती के दौरान ही की जायेगी। लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तहत् पॉचवे चरण के अन्तर्गत वरिष्ठ मतदाताओं (AVSC 85+ आयुवर्ग) एवं वैसे विकलांग मतदाताओं को जिनकी विकलांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है तथा वें मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान के अधिकार का उपयोग कर पाने में सक्षम नहीं है उन मतदाताओं के लिए Home Voting (होम वोटिंग) की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु हजारीबाग जिला में 22 मतदान दल का गठन किया जा चुका है, जो दिनांक 09 मई से 14 मई तक विभिन्न प्रखण्डों में चिन्हित मतदाताओं के घर जाकर मतदान की प्रक्रिया को सम्पादित करेंगें। उक्त टीम में माइक्रों ऑब्जबर, मतदान पदाधिकारियों के साथ विडियोग्राफर एंव सुरक्षा कर्मी रहेंगें।

## झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने दाखिल किया नामांकन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं संग बुधवार को समाहरणालय पहुंचे और निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार कुशवाहा,जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा सहित झारखंड पार्टी के कई केंद्रीय नेता शामिल थे। नामांकन को लेकर राजकुमार कुशवाहा के पैतृक निवास तिलैया झुमरा में सुबह 7 बजे से ही समर्थकों का जमावड़ा शुरू हो गया था।इस बीच गाजे बाजे के साथ 9 बजे झुमरा से नामांकन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। भगवान के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त कर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के संग गाजे बाजे के साथ नामांकन कार्यक्रम की शुरूआत किया तत्पश्चात हजारीबाग के गांधी मैदान पहुंचकर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में हजारीबाग डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक, डीवीसी चौक होते हुए हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे जहां उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने दाखिल किया नामांकन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बिरसा चौक स्थित हजारीबाग स्टेडियम में बुधवार को एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का नामांकन- सह-आशिर्वाद सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विशेषरूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, जदयू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, गिरिडीह के आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, कांके विधायक समरी लाल, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, सिमरिया विधायक किसुन दास, धनबाद विधायक राज सिन्हा, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री सह विधायक मनोज कुमार यादव, लोकनाथ महतो सहित अन्य सैकड़ों भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा रामविलास पार्टी के गणमान्य नेता मौजूद थें।इससे पूर्व सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल अपने हजारीबाग के झंडा चौक के समीप स्थित आवास विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ से पिता ब्रजकिशोर जायसवाल और माता विद्या जायसवाल का आशीर्वाद लेकर निकले। सभा की अध्यक्षता रामगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। वहीं मंच संचालन भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह हजारीबाग लोकसभा के सह - संयोजक रणंजय कुमार उर्फ़ कुंटु बाबू ने किया। श्री जायसवाल के नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान और झारखंड की धरती वीरों की धरती रही है। इतनी कड़ी धूप में भी विशाल संख्या में आए हजारीबाग की जनता को नमन करता हूं और अनुरोध करता हूं कि जिस तरह से पिछले तीन बार से हजारीबाग की जनता भाजपा को लोकसभा में चुनाव जितवा रही है ।

## सोसो खुर्द टोल प्लाजा में हवाई जहाज देखने के लिए एकत्रित हुए लोग, सेल्फी से फोटो खिंचवाए

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के एन एच 23 स्थित सोसो खुर्द टोल प्लाजा में गुरुवार की सुबह एक टेलर गाड़ी में दिल्ली से पुरुलिया ले जा रहे एयर बोस का खराब हुआ हवाई जहाज को देखने के लिए गांव के बड़े, बच्चे, बुढ़े लोगो ने हवाई जहाज के सामने पहुंच कर उससे छूकर देखकर काफी आनंदित हुए यहां तक सड़कों में चलने वाले वाहनों से लोग उतरकर भी अपने मोबाईल से सेल्फी फोटो खिंचवाए। हवाई जहाज को ले जा रहे वाहन चालक ने बताया की यह हवाई जहाज को दिल्ली से लोडकर इससे बनाने के लिए पुरुलिया भेजा जा रहा है। यह वाहन यहां कुछ देर के लिए रुका और फिर टोल टैक्स कटाकर यहां से चला गया।



## 5 मई को गोला में झामुमो सुप्रीमो के भाई राजाराम सोरेन के शोक सभा का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला डाक बंगला परिसर स्थित गुनगुन पैलेस में गुरुवार को बैठक कर सामाजिक संस्था (गट्स) के केन्द्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबु सोरेन के बड़े भाई झारखंड आंदोलनकारी स्व राजाराम सोरेन का आकस्मिक निधन विगत दिनों हो गया जिनका शोक सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम दिनांक 05 मई रविवार को गट्स प्रधान कार्यालय गोला डाक बंगला में सुबह 9 बजे से रखा गया है कार्यक्रम के तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक में गट्स संस्था के संस्थापक सदस्य भागीरथ महतो, संस्था के युवा संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, संस्था के प्रोग्राम संचालक मो इरफान उल्लाह, बजरंग महतो युवा नेता सह समाजसेवी रामगढ़,आदोलनकारी संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा, रंजीत करमाली,मृत्युंजय पोद्दार,बाबला भाई,आदित्य महतो कार्यालय प्रभारी, मो परवेज संस्था के सभी पदाधिकारी साथीयों सभी संस्थाओं के साथी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी शिक्षाविद् मजदूर किसानों से अपिल की जाती है कि आप सभी क्षेत्र के महान आंदोलनकारी समाजसेवी गरिबों कमजोरों की आवाज रहे स्व राजाराम सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचने की अपील की जाती है।



## इंडी गठबंधन प्रत्याशी की धर्मपत्नी एवं पूर्व विधायक ने चलाया जन सम्पर्क अभियान

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पूर्व विधायक ममता देवी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की धर्म पत्नी ललिता देवी का गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँव में दौरा हुआ, इस क्रम में मुख्य रूप से नावाडीह पंचायत के नावाडीह में हरि कीर्तन के समापन समारोह में सम्मिलित हुईं। साथ ही साथ सरगाडीह पंचायत के उलादाका में लोगों से जनसंपर्क कर किया। इसी क्रम में कुम्हरदगा के करमाली टोला में भी जनसंपर्क कर लोगों से जेपी पटेल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर मुख्य रूप से गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सोनी, महिला कांग्रेस कमेटी की प्रखंड अध्यक्ष दीपा कुमारी, युवा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अजीत करमाली, मध्य मंडल क्षेत्र के अध्यक्ष लखेश्वर महतो, परमेश्वर कुमार महथा, संजय कुमार महथा, भक्ति कुमार, प्रदीप कुमार महतो, दिनेश कुमार महतो इत्यादि नेतागण शामिल हुए।



## झारखंड इस्पात फैक्ट्री के मजदूरों ने मई दिवस मनाया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन (संबद्ध-ऐक्टू) के द्वारा झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड (फैक्ट्री) हेसला, में कार्यरत असंगठित मजदूरों ने 01 मई मजदूर दिवस के मौके पर मई दिवस फैक्ट्री के समीप मान कुंवर बेदिया चौक में मनाया।झण्डोतोलन सेवा निवृत मजदूर नेता कामरेड महादेव राम के द्वारा किया गया। तत्पश्चात 1886 शिकागो के अमर शहीदों के स्मृति में नारे लगाये गए मई दिवस अमर रहे,शिकागो के शहीदों को लाल सलाम, झारखण्ड जेनरल मजदूर यूनियन जिन्दाबाद,दुनिया के मजदूरों एक हो, दुनिया के मेहनतकश मजदूरों एक हो, पूंजीवाद हो बर्बाद, चार श्रम कोड रद्द करो, ताज बदल दो,तख्त बदल दो, कॉरपोरेटों का राज बदल दो, भाजपा हटाओ- देश बचाओ, मोदी हटाओ-लोकतंत्र बचाओ,संविधान बचाओ आदि नारों के साथ शिकागो के अमर शहीदों के स्मृति में 01मिनट का मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर उपस्थित मजदूरों से भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य सह रामगढ प्रखंड कमिटी सचिव सरयू बेदिया ने कहा कि 1886 ई0 में शिकागो के मजदूरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर जिन तमाम अधिकारों को हासिल किया था। उक्त कार्यक्रम में शामिल मजदूर नेता छोटन मुंडा, लाल कुमार बेदिया, राजेश गोप, राजेंद्र मुंडा, सरजू बेदिया,रवि राम, शंकर बेदिया, फूलचंद करमाली, जगदीश बेदिया, भीम चौहान, विजय बेदिया, सोमनाथ बेदिया, बुधन भुईयां,जुगल बेदिया,राज किशोर ठाकुर,विजय प्रजापति, भीम प्रजापति,राजन बेदिया अन्य दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।



## 20 मई को मतदान करने को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले बाजार हाटों में घूम घूम कर सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया गया । वहीं इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग करने हेतु अपील की।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एम-41-पीआर-एचटीई-39, दिनांक: 01.05.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** तीन वर्षों की अवधि के लिए यार्ड एवं हटिया स्टेशन में चूहों पर नियंत्रण तथा कोचिंग डिपो/हटिया में आधारित प्राथमिक ट्रेनों में कीड़ों और चूहों का नियंत्रण एवं रोकथाम। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,47,95,077.82 (जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** ₹ 2,24,000। **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 22.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in। (PR-106)


# पतरातू पुलिस ने हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार किए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 विमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ जिला में रांची से कुछ अपराधकर्मी मोटरसाईकिल से हथियार से लैश होकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने लिए आने वाले है और घटना कारित कर पुनः वापस भागने वाले हैं। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी थाना प्रभारी, रामगढ़ जिला को एंटी काईम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही संबंधित अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक को निगरानी करने हेतू निर्देशित किया गया। उक्त आदेश के आलोक में सभी थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में गहनतापूर्वक एंटी काईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में अनु0पु0पदा0, पतरातू के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक पतरातू एवं पतरातू थाना पुलिस के द्वारा पतरातू खलारी मुख्य मार्ग पर एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। खलारी से पतरातू की ओर आ रही एक काले नीले रंग की डिस्कवर मोटरसाईकिल सं0 छ्101 क्र2171 सवार तीन व्यक्ति पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल पीछे मुडाकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल के द्वारा उक्त मोटरसाईकिल छ्।। 01 क्र 2171 सवार तीनों व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस बल के द्वारा पकड़ाये तीनों व्यक्ति का नाम पता पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम रमेश मुण्डा, उम्र करीब 39 वर्ष पिता स्व0 बीरू मुण्डा सा0 हिरिंग, रूपण हांसदा उम्र करीब 28 वर्ष पिता बदु मांझी सा0 पंडरिया , बलतु मांझी उम्र करीब 35 वर्ष, पे0 बबु मांझी सा0 पंडरिया तीनों थाना बुड़मु, जिला रोधी बताया गया। पकड़ाये व्यक्तियों का विधिवत बदन तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में 1. एक लोडेड देशी कट्टा 2. एक 7.65 एम एम का देशी पिस्टल 3. 315 एम एम का दो (02) जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उक्त पकड़ाये व्यक्ति से बरामद हथियार एवं जिंदा कारतूस का वैध कागजात का माँग किया गया लेकिन उनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पकड़ाये तीनों व्यक्ति से पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि वे हथियार से लैश होकर पतरातू क्षेत्र में लूट-पाट की घटना को अंजाम देने जा रहे थे। उक्त पकड़ाये तीनों व्यक्ति को अवैध रूप से बिना लाईसेंस के हथियार एवं जिंदा कारतूस रखने के आरोप मे विधिवत् गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त के विरूद्ध इस संदर्भ में पतरातू थाना कांड संख्या 113/24, दिनांक-01.05.2024, धारा-25(1-ड्ढ)/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। गिरफ्तार उक्त अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मी बिरेन्द्र राम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातू , पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, पतरातू अंचल , पु0अ0नि0 शिवलाल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी, पतरातू , पु0अ0नि0 शिवा कच्छप, पतरातू थाना एवं पतरातू थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## राधागोविंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एम्फोरिया इवेंट्स में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया

**रामगढ़ :** 24 से 26 अप्रैल, 2024 तक चले एम्फोरिया इवेंट्स में, अमिती विश्वविद्यालय झारखंड द्वारा आयोजित, खिलाड़ियों ने अपने खिलाड़ी और खिलाड़ियों के लिए शानदार प्रदर्शन किया। इसमें राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़, झारखंड के शारिरिक शिक्षा विभाग के छात्र भी शामिल थे। बैडमिंटन महिला एकल (स्त्री) श्रेणी में, मनीषा रानी तिर्की ने असाधारण कौशल और संघर्ष का प्रदर्शन करके पहली जगह को अपने नाम किया। इसके अलावा, बैडमिंटन डबल्स (महिला) श्रेणी में, एक मजबूत युगल विजेता सामने आया। मनीषा रानी तिर्की ने सलोनी कुजुर के साथ साझेदारी की, जिससे वहाँ कोर्ट पर अद्वितीय सिनर्जी और समन्वय का प्रदर्शन करके पहली जगह को प्राप्त किया।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जेईई मेन एग्जाम में लहराया परचम







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जेईई मेन एग्जाम में लहराया परचम किया विद्यालय का नाम रौशन।विधालय के जिन छात्रों ने सफलता प्राप्त की उन छात्रों में रोनित राज 98.4 ,हर्ष राज वर्मा 98.4, इंद्रजीत 97.6 हैं। रिजल्ट को लेकर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल है। प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के कठिन परिश्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चे प्रतिभावान होते हैं और यह हमारे विद्यालय के बच्चों ने साबित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है ।उन्होंने कहा कि ये बच्चे ही हमारी भावीं पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। विद्यालय के प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली सभी ने बच्चों को ढेर सारी बधाइयां दी और जीवन में ऐसे ही प्रगति करते रहने तथा आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं भी दी तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी ने भी बच्चों को ढेर सारी बधाइयां दी

## मारवाड़ी समाज की अनदेखी करने वाली पार्टियों और नेताओं को दे मुंह तोड़ जवाब : बिमल बुधिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** लोकसभा चुनाव में मारवाड़ी समाज की भूमिका क्या होगी समाज की लगातार अनदेखी करने वाले नेताओं और पार्टियों को किस तरह से सबक सिखाना है और मारवाड़ी समाज की मान-सम्मान के लिए समाज को कैसे एकजुट किया जाए इसको लेकर रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारणी की एक बैठक जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता व प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया कि उपस्थित में बुधवार को स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मारवाड़ी समाज की मारवाड़ी धर्मशाला में 12 मई को बैठक रखी जाय बैठक में रामगढ़ जिला मारवाड़ी समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया जाए समाज की विशाल बैठक कर यह संदेश दिया जाए की दूसरे समाज की तरह ही मारवाड़ी समाज भी एकजुट है और अपने मान सम्मान और अधिकार के लिए कुछ भी करने को तैयार है।बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज की अनदेखी करने वाली पार्टियों व नेताओ को मुंह तोड़ जवाब देने का समय आ गया है। रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियो व कार्यकारिणी सदस्यों ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए शपथ भी लिया ।बैठक में प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया, जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, जिला मंत्री प्रकाश पटवारी, गोविंद मेवाड़, विनय अग्रवाल,संदिप अग्रवाल, मदन महेश्वरी, उमेश राजगढ़िया, विनोद कुमार, सुशील गर्ग,जय प्रकाश मित्तल, मनोज बंसल, महावीर खंडेलवाल, सुभाष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल अभिषेक अग्रवाल संतोष पटवारी व अभिषेक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## उरीमारी दामोदर पुल पर बह कर बर्बाद हो रहा है हजारो लीटर पानी, सीसीएल प्रबंधन मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बढ़ती गर्मी में पानी कितना जरूरी है यह तो सभी कोई जानते हैं। हालांकि गर्मी का मौसम पानी कि किल्लत और समस्या अपने साथ लेकर ही आता है। हर साल क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए मिलों दुर तक भटकना पड़ता है। इसके बावजूद भी क्षेत्र में पानी कि बर्बादी नहीं रुक रही है। मामला सयाल और उरीमारी को जोड़ने वाले दामोदर नदी पुल का है। यहां उरीमारी से सयाल गुजरने वाले पाइप से हो रही लिंकेज से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी सडक पर बह कर बर्बाद हो रहा है।जिसे देखने वाला कोई नहीं है। हालांकि सीसीएल क्षेत्र होने के बावजूद भी इसपर सीसीएल प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है। वहीं इस पुल से राहगीरों के साथ सीसीएल प्रबंधन कि भी गाडियां इस पुल से होकर गुजरती है। वहीं यह पानी दामोदर नदी स्थित गौरी शंकर मंदिर तट पर लगे वाटर मोटर पंप से उरीमारी और सयाल क्षेत्र कि कॉलोनीय में पाइप के द्वारा सप्लाई किया जाता है।दामोदर का जलस्तर घटा, पानी की होगी किल्लत बता दें कि इस साल गर्मी अपने सारे रिकॉर्ड को तोड चुका है। वहीं गर्मी का मौसम पिछले महीने अप्रैल से ही अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। इसके चलते ही बेवजह हजारो लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। अगर समय रहते जिला प्रशासन व सीसीएल प्रबंधन के द्वारा उचित पहल नहीं किया गया तो भारी पानी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

## गरीब व माध्यम वर्ग के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हमारी प्रथम प्राथमिकता है : डॉ शाहनवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुद्धिजीवी मंच के शिष्टमंडल द्वारा सी सी एल प्लस टू हाई स्कूल, नया नगर बरकाकाना के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन से मुलाकात कर मैट्रिक परीक्षाफल 2024 के टॉप टेन की सूची उपलब्ध कराने का निवेदन पत्र दिया गया ताकि विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा सके। मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि गरीब व माध्यम वर्ग के विद्यार्थियों की हौसला अफजाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिंदी माध्यम के छात्र छात्राऐं गरीब व माध्यम वर्ग से होते हैं जिनका उत्साह बढ़ाना हमारी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि बुद्धिजीवी मंच द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षेत्र के हिंदी माध्यम के पांचों उच्च विद्यालयों के उत्तकृष्ट अंक प्राप्त करने वाले दस दस विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। मंच द्वारा इस संबंध में क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नाम निवेदन पत्र निर्गत किया गया है। मंच के शिष्टमंडल ने सी सी एल प्लस टू हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन से मुलाकात के क्रम में ग्यारहवीं में दाखिला प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली और शिष्टमंडल द्वारा अनुरोध किया गया कि दूसरे महाविद्यालयों की तरह इसमें भी नामांकन प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए ताकि क्षेत्र के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को इसी वर्ष से ही क्षेत्र के प्लस टू हाई स्कूल में अध्ययन का अवसर मिल सके। प्रतिनिधिमंडल में मंच के संरक्षक प्रदीप चक्रवर्ती, अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सचिव डॉ शाहनवाज खान, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, कोषाध्यक्ष मो सलीम, प्रवक्ता सुशील कुमार, गिरीशंकर महतो, और श्यामलाल करमाली शामिल थे।

## एनटीपीसी मजदूर यूनियन कार्यालय पतरातू में मना मजदूर दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** बुधवार को एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक) के द्वारा बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस यूनियन कार्यालय पतरातू में मनाया गया। वहीं यूनियन के सदस्यों ने इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।इसके पूर्व भाकपा अंचल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी कॉमरेड मनोज कुमार महतो के द्वारा संगठन का झंडोत्तोलन कर बुलंद नारों के साथ शहीद साथियों को लाल-सलाम व श्रद्धांजलि दी गई। वही उपस्थित कॉमरेड मनोज कु. महतो ने कहा कि पूरे देश में मजदूरों के अधिकारों को लेकर एक बार फिर से आंदोलन हो रहा है। जहां केंद्र सरकार श्रम कानूनों में संशोधन कर मजदूर विरोधी नीतियां बना रही है। वही दूसरी ओर निजीकरण के बहाने रोजगार एवं मजदूरों के सुविधाओं में कटौती कर रही है। फिर से मजदूरों को गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही है। मौके पर रमेश महतो,मनोज पहान, नरेश बेदिया, किशोर कुमार महतो, अलीम अंसारी, दिलीप महतो, सेवालाल बेदिया, जय नंदन सिंह, भूगोल राठौर, सूरज महतो,उमेश महतो, रामेश्वर यादव, राजपाल कुमार, जगदेव महतो, राम बेदिया, सुरेंद्र महतो, राहुल करमाली, ओम प्रकाश साहू, जगदेव महतो, नसीम अंसारी अर्जुन महतो, महावीर महतो, उमेश करमाली, मिथिलेश कुमार, सुमित कुमार, आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, वीरू यादव, राजेंद्र रजवार और बैजनाथ शेखर आदि शामिल थे।

## मजदूरों के अधिकारों को लेकर हुई समूहीक चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शिक्षा विभाग, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में बी एड एवं एम एड के प्रशिक्षुओं के बीच सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया । इस वर्ष मजदूर दिवस का थीम था जलवायु परिवर्तन के बीच काम की जगह पर श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना। प्रशिक्षुओं ने मजदूर दिवस का इतिहास, संविधान में निहित उनके अधिकार और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत परिचर्चा की ।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम विश्वभर के मजदूरों के मेहनत और समर्पण का सम्मान करते है। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार,शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी सहित डॉ. आशा प्रकाश, डॉ. करलुस टोप्पो, डॉ. रंजना पाण्डेय, डॉ. राकेश रंजन,डॉ. अरबिन्द कुमार, डॉ. उमेश चंद्र महतो, डॉ. अमरेश कुमार पाण्डेय, डॉ. अनामिका कुमारी, डॉ. अनुराधा लकड़ा,बुद्धदेव महतो, अनिल कुमार केसरी एवं राहुल चंद्र मंडल मौजूद थे ।

## डीएवी बरकाकाना में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वर्ग दशम् की दिव्या ने श्रमिक दिवस की जानकारी बच्चों को दी। विद्यालय के शिक्षक उदय नाथ मिश्र ने मजदूरों के सम्मान में 'मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या' कविता प्रस्तुत की । इस अवसर पर बच्चों ने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। बच्चों ने उन्हें मिठाई भी खिलाया। विद्यालय के प्राचार्य मो. मुस्तफा मजीद ने इस अवसर पर कहा कि आप एक दिन भी न आयें तो स्कूल नहीं चलेगा। आप विद्यालय के नींव के ईट हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका वीणा सिंह ने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के सम्मान के बारे में कहा कि छोटे बच्चों के देख - रेख से लेकर हर एक काम में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार एवं विद्याधर चौधरी ने इस अवसर पर कर्मियों के सम्मान में गाना सुनाएं। एसके चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टूडेंट काउंसिल के रूप में तान्या महतो, किशन अग्रवाल, भार्गवी झा , जयश्री रोय, पायल कुमारी, तेजस आर्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पुरानी सेल कमेटी को भंग कर नयी सेल कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले सौंदा बस्ती के शिव मंदिर प्रांगण में आज ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित हुए और सभी के सर्वसम्मति से बरका सायल के सायल डी परियोजना से सौंदा बस्ती द्वारा संचालित पुरने सेल समिति को भांग कर नए सेल संचालन समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों ने कमेटी मे मनमानी धांधली लापरवाही को देखते हुए सेल संचालन समिति को भंग कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा जिस उद्देश्य के साथ सेल संचालन समिति का गठन किया गया था वैसा कुछ भी काम नहीं किया गया, लेकिन समिति के कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ में सौंदा बस्ती के ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी करने का काम किया था। इन्हीं सब करण से सौंदा बस्ती के ग्रामीणों ने पुराने सेल समिति को भांग कर नए सेल समिति का गठन किया जिसमें अध्यक्ष के रूप में दयानंद प्रसाद, सचिव अंबर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायन प्रसाद और कोषाध्यक्ष किशोर प्रसाद को चुना गया।अध्यक्ष दयानंद प्रसाद ने कहा बहुत जल्द नियमावली के साथ समिति का विस्तार किया जाएगा जो ग्रामीणों के हित न्याय संगत में काम करेंगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर में प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन केंदुआ के अन्तर्गत संचालित अल इकरा कंपेटीटीव सेंटर का प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हुआ जिसका परिणाम आगामी 6 मई को घोषित होगा। परीक्षा के दौरान उत्तम व्यवस्था की गई थी। विभिन्न स्थान से आए बच्चों ने इसकी काफी प्रशंशा की। मास्टर रंजीत, रिंकू ऊर्फ अहमद रेजा, जमील, जसीम, भीष्म कुमार, जाहिद, असलम रेजा जैसे अनुभवी शिक्षकों की देख रेख मे परीक्षा आयोजित हुआ। लगभग 122 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टॉप 10 स्टूडेंट को 6 मई को सम्मानित किया जाएगा जबकि प्रोग्राम में टॉप 50 स्टूडेंट का निमंत्रण होगा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाजी गुलाम ख्वाजा होगें। ज्ञात हो की इस सेंटर में 200 प्रवेश शुल्क और 300 रू मासिक शुल्क देकर शिक्षा हासिल कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति दिये जा रहे इस नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।(8271866094 / 7979713349)।

## भाजपा के अच्छे दिन गए इंडिया गठबंधन के दिन आएं : मथुरा प्रसाद महतो



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अपने चुनावी दौरे के क्रम में मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब भाजपा द्वारा लोगों को दिग्भ्रमित करने वाला सपना अच्छे दिन अब लदने वाला है और इंडिया गठबंधन की सरकार आने वाला है।सभा में उपस्थित लोगों के समक्ष सांसद प्रत्याशी मथुरा प्रसाद ने चुटकी लेते हुए कहा कि जुमलेबाजी के सहारे सत्ता हथियाना भाजपा की नीयत और नियति बन गया है पर इस बार जनता इनके झांसे में नहीं आयेगी पन्द्रह लाख खाते में आना भी इनका झूठ साबित हो चुका है आगे उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार ही है जो हर लोगों को सम्मान और अधिकार देने में विश्वास करती है हमलोग मतदाता को अंधकार में रखकर सत्ता हासिल करना नहीं जानते यह विद्या केवल भाजपा जैसे महानुभावों के तक ही सीमित है।आज इंडिया गठबंधन की सरकार झारखंड के आंदोलनकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उनके अधिकारों को देने का काम किया। केंद्र की वर्तमान सरकार केवल तानाशाही, जुल्म,जुमलेबाजी करना जानती है। इंडिया गठबंधन की सरकार मजदूर हित की बात करते हुए विकास करने विश्वास करती है बिरसा मुंडा की पावन धरती पर शहादत देने वालों को इंडिया गठबंधन की सरकार हर बर्ष इनकी याद में शहादत दिवस का आयोजन कर सम्मानित करने का काम करता है। अंतिम में 25 मई को इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से किया और विकास का गंगा बहाने की बातें कही। मौके पर इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बोकारो, चंदनकियारी सहित 8 विस क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने की है सुदृढ़ व्यवस्था : उपायुक्त




**निर्धारित रूट, निर्धारित वाहन से बिना रुके बाजार समिति पहुंचने का निर्देश**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है। बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे। ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे। महिला एवं दिव्यांग बूथ के कर्मियों को प्राथमिकता देकर चुनाव सामग्री जमा कराई जाएगी। न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रीसाइडिंग ऑफिसर की डायरी, फॉर्म 17 ए, 17 डी, ईवीएम पर हैंड्स ऑन, ईवीएम कमिश्निंग, ईवीएम एरर का निराकरण, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैलेट यूनिट में क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे और अपने जिम्मेदारी का पालन करेंगे। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम पहुंचने के लिए रूट की जानकारी रखने, वैकल्पिक रूट की खोज रखने तथा एक बार ट्रायल रन करने का निर्देश दिया। वहीं डीसीएलआर सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने सभी से अपने दायित्व का निर्वाहन कर, संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए सुचारू रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने का आह्वान किया।

## लोकसभा चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मार्क्सवादी समन्वय समिति के जगदीश रवानी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अनुपमा सिंह, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के दीपक कुमार दास, निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह, उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## गिरिडीह : अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन



**नामांकन सभा में शामिल हुए केशव प्रसाद मौर्या**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन कराने के पूर्व अन्नपूर्णा देवी मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। नामांकन के पहले भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जुटान शहर के सर्कस मैदान में हुआ वही हजारों की संख्या में भाजपाई कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। जिसके बाद शहर में रोड शो करते हुए भाजपा के दोनो प्रत्याशी समाहरणालय पहुंचे। समाहरणालय कोडरमा संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष अपना नामांकन प्रपत्र भरा। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने निर्वाची पदाधिकारी गुलाम समदानी को अपना नामांकन प्रपत्र सौंपा। इस दौरान मौके पर भाजपा के कई दिग्गज नेता साथ उपस्थित थे। इधर बताया गया कि नामांकन प्रक्रिया के बाद सभी भाजपाई फिर से सर्कस मैदान पहुंचें जहां एक विशाल जनसभा का आयोजन हुवा जिसमे मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जनसभा को सम्बोधित करते हुवे कहा की ये चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है आपके एक वोट से देश की दिशा दशा तय करेगा पुरे मे मोदी की लहर चल रही है, हम सब को मिलकर 20 मई को वोट भाजपा को जरूर दे आपका वोट देश को विकसित राष्ट्र बनायेगा वहीँ सभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, विधायक रणधीर सिंह, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, आदि लोगों को संबोधित किया।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने किया नामांकन, कहा...

## श्रमिकों के लिए बेहतर कार्य कर सकें इसलिए मजदूर दिवस के दिन किया नॉमिनेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए धनबाद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जिला समाहरणालय पहुंच कर अपना नामांकन किया। उनके साथ उनके पति बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ जय मंगल सिंह भी मौजूद रहे। वहीं नामांकन के दौरान पूर्णिमा सिंह भी मौजूद थीं। अनुपमा सिंह के नामांकन के दौरान मेमको मोड़ में उनके कार्यकर्ताओं का हुजूम देखने को मिला। इसके साथ ही समाहरणालय के बाहर भी कार्यकर्ता तपती गर्मी में पसीना बहाते नजर आए। मीडिया से बातचीत के दौरान अनुपमा सिंह ने कहा कि एक पड़ाव मेरा पूरा हुआ है। अब अगले पड़ाव की तैयारी में हम जुट गए हैं। बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बारे में उन्होंने कहा कि वह भी एक प्रत्याशी हैं। वह अपना काम कर रहे हैं, मैं अपना काम कर रही हूं। पार्टी के कार्यकर्ताओं में चल रहे विरोध पर अनुपमा ने कहा कि शुरुआत में विरोध होता है, लेकिन जब उन्हें पता चलता है कि उनके हित के लिए काम हो रहा है तो वह साथ खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जितने तरह का विरोध था वह खत्म हो गया है। पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट हैं। चुनाव को लेकर कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। वह लोगों के बीच हमारे साथ भी जा रहें हैं और खुद भी कांग्रेस पार्टी के कार्यो को बताने में जुटे हुए हैं। अनुपमा सिंह ने कहा कि नारी शक्ति किसी से डरती नहीं है। जब मां दुर्गा नहीं डरीं तो हम क्यों डरेंगे। हम भी उनके पदचिन्हों पर चलेंगे। उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है। मजदूरों के लिए बेहतर कदम उठा सके, इसलिये आज का दिन नामांकन के लिये चुना है। वहीं अनुपमा सिंह के पति बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि इस चुनाव में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है।

## पटना-मोकामा व किउल-गया पैसेंजर के समय में संशोधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** तकनीकी कारणों से दिनांक 06.05.2024 से गाड़ी सं. 03378 पटना-मोकामा पैसेंजर स्पेषल तथा 03393 किउल-गया पैसेंजर स्पेषल के समय सारणी में संषोधन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 03378 पटना-मोकामा पैसेंजर स्पेषल का दिनांक 06.05.2024 से बख्तियारपुर और मोर स्टेषनों के मध्य ठहराव समय में संषोधन किया गया है। अब यह पैसेंजर स्पेषल दिनांक 06.05.2024 से 06.33 बजे बख्तियारपुर पहुंचेगी और वहां से 06.35 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेषनों पर रूकते हुए 07.23 बजे मोर स्टेषन पहुंचेगी तथा 07.24 बजे यहां से प्रस्थान करेगी ।

2. गाड़ी सं. 03393 किउल-गया पैसेंजर स्पेषल का दिनांक 06.05.2024 से किउल और वारिसली गंज के मध्य ठहराव समय में संषोधन किया गया है। अब यह पैसेंजर स्पेषल दिनांक 06.05.2024 से किउल से 20.15 बजे के बजाए 20.30 बजे खुलकर 21.49 बजे वारिसली गंज पहुंचेगी तथा यहां से यह 21.51 बजे प्रस्थान करेगी ।

### बीमा कर्मचारी संघ में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया

## नई आर्थिक नीति के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है : धर्म प्रकाश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ गिरिडीह के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एलआईसी परिसर में कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश तथा अध्यक्षता संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के अलावे बैंक यूनियन, झारखंड कोल इंप्लाइज फेडरेशन, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मां लिए संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस, श्रमिक वर्ग के संघर्षो और समाज में योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। 1886 में अमेरिका में एक बड़ा प्रदर्शन हुआ जहां मजदूरों ने रोजाना 8 घंटे काम के अधिकार की मांग की। इस प्रदर्शन को असफल करने के लिए वहां की पुलिस ने लाठी चार्ज किया जिसमें सैकड़ो मजदूर घायल हो गए। 1889 में यूरोप के समाजवादी पार्टियों के द्वारा 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इस आंदोलन के बाद मजदूर वर्ग को 8 घंटे काम का अधिकार प्राप्त हुआ। लेकिन 135 वर्षो के बाद उदारीकरण तथा वैश्वीकरण नीतियों के लागू हो जाने के कारण यह अधिकार छीना जा रहा है। विभिन्न संस्थानों में निविदा पर बहाली की जा रही है ,जहां मजदूर वर्ग का आर्थिक और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। पूंजीवादी नीतियों के तहत देश के महत्वपूर्ण संस्थानों को कॉर्पोरेट के हाथों बेचा जा रहा है। जिससे स्थाई रोजगार में भारी कमी आई है। देश के 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर कॉरपोरेट को लाभ पहुंचाने की नीयत से 4श्रम कोड बनाया गया, जो श्रमिक के हितों के प्रतिकूल है। सहायक सचिव अनुराग मुर्मू ने कहा कि आज फिर से दुनिया के मजदूरों को एक होने की जरूरत है तथा श्रमिक विरोधी नीतियों का मुख्य विरोध करना जरूरी है।

## सीसीआई के प्रतिनिधिमंडल मिले विधुत महाप्रबंधक अधिकारी से



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राहुल बर्मन की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड बिजली विभाग निगम के मुख्य अभियंता सह महाप्रबंधक प्रतोष कुमार व कार्यपालक अभियंता तकनीकी प्रणव तिवारी से मिलकर बिजली संकट में सुधार को लेकर विस्तृत बातचीत की। आम जनों को लाभ पहुंचाने हेतु अच्छे वातावरण में बैठक संपन्न हुई जिसमें गिरिडीह को सोलर सिटी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार व राज्य सरकार की हर घर कनेक्सन योजना को तीव्रता से पहुंचाने हेतु सहमति बनी। इसके अलावे शहरी क्षेत्र में बिजली संबंधित असुविधा के लिए डिविजन वाईज हेल्पलाइन की व्यवस्था बहाल करने की सुविधा सूचना महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किये जाने की बात की गई। शहरी क्षेत्र में बिजली की जो व्यवस्था अभी चरमराई हुई है उसे दुरुस्त करने की बात की गई। इसके अलावे निगम क्षेत्र के कई इलाकों में जले ट्रांसफार्मर व जर्जर विधुत तार को लेकर भी पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सीसीआई के पदाधिकारियों ने ऊर्जा मित्र के कर्मियों को आई कार्ड लगाकर ही प्रतिष्ठान या आवास में विजीट करने की बात कही गयी जिसपर अधिकारियों ने भी सहमति जताई।

### मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

## रोजगार, एम्स, हवाई अड्डा पहली प्राथमिकता : जगदीश रवानी



**धनबाद के मतदाता एकजुट हो, भाजपा को उखाड़ फेकें : अरूप चटर्जी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने अपने हजारों समर्थकों के साथ उपायुक्त कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, रुस्तम अंसारी आदि शामिल थे। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, झरिया, निरसा, धनबाद से सैकड़ो दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन से मासस के कार्यकर्ता जिला परिषद मैदान पहुंचे। उक्त स्थान से खुले जीप में सवार होकर मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी लोगों का अभिवादन करते हुए सिटी सेंटर पहुंचे जहां से पैदल यात्रा कर धैया के रानी तालाब होते हुए मेमको मोड़ गए। वहां सर्वप्रथम शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद उपायुक्त कार्यालय पहुंच कर धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। तत्पश्चात उपायुक्त कार्यालय के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि जब से भाजपा शासन में आई है, देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है। पूंजीपति वर्गो का धन आसमान छू रहा है। वहीं गरीब 5 किलो का अनाज लेकर ठगा महसूस कर रहे हैं। पेट भरने के लिए आम जनता के पास रोजगार नहीं है। किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण कर जीविका चला रहे हैं। एम्स, हवाई अड्डा दूसरे क्षेत्र मे चला गया। बैंक मोड़ का फ्लाई ओवर सकृंत है। उसकी आवाज उठाने वाले सांसद संसद भवन में सो रहा था। मासस की जीत से ही धनबाद कोयलांचल का चौमुखी विकास होगा। वहीं मासस के केंद्रिय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा की इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। धनबाद से कई महत्वपूर्ण योजनाएं दूसरे क्षेत्र चले गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा की स्थिति दिन ब दिन निचले स्तर पर जा रही है। इस बार मोदी सरकार को देश की गद्दी से उखाड़ फेकना होगा। मौके पर मुख्य रूप से मासस जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान, महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, दिलीप तिवारी, दिल मोहम्मद, बादल बाउरी, संतु चटर्जी, सबुर गोराई, राणा चटराज, गणेश महतो, हेमलता देवी, अंजू चटर्जी, काशीनाथ मंडल, नरेश पासवान, गयाराम शर्मा, भीम रजक, कल्याण राय, सुरेश महतो, देवीलाल महतो, लालमोहन रजवार, लखी राम रजवार, चेतु महतो, गोविंद रवानी, सुखलाल महतो, मंटू रवानी, शीतल दत्ता, दिनेश महतो, सुरेश दास आदि शामिल थे।

## अपेक्स-वन कॉमर्स क्लासेस के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

### शिक्षक अबु तलहा ने सभी को दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर स्थित अपेक्स - वन कॉमर्स क्लासेस पिछले 15 वर्षो से लागतार शत प्रतिशत रिजल्ट देता चला आ रहा है। इस बार भी सभी विधार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सानिया हुसैन ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ कोचिंग मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नाज़िया परवीन 72 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं नाज़िया खातून 70 प्रतिशत अंकों के साथ तृत्य स्थान पर रही। बाकी सारे बच्चों का रिजल्ट भी बेहतर रहा और सभी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। अपेक्स - वन कॉमर्स क्लासेस के डायरेक्टर सह टीचर अबु तलहा ने सभी बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा की वासेपुर दिन प्रतिदिन शिक्षा के क्षेत्र मे नया मुकाम हासिल कर रहा है। वासेपुर के बच्चे जिला और राज्य स्तर पर टॉप कर रहे है। अब ये गैंग्स ऑफ वासेपुर नही बल्कि रैंक ऑफ वासेपुर बनता जा रहा है। पढ़ेगा वासेपुर तो बढ़ेगा वासेपुर का नारा देते हुए अबु तलहा ने शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया।

## एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने धनबाद, झरिया, सिंदरी का किया दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो का पुटकी के स्वामी विवेकानंद नगर मे ग्रामीणों ने ढ़ोल नगाड़े फूल माला व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। उपस्थित ग्रामीणों से कमल फूल छाप पर वोट देने की अपील करते हुए ढुल्लू महतो ने कहा कि आपके बेटा को भाजपा ने धनबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। आप लोग अपना बहुमूल्य वोट देने का कार्य करें। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि आप लोगो की आवाज को दिल्ली सदन में उठाने का कार्य करूंगा। यात्रा के दौरान ढुल्लू महतो ने सिंदरी विधानसभा अंतर्गत श्री श्री बाबा दक्षिणेश्वरी संकट मोचन मंदिर कान्डरा में आयोजित श्री श्री 108 मारुती नंदन हवनात्मक महायज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। वहीं झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह जेयलगोरा नेहरू स्टेडियम में आयोजित 32 वां वार्षिक मानस महाधिवेशन में शामिल होकर पूजा अर्चना कर उन्होने आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, योगेन्द्र यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

# लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक हुई

➲झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान, आपसी समरसता और भाईचारा को कायम रखने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतना आवश्यक : मोजम्मिल अहमद

➲भाजपा लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही है,पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा जाना साजिश का परिणाम : अनुपमा भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को झामुमो जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए झामुमो के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा की यह चुनाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकताओं को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने गाँव पंचायत पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि श्री अहमद ने कहा कि झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान,आपसी समरसता और भाईचारा को कायम रखना है,तो हमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी बहुमत जीता कर गठबंधन को मजबूती प्रदान करनी होगी। यह चुनाव आम चुनाव होकर भी देशवासियों के लिए बेहद खास है। सत्ताधारी भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाते आई है। पिछले 10 वर्ष के लम्बे शाषण के बाद भी भाजपा और मोदी जी अपनी उपलब्धि के आधार पर चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं। इसलिए उन्हें धार्मिक उन्माद का सहारा लेना पड़ रहा है। हमें इस चुनाव में उन्हें मजबूती से जवाब देना होगा। इसीलिए गठबंधन के सहयोगी दलों के सभी स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाना आवश्यक है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की अर्द्धांग्नि सह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत ने उपस्थित झामुमो के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जनता को गुमराह किया है, देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही है। लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को को झूठे मुकदमे में जेल भेजा जाना इसी साजिश का परिणाम है। ऐसे में इंडिया गठबंधन ही देश का बेहतर विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी सुखदेव भगत को विजय बनाएं, हम आपकी समस्याओं और आपके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए आपके साथ हमेशा खड़ा रहेंगे। संबोधित करने वालों में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेत्री राधा तिर्की, जिला सचिव अनिल उरांव, केन्द्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी,विनोद यादव, इंजीनियर जफर इकबाल,महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू आदि शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा इंडिया गठबंधन जिन्दाबाद, गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत जिन्दाबाद,झामुमो जिन्दाबाद और भारी बहुमत से विजय बनाने का आह्वान किया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य विनोद यादव,केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी,जिला सचिव अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, पेसरार प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार, कुडू प्रखंड अध्यक्ष संकर उरांव, किस्को प्रखंड अध्यक्ष साकिर अंसारी, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, कैरो प्रखंड अध्यक्ष सजाद अंसारी, सादर प्रखंड अध्यक्ष बुद्धिमान उरांव, नगर अध्यक्ष आकाश साहू, मनोज कुमार, राहुल उरांव,मोना कुमार, प्रखण्ड, स्तर के झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मोदी जी की विजन और मिशन के तर्ज पर क्षेत्र का विकास होगा : समीर उरांव

## भाजपा की जीत पक्की होगी : मौलाना अशरफी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण करते हुए राज्यसभा सांसद माननीय समीर उरांव की जनसंपर्क अभियान राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी के नेतृत्व में चलाया गया। ग्राम नवाडीह में मौलाना अशरफी के आवास के निकट मुस्लिम अल्पसंख्यकों से भी भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव जी रू ब रू हुए। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने पीएम मोदी जी की विजन और मिशन को विस्तार पूर्वक आवाम के नजदीक बातें रखी लोग रूबरू हुए। उन्होंने कहा फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार इस बीच लेह लद्दाख जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए मुस्लिम समाज की उत्थान कल्याण विकास का भी जिक्र किया और सब का साथ सबका विश्वास सिर्फ नारा ही नहीं इस पर केंद्र सरकार और संगठन निरंतर कार्य कर रही है। इस मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक मनिका हरे कृष्णा ने भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव की हौसला अफजाई की भाजपा नेता अजय पंकज ने राज्यसभा सांसद समीर उरांव की जनसंपर्क अभियान को सराहनीय कदम बताया और उन्हें भारी मतों से विजय दिलाने का क अपील। मौलाना अशरफी ने कहा समीर उरांव सिर्फ हर दिल अजीज ही नहीं समाज के सभी तबकों के लिए हर दिल के करीब हैं इस लिए भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत पक्की होगी और मोदी जी की गारंटी के लिए हम सब गारंटर साबित होंगे। भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में किस्को बाजार चौक में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ और इस भाजपा टीम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री एवं किस्को प्रखंड प्रभारी बाल कृष्णा सिंह, पूर्व प्रमुख मुन्नीलाल उरांव,मंडल महामंत्री राजकुमार मुंडा, मदन साहू, रामचरण साहू, सुरेश लोहार, रोशन कुमार साहू, आजसू नेता राजू गुप्ता, राजू अंसारी के अलावे मौलाना अशरफी के प्रोग्राम में मुस्लिम ग्रामीण के अलावे भाजपा अल्पसंख्यक के पुराने और नए कार्यकर्ता उमंग के साथ मोइन अंसारी, इकबाल अंसारी, गुफरान अंसारी, इरफान अंसारी, तनवीर अहमद, तौकीर अंसारी, शमीम अंसारी इत्यादि शामिल थे।

# मिशन बदलाव टीम के द्वारा इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक प्रखंड टॉपर को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** मजदूर की बेटी बंटी कुमारी ने पुरे प्रखंड में इंटरमीडिएट कला संकाय के परिणाम में 75.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है । एस एस प्लस टू कि छात्रा बंटी कुमारी को 378 अंक मिला है। ये जानकारी मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत को पता चला तो तुरंत महिला जिला अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी को कॉल कर के सम्मानित करने के लिए प्रसस्ती पत्र एवं गिफ्ट जलडेगा भेजा। वहीं महिला जिला अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी के साथ पुरे मिशन बदलाव की टीम इंटरमीडिएट प्रखण्ड टॉपर बंटी कुमारी एवं मैट्रिक 2ठ्स्र टॉपर राधिका कुमारी से मुलाक़ात कर सबसे पहले मुँह मीठा कराया एवं प्रसस्ती पत्र के साथ कॉपी पेन दे कर सम्मानित किए। मौके पर महिला जिला अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी नें दोनों को बधाई देते हुवे कहा कि आपका सफलता आपके साथ आपका माता पिता अभिभावक एवं टीचर के कड़ी मेहनत का फल है आप इसी तरह आगे कि पढ़ाई करते हुवे देश का भी नाम रोशन कीजिये। आगे कि पढ़ाई में कुछ समस्या होने पर तुरंत हमें सुचना दे हम मिशन बदलाव टीम मिल कर सहयोग करेंगे। प्रखण्ड टॉपर बंटी कुमारी से बात चीत के दौरान उसने बताया कि मां पापा बहुत गरीब हैं दोनो मजदूरी करते हैं। घर में गरीबी इतना थी की उसके मां पापा ने बचपन से ही उसको अपने फूफा के घर भेज दिया था, और एक शुरू से ही बंटी अपने फूफा घर में रहकर जलडेगा में पढ़ाई की। फिलहाल वो सिलाई सिख रही है। महिला जिला अध्यक्ष जयंती देवी ने जब बंटी को बताया की आप इंटर प्रखंड टॉपर है तो उसे यकीन ही नहीं हुआ और अंदर ही अंदर ये खबर सुन कर बहुत खुश हो रही थी।

# शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान : अनिल उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा दण्डाधिकारी अनिल उरांव की मौजूदगी में वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव का बिगुल बजते ही आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में गुरुवार को जांच के दौरान एस आई मनीष कुमार महतो के द्वारा पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर, बैनर, झंडा, अवैध हथियार के अलावे गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब जैसे अन्य नशीला पदार्थ एवं



पैसे का बारीकी से जांच किया जा रहा है। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखे बैग थैला डिक्की सहित अन्य चीजों का भी जांच करते हुए तलाशी लिया जा रहा है। वही चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा सन्देहास्पद व्यक्ति या बाहर से तथा दूसरे जिले से आने जाने वाले लोगों पर पैनी निगाहें रखी जा रही है। जिसे अपराधिक गति विधि पर अंकुश लगा रहे। और शांतिपूर्वक भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके। वही दण्डाधिकारी अनिल उरांव ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उपायुक्त व पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। जिसे चुनाव में मतदताओं को किसी तरह का परेशानी न हो। मौके पर एस आई मनीष कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे।

# इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इशिता सेढ़ा ने स्टेट छठा टॉपर सना परवीन को किया सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुलाइन इंटर कॉलेज की छात्रा एवं ग्राम पंचायत ब्लॉक किस्को लोहरदगा निवासी सना परवीन पिता जहांगीर हुसैन एवं माता नसरीन अंजुम को इंटरमीडिएट के फाइनल परीक्षा में विज्ञान विषय के अंतर्गत पूरे राज्य में टॉप टेन में रही। जिसमें 94.6 अंक लाने के पर इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इशिता सेढ़ा ने बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उज्वल भविष्य की कामना की। इशिता सेढ़ा ने कहा कि सना परवीन ने अपनी मेहनत और लगन से जहां अपनी शिक्षण संस्थान अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है वही लोहरदगा जिला एवं पूरे झारखंड राज्य का भी गौरवान्वित कर दिया है। सना परवीन को सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव फहद खान जिला अध्यक्ष गुलाम जिलानी उपस्थित रहे।

# किस्को में इंडिया गठबंधन का खुला चुनावी कार्यालय, प्रत्याशी सुखदेव भगत को जिताने पर बनी रणनीति



**किस्को-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के लोहरदगा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के लोकप्रिय प्रत्याशी सुखदेव भगत का चुनावी कार्यालय किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल में किस्को नवाडीह मुख्य पथ पर मिडिल स्कूल के समीप पार्टी के आजीवन सदस्य मंगरा भगत, पूर्व मुखिया सुखमनी लकड़ा, प्रखंड प्रभारी सामुल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, नुसरत अंसारी, बसंती उरांव, राजेन्द्र यादव, जफर इमाम, कबीर अंसारी, शेख सादिक, मनीष कुजूर, तबरेज अंसारी, नसीम अंसारी, दुर्गा उरांव, उल्फत अंसारी, सेराज खान, खुदी मांझी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर चुनावी कार्यालय का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इस बीच पार्टी के नारे को बुलंद किया गया एवं लोहरदगा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के जुझारू उम्मीदवार सुखदेव भगत को किस्को प्रखंड क्षेत्र एवं पूरे लोकसभा सीट से आपार मतों से विजई दिलाए जाने हेतु रणनीति बनाई गई। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जी का जंजाल बना निष्क्रिय जलमीनार, अस्पताल कैंपस बना कचरा निस्तारण टैंक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** कुड़ू के हृदय स्थली इंदिरा गाँधी चौक के समीप थाना के चारदिवारी से सटे जलमीनार एवं अस्पताल के कैंपस में बना कचरा निस्तारण टैंक आसपास के लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। ज्ञात हो कि थाना से सटे जलमीनार वर्षों से निष्क्रिय है। इस संदर्भ में पहले भी मामला उठाया गया था।तत्कालीन अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह ने संज्ञान लिया था। पीएचईडी के हवाले से उन्होंने बताया था कि जलमीनार का चापानल फेल हो गया है इस स्थान से हट जलमीनार को शिफ्ट किया जायेगा। वर्तमान समय में जल के लिए मारामारी है। सामने अस्पताल सूत्रों का कहना है जल की कमी अस्पताल में भी हो जाती है। आसपास के लोग जबरदस्ती अस्पताल में प्रवेश कर मरीजों के हिस्से का पानी भी ले जाते हैं। मना करने से झगड़े पर उतारु हो जाते हैं। ऐसी स्थिति पहले बेसिक स्कूल में होता था। जलमीनार इस स्थान पर हर हाल में जरुरी है। अन्यथा दूर बस स्टैंड जाना मजबूरी है। दूसरी सबसे बड़ी समस्या कचरा निस्तारण टैंक से है। अस्पताल कैंपस में कचरा निस्तारण टैंक तो बना दिया गया है। पर कचरा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण गंदगी से दुर्गंध निकलना स्वाभाविक है। जिला पार्षद स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुड़ू, लोकस्वास्थ अभियंत्रण विभाग जनहित में मामले को संज्ञान में लें।

# बिंदेश्वर उरांव ने भाजपा कैरो मंडल में चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल लखन उराँव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव कार्यालय भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव ने फीता काटकर एवम नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व पहान के द्वारा पूजा पाठ किया। उद्घाटन समारोह में बोलते हुवे श्री उराँव ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा सीट भाजपा की आन बान और सान है। कार्यकर्ता इस बार भारी अंतर से जीताने का मन बन चुकी है। और यह सीट देश के विकाश के लिए समर्पित होगा। वर्तमान सांसद द्वारा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का काम किया है। बचे हुवे कार्यो को नए सांसद समीर उराँव पूरा करेंगे। समीर उराँव एक गरीब परिवार से है गरीबो के दर्द को भलीभाँति समझते। सभी जनता से भर भर कर वोट करने की अपील की। पूरी कैरो मंडल की जनता कमर कस ली है। श्री राजमोहन राम पूर्व जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुवे कहा कि मोदी जी ने 400 पार का नारा दिया है उसमें एक कमल हमारे लोहरदगा से भी होगा। अब कार्यालय खुल गया है कार्यकर्ता तूफानी दौरा कर विजय हासिल करेंगे। सभा को अनुसूचित जनजाति मोर्चा विधानसभा प्रभारी बजरंग उराँव, विशेश्वर प्रसाद, आजसू से विपिन जी भी संबोधित किया। मोके पर मनोज साहू, कैलाश महतो, सुखराम उराँव, प्रकाश नायक आदि के साथ ढेर सारे कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिमडेगा झारखंड की सलीमा टेटे बनाई गई भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** एक साथ झारखंड के चार खिलाड़ियों निक्की प्रधान, सलीमा टेटे (कप्तान), संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग का भारतीय महिला हॉकी टीम में चयन होना समस्त झारखंड के लिए गौरव पूर्ण पल, निक्की, सलीमा और संगीता पूर्व से ही भारतीय टीम में प्रतिनिधित्व करते आ रही है अब और एक झारखंड की दीपिका सोरेंग का भी चयन सीनियर टीम में होना बहुत बड़ी उपलब्धि।इससे पूर्व दीपिका सोरेंग जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जूनियर विश्व कप, जूनियर एशिया कप इत्यादि खेल चुकी है। सलीमा टेटे को स्र्ढ्ढ॥ हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोप चरण के दौरान कप्तान बनाया गया है जबकि नवनीत कौर को उप कप्तान बनाया गया।हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो स्र्ढ्ढ॥ प्रो लीग 2023-24 के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी। बेल्जियम चरण 22 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होगा, जबकि इंग्लैंड चरण 1 जून से शुरू होकर 9 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा, 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत वर्तमान में आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। टीम की कमान कैप्टन सलीमा टेटे संभालेंगी, जिन्हें हाल ही में छठे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 में महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# टांगी के प्रहार से युवती हुई घायल, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठियो ग्राम में लड़की के साथ गलत नजर गांव का लड़का द्वारा रखा जा रहा था। और शराब के नशे में मंगलवार देर शाम लड़की को अकेला देख गाली गलौज एवं धमकी देते हुए गलत नियत से रंगा महली अपने परिवार के साथ मिल लड़की को खींच कर ले जा रहा था। तभी सोर गुल होने लगा तो धारदार हथियार टांगी से प्रहार कर जख्मी कर दिया। घटना के उपरांत घायल युवती पूजा कुमारी पिता स्वर्गीय राजकुमार सिंह आनन फानन में सेन्हा थाना पहुंची जहां युवती को घायल अवस्था मे देखते हुए पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ करते हुए घायल अवस्था मे युवती पूजा कुमारी को पुलिस ने इलाज हेतु सुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया।

# लोकतंत्र में आदिवासी समाज तय करेगा कि लोहरदगा का राजा कौन बनेगा : चमरा लिंडा

## भंडरा प्रखंड के भैयागांव चौरा में विशाल जन सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** आदिवासी समाज के लोगों से वोट मांगने सब कोई आते है, परंतु आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कोई नहीं सोचता। जब से हम राजनीतिक में कदम रखें है, तभी से ही हम आदिवासियों की अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे है। इसमें आज तक किसी पार्टी ने साथ नहीं दिया। हम अपने समाज व राज्य के विकास के लिए हमेसा मुखर रहे है और रहेंगे। राज्य में आदिवासियों को रोजगार, पलायन पर अंकुश, शिक्षा पर कोई बात नहीं करना चाहता उक्त बातें गुरुवार को भंडरा के भैयागांव चौरा में आयोजित विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए लोहरदगा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस पार्टी आदिवासी को सिर्फ 75 साल वोट बैंक समझ कर रखा है,पर अब आदिवासी समाज जाग चुका है। लोकतंत्र में आदिवासी समाज तय करेगा कि लोहरदगा का राजा कौन बनेगा। झारखंड में बाहरी लोगों का दाल गलने नही दिया जाएगा। राज्य में सरना कोड को लड़ कर लागू करवाया जाएगा। बगैर सरना कोड के आदिवासियों का हक़ व अधिकार का हनन हो रहा है। सरना कोड लागू नहीं होने से धीरे-धीरे आदिवासी की संख्या कम हो रही है। इससे आरक्षण भी कम हो रहा है। हर धर्म का अपना धर्म और पहचान है,पर आदिवासियों की पहचान को मिटाया जा रहा है। 2011 में जनगणना हुआ जिसमें 44 लाख आदिवासियों की संख्या थी। जिसे अन्य कोटि गणना लिस्ट से वर्ष 2021 में बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि सरना कोड देकर रहना पड़ेगा, इसके लिए लड़ने के लिए तैयार हो जाएं। डिलिमिटेशन एक्ट के माध्यम से आदिवासी समाज का सीट कम किया जा रहा है। 2006 में इस एक्ट को लागू करके आरक्षण समाप्त किया जा रहा है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रहे आदिवासी छात्र संघ के शिवराम कच्छप ने कहा कि प्रजातंत्र है। राजतंत्र नहीं है। राजतंत्र तो खत्म हो गया पर अभी भी राजतंत्र नहीं हटा है। अब राजा का बेटा राजा नहीं होगा। अब समाज जिसको चुनेगा वही राजा होगा। कोंग्रेस देश में 60 साल तक राज्य किया है,परंतु आदिवासी समाज के विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी का एक हितैसी चमरा लिंडा को नादान बोलता है। उस आदमी को सोचना चाहिए कि आज सरना कोड उसके जबान में है तो चमरा लिंडा की देन है। चमरा लिंडा ने ही राज्य में आदिवासी समाज के धार्मिक, संस्कृति, सभ्यता, पहचान व प्रथा को पुनर्जीवित किया है।

# सिमडेगा के विभिन्न मंडलो में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खूंटी लोकसभा चुनाव के निमित्त सिमडेगा के विभिन्न मंडलो पालोकोट बीरू कुरडेग केरसई ठेठईटांगर बोलबा कोनपाला मंडलो में भाजपा का चुनावी कार्यालय खुला। सेवई मंडल में भाजपा चुनावी कार्यालय का उदघाटन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि पूरे देश मे भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी की लहर है,देश अभकी बार 400 पार का नारा लगा रहा है, हम सब भी मिलकर खूंटी से एक कमल का फूल दिल्ली भेजने का कार्य करें।पलकोट चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए सिमडेगा विधानसभा प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा के एक एक कार्यकर्ता अपने आप को नरेंद्र मोदी मानकर चुनावी समर में कूद जाए पूरे देश की तरह खूंटी लोकसभा की जनता को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं लोकप्रिय सांसद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर भरोसा है दूसरी बार खूंटी लोकसभा से अर्जुन मुंडा की ऐतिहासिक जीत तय है कार्यकर्ता बूथों पर जाकर पन्ना प्रमुखों से बैठक कर मतदान प्रतिशत बढाने का कार्य करें। कुरडेग एवं केरसई मंडल चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री सह विधानसभा संयोजक विमला प्रधान ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की जीत सुनिश्चित देखकर विपक्ष बौखला गया है और वह देश में लोगों को आरक्षण खत्म कर देने का भय पैदा कर रहा है यह सरासर झूठ है कार्यकर्ताओं को इंडी गठबंधन के झूठ का पर्दाफाश करने की जरूरत है लोगो को बताए कि झारखंड की संस्कृति है कि यहां के मूलवासी आदिवासी मिलजुल कर रहते हैं, आने वाले 13 मई को प्रधानमंत्री मोदी जी के आवाहन पर भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को अपना बहुमूल्य मत देखा उन्हें दिल्ली पुनः भेजने का काम करें। कुरडेग केरसई के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते हुए सांसद प्रतिनिधि सह विधानसभा सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि यह चुनावी समय एक दूसरे से समन्वय बना कर काम करने का समय है प्रधानमंत्री जी सोच और उनके कार्यो को जन जन तक जाकर लाभार्थियों से मिलकर मोदी जी का प्रणाम पहुंचा कर लोगो को भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। बीरू मंडल कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूर्व उपायुक्त सह भाजपा नेता विजय कु सिंह ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में देश आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है दुश्मन देश आज भारत की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देख सकता है यह है आपकी एक-एक वोट की ताकत इसलिये तीसरी बार मोदी सरकार के लिए भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को जीतने का संकल्प ले कार्यकर्ता बीरू एवं केरसई मंडल कार्यालय का उदघाटन मौके पर पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि मंडल के सभी पदाधिकारी एक एक बूथ को गोद ले लें और हर बूथ में कम से कम 370 वोट पाने का लक्ष्य निर्धारित करें लोगो के बीच जाकर केंद्र सरकार के कल्याणकारी कार्यो को बताने का भी कार्य करें और अर्जुन मुंडा एवं कमल फूल छाप में वोट दिलाने का संकल्प लें केरसई कुरडेग चुनावी कार्यालय का उदघाटन करते हुए केरसई मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि मंडल कार्यकर्ता शक्तिकेन्द्र एवं बूथ तक जाकर बूथ समिति को वेरीफाई करें और बूथ कमिटी को सशक्त करें।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
# प्रभात मंत्र
लोकसभा चुनाव 2024
रांची, शुक्रवार, 03 मई 2024 | पेज 12

## प्रथम महापौर अरुणा शंकर का चैनपुर में मैके की तरह हुआ स्वागत

# अपने मायके भाई के लिए वोट मांगने आई हूं : अरुणा शंकर

**4 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में चियांकी आने का दिया आमंत्रण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंजाबी ढोल बाजा के साथ चैनपुर बाजार एवं मोहल्ले का भ्रमण करते हुए सभी माताओ, बहनों, व्यवसाइयों एवं युवाओं को 4 तारीख की सुबह 8 बजे चियांकि हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की सभा में आने को आमंत्रण दिया। साथ ही 13 तारीख को कमल पर बटन दबाकर भारी मतों से बड़े भाई वीडी राम को अपार मतों से जिताने की अपील की। इस आमंत्रण यात्रा में प्रथम महापौर के साथ शहर एवं चैनपुर के सैकड़ो व्यवसाइयों एवं महिलाओं का हुजूम था। सभी लोगों ने गर्मजोशी से प्रथम महापौर का स्वागत कहीं माला पहना कर तो कहीं महिलाओं ने गले मिलकर किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर, शाहपुर का प्यार मुझे मायके की याद दिलाता है। चैनपुर व शाहपुर की हर मां मुझे मां की तरह प्यार करती है। भाई, भाई की तरह और बहनें दीदी की तरह। उसी अधिकार से मैं अपने बड़े भाई बीडी राम के लिए अपने मायके आज वोट मांगने आई हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार हमें संसद नहीं, अपने बड़े भाई को पिछली बार से ज्यादा वोट दिला कर मंत्री बनाना है।

ताकि हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो। साथ ही हमारे युवा भाई, बहनों को रोजगार के कई अवसर मिल सके। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में पारित की गई कई योजना में से चैनपुर में भी शहर के गांधी उद्यान की तरह सूर्य मंदिर तालाब का सुंदरीकरण, माताओ बहनों को छठ करने के लिए शानदार घाट, बच्चों,महिलाओं व बुजुर्गों के लिए पार्क एवं सुबह शाम टहलने के लिए ट्रैक बनने जा रहा है। टेंडर हो चुका है। चुनाव के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर काशी प्रसाद कमलापुरी, विजय प्रमुख, आनंद प्रसाद, अरविंद प्रसाद, चंदू गुप्ता, विजय माल्या, प्रदीप प्रसाद, श्याम कश्यप, कृष्णा सोनी, लक्ष्मी साह, अखिलेश जी एवं चेंबर के कई सदस्य उपस्थित थे।

## संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने लगाया चौपाल, मत प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

# सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान करना अतिआवश्यक : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : लोकतंत्र के महापर्व में 18वें लोकसभा के चुनाव का झारखंड में प्रथम चरण का मत 13 मई को पड़ना है। मत प्रतिशत बढ़ाने या यूं कहें तो 80 फीसदी के पार मतदान कराने को लेकर संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया। शिक्षकों को संबोधित करते संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में ही हमारी आजादी है। लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही सशक्त होगा।

अतः मतदान के दिन सारे काम-काज छोड़कर पहले मतदान करें, तब जलपान करें, क्योंकि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महादान करना अतिआवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखनेवाले हर नागरिक से अपील है कि आप मतदान अवश्य करें और देश को सशक्त और अखंड बनाने अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने हुए हमारे प्रतिनिधि संघीय ढांचे को सुदृढ़ बनाते हुए देश के बड़े पंचायत घर से जनता के भाग्य को लिखते हैं, इसलिए हम मतदाताओं को न झांसे में पड़ने की जरूरत है, न बिकने की जरूरत है, बस निडर होकर मतदान करने की जरूरत है। जब हम निष्पक्ष मतदान करेंगे, तब हमारा संविधान निष्पक्ष रूप से काम करेगा। पुनः आप सबों से अपील है कि तपती धूप के बीच 13 मई को सुरक्षित सबसे पहले घर से निकलें और मतदान केंद्र पर जाएं और निष्पक्ष मतदान करें।

लोकतंत्र के पर्व को शानदार तरीके से सेलिब्रेट करें।

# हैदराबाद के बेताज बादशाह असदुद्दीन ओवैसी को इस बार मिल रही है कड़ी टक्कर





**एजेंसी**

**हैदराबाद :** चार बार के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद लोकसभा का चुनाव कभी लड़े नहीं, बस जीते ही हैं। जीत का अंतर भी लाखों में। कोई पार्टी उनके सामने इतना दमदार उम्मीदवार ही नहीं उतार पाई कि उन्हें चुनाव लड़ना पड़ता। तभी, वह 20 साल से अजेय हैं। उनके पिता भी 20 साल तक यूं ही जीतते आए थे। हालांकि, इस बार का मामला अलग है। उनका सीधा मुकाबला भाजपा की डॉ. माधवी लता से है। वह राजनीति में नई हैं, लेकिन वाकपटुता में निपुण। तभी, पांचवीं बार जीतने के लिए ओवैसी को डटकर चुनाव लड़ना पड़ रहा है। हैदराबादियों का ओवैसी परिवार की तीन पीढ़ियों से सियासी रिश्ता है। मौजूदा सांसद ओवैसी के दादा अब्दुल वाहिद ओवैसी ने 1957 में हैदराबाद नगर निगम से सियासत शुरू की थी। उन्होंने बिखरी पड़ी मजलिस और कौम को एक सूत्र में पिरोया। ओवैसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन ओवैसी 1980 से 1999 तक लगातार छह बार सांसद चुने गए। ओवैसी की सियासी राह हमेशा फूलों से ही भरी रही। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बताते हैं कि ओवैसी के पिता को 1996 में भाजपा के वेंकैया नायडू और 1999 में बी.बाल रेड्डी से तगड़ी चुनौती मिली थी। फिर, फासला बढ़ता गया। 2008 में हैदराबाद सीट का परिसीमन हुआ और ग्रामीण अंचल के तंदूर, विकाराबाद और चेवल्ला विधानसभा क्षेत्र कट गए। इससे हैदराबाद सीट पुराने शहर तक सिमट गई। यहां से उन्हें हरा पाना बेहद कठिन है। इस तर्क के पीछे मजबूत वजह यह है कि हैदराबाद की सात विधानसभा सीटों में से छह पर ओवैसी की पार्टी ही काबिज है। उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी यहीं की चंद्रयानगुट्टा से विधायक हैं। भाजपा सिर्फ गोशामहल से जीती, जहां के विधायक टी. राजा सिंह खुद लोकसभा का टिकट मांग रहे थे, लेकिन पार्टी ने डॉ. माधवी लता को दे दिया। इससे वह जाहिरा तौर पर नाखुश हैं। भाजपा के लिए चुनौती यही नहीं है। ओवैसी की पिछले चुनाव में ढाई लाख मतों से जीत हुई थी। इस खाई को पाटना आसान नहीं है। माधवी लता आरोप लगा रही हैं कि ओवैसी फर्जी मतों के सहारे जीतते आए हैं। हालांकि, इस बार हजारों की संख्या में वोट काटे भी गए हैं। बावजूद इसके ओवैसी की ताकत का विरोधियों को पूरा अंदाजा है। तभी, माधवी लता के नामांकन के लिए केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रोड शो भी किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रबुद्ध सम्मेलन तक कर चुके हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं के कार्यक्रम भी तय हैं। साफ है कि ओवैसी के लिए भाजपा खुला मैदान नहीं छोड़ने वाली। ताजा चुनौतियां ओवैसी भी समझ रहे हैं। तभी, समर्थकों का उत्साह बरकरार रखने के लिए पहली बार उन्होंने जुलूस निकालकर नामांकन किया। गली-गली प्रचार के दौरान बीफ शॉप जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। इसकी आलोचना हुई, तो सफाई में कहा कि वह इडली शॉप जिंदाबाद भी कहते हैं। चुनावी माहौल गरमाने से उनके समर्थक जोश में हैं।

### माधवी लता का तीर सबको चुभा

रामनवमी के दिन बेगम बाजार इलाके में माधवी लता के तीर की गूंज चौतरफा है। इस तीर को अपने चुनावी तरकश पर रखते हुए ओवैसी ने भाजपा पर निशाना साधा। कहा, यह भाजपा की घृणा फैलाने वाली मानसिकता का सबूत है। वैसे, इस तीर की चुभन माधवी लता को भी महसूस हो रही है। उन्होंने इसे 'अमन का तीर' बताकर सफाई दी, माफी तक मांगी। हुंकार भरने वाली माधवी के नरम पड़ने की वजह पसमांदा मुसलमान हैं, जिनका समर्थन पाने की वह जद्दोजहद में लगी हैं।

### डमी ही दिखे कांग्रेस बीआरएस प्रत्याशी

ओवैसी को भाजपा की बी-टीम बताने वाली कांग्रेस उनके खिलाफ कभी मजबूत प्रत्याशी नहीं उतार पाई। यही स्थिति बीआरएस की भी रही है। कहा जाता है कि ओवैसी खुलेआम कुछ भी कहें, तेलंगाना में जिसकी सरकार होती है, उससे मिलकर ही चलते हैं। पहले बीआरएस के करीब थे, अब कांग्रेस के हैं। माधवी लता कहती हैं, कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष मो. वलीउल्लाह समीर को डमी रूप में ही उतारा है। बीआरएस से जी. श्रीनिवास यादव भी बस नाम के ही प्रत्याशी हैं।

# लोकसभा निर्वाचन के जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा : के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान भी चल रहा है।निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ अपने आस-पास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन में राज्य के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। ये हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों द्वारा स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा का समापन चार जून को कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा : अमित शाह



**एजेंसी**

**बरेली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इस पार्टी के शहजादे राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी मगर इसका समापन अगली चार जून को कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा.अमित शाह ने बरेली से बीजेपी के उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा, हमारे सामने यह घमंडिया गठबंधन 'इंडी चुनाव लड़ रहा है. इनके शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा से की थी. मगर मैं आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा से की गई थी मगर चार जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होने वाला है.उन्होंने दावा किया,दो चरण के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन से भी नजर में नहीं आ रही है और नरेन्द्र मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं.शाह ने कहा,यह चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है. यह चुनाव हमारे देश के अर्थ तंत्र को संसार का तीसरे नंबर का अर्थ तंत्र बनाने का चुनाव है. यह चुनाव तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है. यह चुनाव आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है।गृह मंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर भी कांग्रेस की आलोचना की. उन्होंने आरोप लगाया,70 साल से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मसले को अटका रही थी, भटका रही थी, लटका रही थी. आपने नरेन्द्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, तब मोदी ने पांच ही साल में केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को प्राण–प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया.उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, उनकी पत्नी डिंपल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मंदिर निर्माण ट्रस्ट की ओर से निमंत्रण भेजे जाने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं गए क्योंकि उन्हें अपने 'वोट बैंक वालों का डर था कि अगर वहां जाएंगे तो वोट नहीं मिलेगा. शाह ने कहा,आपको मालूम है ना कि कौन सा वोट बैंक है उनका? अमित शाह ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा,अखिलेश जी खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं और सोनिया जी बेटे (राहुल गांधी) को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं. जो अपने बेटे, बेटी, पत्नी, भाई, भतीजे को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजनीति में हो, वह बरेली के युवाओं का भला कैसे कर सकता है? उनका भला केवल और केवल गरीब घर से आए हुए नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं.

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
**सूचना**

**Heat Wave** से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य स्थलों पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:–

1. कार्य स्थल पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छांछ **First Aid Kit with Ice Pack** के साथ पर्याप्त मात्रा में **ORS** की व्यवस्था कराना।
3. **Peak Hour** में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं **Medical Condition** वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिश–निर्देश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को **Heat Wave Alert** की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में **Heat Wave** से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के Do's & Don'ts for Heat wave का भी अनुपालन किया जाना है।

PR-324325(Labour Employment and Traning)24-25